अंक 21

सत्र 2017-18

ऋतम्भरा

दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय

अनूपशहर, बुलन्दशहर (उ.प्र.)

(चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध)

(NAAC ACCREDITED COLLEGE WITH CGPA 2.71)

Web.: www.dpbscollegeanoopshahr.org • E-mail : mails_principaldpbs@rediffmail.com • Phone : 05734-275450

॥ वन्दना ॥

हे हंस वाहिनी ज्ञान-दायिनी,
अम्ब विमल-मति दे, अम्ब विमल-मति दे॥
जग सिरमौर बनायें भारत,
वह बल विक्रम दे, अम्ब विमल-मति दे॥
साहस शील हृदय में भर दे,
जीवन त्याग तपोमय कर दे॥
संयम सत्य स्नेह का वर दे,
स्वाभिमान भर दे, अम्ब विमल-मति दे॥
लव-कुश ध्रुव प्रहलाद बनें हम,
मानवता का त्रास हरें हम।
सीता सावित्री दुर्गा माँ,
फिर घर घर भर दे, अम्ब विमल-मति दे॥
हे हंस वाहिनी ज्ञान दायिनी,
अम्ब विमल-मति दे, अम्ब विमल-मति दे॥

सम्पादक मण्डल

डॉ॰ यू॰ के॰ झा
(प्राचार्य/संरक्षक)

डॉ॰ (श्रीमती) चन्द्रावती
(प्रधान सम्पादक)

श्री सीमान्त कुमार दुबे
(सम्पादक)

डॉ॰ भुवनेश कुमार
(सम्पादक)

डॉ॰ एस॰ के॰ सिंह
(सम्पादक)

डॉ॰ विशाल शर्मा
(सम्पादक)

मानसी गर्ग
(बी.एस-सी. तृतीय वर्ष)

गौरव कौशिक
(बी.सी.ए. तृतीय वर्ष)

हे कर्मनिष्ठ, हे धर्मनिष्ठ, तुम शासन प्रिय हे सेनानी,
तुम सदा कर्म में लीन रहे, सबके हित के तुम कल्याणी।
तुम मरकर भी हो अमर सदा, जन-मन के हे तुम महाप्राण,
हम हैं श्रद्धांजलि अर्पित करते, शत प्रणाम, शत-शत प्रणाम।

श्रद्धेय स्व. श्री दुर्गा प्रसाद जी

श्रद्धेय स्व. श्री बलजीत सिंह जी

श्रद्धेय स्व. श्री भगवती प्रसाद गर्ग जी

A source of Eternal Inspiration

Shri Jaiprakash Gaur Ji

Founder Chairman, Jaypee Group
Managing Trustee, Jaiprakash Sewa Sansthan
President, Anglo Vedic Educational Association

On the path of progress, education is the medium that can allow our country to not only conserve its culture but also ignites the minds of our young countrymen and and empowering them to be at par with the citizens of other developed countries. Science & Technology in the 21st Century will unleash a revaluation of progress that is beyond our imagination today and which will transcend the limits of planet Earth to enable human beings to begin their tryst with the infinite universe.

We are determined to provide quality education to our students through the most modern educational institutions to make them financially empowered while shaping them into self reliant and confident citizens of modern India.

These institutions would strive to inculcate discipline and character building along with serious pursuit of knowledge, utilizing the most advanced teaching practices and high moral standards so that our teachers and students can stride forward and see the transformation of their country into an advanced nation within their lifetime.

Jai Prakash Gaur

Jaiprakash Gaur

महाविद्यालय प्रबन्ध कार्यकारिणी

श्री अजय गर्ग
(अध्यक्ष)

श्री विकास कुमार
(उपाध्यक्ष)

डॉ. के. पी. सिंह
(सचिव)

श्री रवि परमार
(संयुक्त सचिव)

श्री सुरेश चन्द जिन्दल
(कोषाध्यक्ष)

श्री सुनील गुप्ता
(आंतरिक लेखा परीक्षक)

श्री एस.पी.एस. तोमर
(सदस्य)

डॉ. सुधीर कुमार
(सदस्य)

कमाण्डर एस. जे. सिंह
(सदस्य)

डॉ. यू. के. झा
प्राचार्य (पदेन)

डॉ. वी. के. गोयल
(प्राध्यापक प्रतिनिधि)

श्री सुनील कुमार गर्ग
(तृतीय श्रेणी कर्मचारी प्रतिनिधि)

योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश

लाल बहादुर शास्त्री भवन,
लखनऊ

दिनांक : 06.12.2017

संदेश

हर्ष का विषय है कि दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अनूपशहर, बुलन्दशहर द्वारा अपनी पत्रिका **'ऋतम्भरा'** का प्रकाशन किया जा रहा है।

शिक्षण संस्थाओं की पत्रिकाएं संस्थान की शैक्षिक, सांस्कृतिक तथा अन्य गतिविधियों की जानकारी प्रदान करने के साथ ही विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा अभिव्यक्त करने का मंच भी प्रदान करती हैं। मैं आशा करता हूँ कि पत्रिका में पाठकों के लिए उपयोगी सामग्री का समावेश किया जायेगा।

वार्षिक पत्रिका के उद्देश्यपरक प्रकाशन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

(योगी आदित्यनाथ)

MANOJ GAUR
Executive Chairman

JAIPRAKASH
ASSOCIATES LIMITED

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता है कि दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अनूपशहर, अपनी उत्कृष्ट शैक्षिक परम्परा के अनुरूप अपनी वार्षिक पत्रिका **'ऋतम्भरा'** का इक्कीसवाँ अंक प्रकाशित करने जा रहा है। 'सूचना क्रांति' के इस युग में जब रोज नये-नये अन्वेषण हो रहे हैं और नई-नई घटनायें घटित हो रही हैं, अपने ज्ञान के स्तर को अद्यतन रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है— विशेषकर उन ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों में जहाँ इंटरनेट की सुविधा आज भी सीमित है। ऐसे में पत्र-पत्रिका ज्ञान को समृद्ध करने का एक सशक्त माध्यम है, बशर्ते कि इसमें परम्परागत विषयों के साथ-साथ सम-सामयिक घटनाओं, प्रवृत्तियों एवं अन्वेषणों का जिक्र हो। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि यह पत्रिका हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप प्रकाशित होगी। इस अवसर पर मैं महाविद्यालय प्रबन्धतंत्र के सदस्यों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ।

प्राचार्य
दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह पी.जी. कॉलिज
अनूपशहर, बुलन्दशहर

मनोज गौड़

JAYPEE GROUP

Corp. & Regd Office : Jaypee Greens Wish Town, Sector-128, Noida - 201 304, Uttar Pradesh (India)
Ph.: +91 (120) 4963100 Direct : +91 (120) 4972140 / 4972141
Fax : +91 (120) 4963122 E-mail : manoj.gaur@jalindia.co.in
Delhi Office : JA House 63, Basant Lok, Vasant Vihar, New Delhi-110 057 (India)
CIN : L14106UP1995PLC019017 Website : www.jalindia.com

Sunil Sharma
Executive Vice Chairman

MESSAGE

JAIPRAKASH
ASSOCIATES LIMITED

It gives me great pleasure to know that Durga Prasad Baljeet Singh (P.G.) College, Anoopshahr, is about to publish the 21st edition of its house magazine 'Ritambhara'.

It is heartening to note that the tradition of publishing 'Ritambhara' your annual publication, has always been more than just a ritual, made possible by enthusiastic participation of the talented students and able faculty. I am upbeat that we are going to see yet another impressive edition of 'Ritambhara', enriched with wide range of creative expressions.

What is more admirable is that, for years now, D.P.B.S. (P.G.) College has been acting as an enabler for the students of Anoopshahr and its surrounding areas to realize their dream of achieving success in life through higher education. In the same vein, I would also urge the College authorities and the faculty to do everything possible to sustain its competitive edge by deftly adopting modern tech tools in teaching.

It is important for the students to make the best use of the available resources that the College is offering and equally important for the faculty to keep raising the bar for teaching standards in tune with the changing times, to remain relevant & up-to-date.

I also take this opportunity to acknowledge the efforts which went into publication of this magazine, and also wish the College, its students & faculty all the very best in their efforts to achieve all-round excellence.

With the Best Wishes.

S. K. Sharma

SUNIL KUMAR SHARMA

JAYPEE GROUP

Regd. & Corporate Office :
Sector 128, Noida - 201304, Uttar Pradesh (India)
Ph.: +91 (120) 4609000, 2470800 Direct : +91 (120) 2465504
Fax : +91 (120) 4609496, 4609464, Email: sunil.sharma@jalindia.co.in

COMMANDER SJ SINGH NM
PRESIDENT (EDUCATION)

संदेश

आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में शिक्षा विशेषकर उच्च शिक्षा का महत्व सर्वाधिक है क्योंकि एक शिक्षित-प्रशिक्षित मानव संसाधन के बदौलत ही कोई देश विकास के पथ पर अग्रसर हो सकता है। हमारे देश में सभी स्तर के शैक्षिक संस्थानों का मात्रात्मक रूप से तो तीव्र गति से विकास हुआ है, लेकिन गुणात्मक रूप से जिस गति से विकास होना चाहिए था, उतना नहीं हो पाया है। यही कारण है कि 'ग्लोबल रैंकिंग' में हमारी शिक्षण संस्थाओं का स्थान काफी नीचे है। ऐसे में विचारणीय प्रश्न ये है कि शैक्षिक संस्थानों की गुणवत्ता को कैसे बढ़ाया जाये?

शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु यह अत्यन्त आवश्यक बन पड़ा है कि हम अपने शिक्षण संस्थानों में तकनीक जैसे– इंटरनेट, यू ट्युब और मुक्त पाठ्यक्रमों के माध्यम से शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ायें। मुझे पूर्ण विश्वास है कि डी.पी.बी.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य और प्राध्यापकगण इस संदर्भ में महत्वपूर्ण व ठोस प्रयास करें।

मेरा यह मानना है कि शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि केवल किताबी ज्ञान से संभव नहीं है बल्कि इसके लिए आवश्यकता है विद्यार्थियों के बहुमुखी प्रतिभा को विकसित करने की, पत्र-पत्रिका एक ऐसा सशक्त माध्यम है जो इस उद्देश्य की प्राप्ति में सहायक सिद्ध हो सकती है।

दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अनूपशहर द्वारा वार्षिक पत्रिका ऋतम्भरा का नियमित प्रकाशन एक सराहनीय प्रयास है। मैं पत्रिका के इक्कीसवें अंक के सफल प्रकाशन की कामना करते हुए प्राचार्य, संपादकीय मंडल के सदस्यों तथा विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ।

सुरेन्द्रबीर सिंह

चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय
मेरठ- 250 004 (उ.प्र.)

पत्रांक : एस.वी.सी./20/825 दिनांक : 01.01.2018

प्रोफेसर नरेन्द्र कुमार तनेजा
पी-एच.डी. (अर्थशास्त्र)
कुलपति

संदेश

जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अनूपशहर (बुलन्दशहर) द्वारा महाविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2017-18 की वार्षिक पत्रिका 'ऋतम्भरा' का प्रकाशन किया जा रहा है। विश्वास है कि यह पत्रिका ज्ञानोपयोगी एवं रोजगारोन्मुख उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित करेगी। महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को मानसिक एवं बौद्धिक रूप से सुदृढ़ बनाने हेतु किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है।

महाविद्यालय परिवार को पत्रिका प्रकाशन करने हेतु शुभकामनायें।

डॉ. यू. के. झा
दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महाशय दुर्गा प्रसाद मार्ग, अनूपशहर-202390 (बुलन्दशहर)

नरेन्द्र तनेजा
(प्रो. एन. के. तनेजा)

कुलपति आवास, विश्वविद्यालय परिसर
मेरठ-250 004

कार्यालय : +91-0121-2760554, 2760551, फैक्स : 2762838
शिविर कार्यालय : +91-0121-2600066, फैक्स : 2760577

वैबसाइट : ccsuniversity.ac.in
ई-मेल : vc@ccsuniversity.ac.in

Jaypee Institute of Information Technology

(Declared Deemed to be University u/s 3 of the UGC Act)

MESSAGE

It is indeed good to know the Durga Prasad Baljeet Singh (P.G.) College is going to publish the next issue of its annual magazine 'Ritambhara'. This will offer an opportunity to all the faculty members, students and staff of the college to contribute valuable articles of various kinds based on their experience and exposure in the college. They will also get a chance to provide feedback to the management of the college on various matters which they knwo and wish to attract the attention of the college authorities for improvement. The contributed articles like poems, stories, motivational write-ups etc. beyond college activities will enrich the quality of the magazine.

I would like to convey my appreciations to all those who are associated with the editing and publishing this magazine.

May God bless the college, its faculty, staff and administration and provide them zeal and great desire to take the college to next higher levels of quality education.

With best wishes and wishing you all a happy and prosperous New Year - 2018.

Saxena

Prof. (Dr.) S.C. Saxena
Vice Chancellor

A-10, Sector-62, Noida - 201309 (U.P.) India, Ph.: (91) 120-2400973-975 Fax : (91) 120-2400986 Website : www.jiit.ac.in

डॉ. राजेन्द्र पाल सिंह
निदेशक, उच्च शिक्षा

उच्च शिक्षा निदेशालय, उ० प्र०
इलाहाबाद

0532-2623874 (का.)
0532-2423919 (फैक्स)
0532-2256785 (आ.)
9415295755 (मो.)

संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्न्ता हो रही है कि दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह पी.जी. कॉलेज, अनूपशहर, बुलन्दशहर अपनी वार्षिक पत्रिका 'ऋतम्भरा' के इक्कीसवें अंक का प्रकाशन करने जा रहा है। जिसमें महाविद्यालय की वर्षभर की गतिविधियां तथा छात्र-छात्राओं की मौलिक रचनाओं यथा-निबन्ध, कविता, गीत, ग़ज़ल आदि का समावेश होगा।

शब्द को जब अनुभूति का स्पर्श मिलता है तो वह जीवन्त हो उठता है और मानवीय संवेदनाएँ जब शब्दों का जामा पहन लेती हैं तो नैतिकता की अभिव्यक्ति होती है। युवा विद्यार्थी अपनी सोच को, अनुभूति एवं संवेदनाओं की कहानी, कविता एवं लेखों के माध्यम से व्यक्त करते हैं। युवा वर्ग की सोच की दिशा एवं दशा पर परिवेश का प्रभाव पड़ता है और उसकी दिशा एवं दशा से देश की दिशा एवं दशा का निर्धारण होता है। अतः युवा विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति से भावी समाज और देश की दिशा एवं दशा का आभास होता है।

आशा है कि 'ऋतम्भरा' के इक्कीसवें अंक के प्रकाशन से शिक्षकों को विद्यार्थियों के अन्तर्मन की टोह मिलेगी, जिससे अध्यापन को राह मिलेगी और प्रतिफल में हमारे युवा सही पथ के पथिक बनेंगे।

पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

(डॉ. आर. पी. सिंह)

प्राचार्य, दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह पी.जी. कॉलेज, अनूपशहर, बुलन्दशहर।

प्रोफेसर (डॉ.) राजीव कुमार गुप्ता
(एम.कॉम., एल-एल.बी., पी-एच.डी., एम.बी.ए., एम.जे.)

दूरभाष :
0121-2400444, 09868106027
Office : Regional Higher Education Officer,
E-mail: rheomeerut@yahoo.com
www.rheomrt.org

संदेश

महोदय,

महाविद्यालय पत्रिका का प्रकाशन सामूहिक प्रयास से संभव हो पाता है। यह पत्रिका महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकगण की रचनात्मक भूमिका का एक सराहनीय प्रयास है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि 'ऋतम्भरा' पत्रिका समयान्तर्गत प्रकाशित होकर प्रत्येक विद्यार्थी को पढ़ने को उपलब्ध हो पायेगी तथा पाठकों को रूचिकर तो लगेगी ही, साथ में देश और समाज के लिये कुछ करने की प्रेरणा भी देगी और सभी विद्यार्थियों को आभास भी करायेगी कि जीवन में सामूहिक प्रयासों से विशाल से विशाल लक्ष्य भी प्राप्त किये जा सकते हैं।

महाविद्यालय परिवार और विद्यार्थियों को प्रेरणादायी और समाजोपयोगी पत्रिका के प्रकाशन के लिये बधाई देता हूँ।

शुभकामनाओं सहित।

(राजीव कुमार गुप्ता)

डॉ. चन्द्रावती
प्रधान सम्पादक,
दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह पी.जी. कॉलेज, अनूपशहर, बुलन्दशहर।

Dr. Bhola Singh
Mamber of Parliament
(Lok Sabha)
Bulandshahr U.P.

Member :
- Food & Consumer Affairs and Public Distribution Standing Committee
- Communication & Information Technology Consulting Committee
- Bureau of Indian Standards
- Aligarh Muslim University Court

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अनूपशहर सत्र 2017-18 में वार्षिक पत्रिका 'ऋतम्भरा' का इक्कीसवां अंक प्रकाशित कर रहा है। निश्चित ही यह पत्रिका ज्ञानोपयोगी रोजगारन्मुख उच्चशिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों को अपने विचार प्रकट करने का अवसर प्रदान करेगी तथा मानवीय एवं सामाजिक मूल्यों को विकसित करने में सहायक सिद्ध होगी।

मैं पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु प्राचार्य, सम्पादक मण्डल, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामना एवं हार्दिक बधाई देता हूँ।

भवदीय

डॉ. भोला सिंह

14-B, Ferozeshah Road, New Delhi-110 001 Tel.: (O) 011-23731276, Fax : 011-23731277
A-74, Yamuna Puram, Bulandshahr-203001, U.P. Tel.: 05732281111

संजय शर्मा विधायक
अनूपशहर, जिला-बुलन्दशहर
मो.: 9818326000, 8887150867

क. 6 No. 080361

दूरभाष : 6.1.2018

संदेश

मेरे लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि अनूपशहर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अपनी वार्षिक पत्रिका 'ऋतम्भरा' का इक्कीसवां अंक प्रकाशित करने जा रही है। पत्र-पत्रिका एक विचार मंच है जो विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को अपनी भावात्मक एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करती है। आज के इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में यह आवश्यक है कि हमारे युवा न केवल अपने विषय वस्तु के ज्ञान से सुसज्जित हों, बल्कि उनमें अपेक्षित कार्य को उत्कृष्टतम ढंग से सम्पादित करने का कौशल भी हो। यही कारण है कि हमारे केन्द्र एवं राज्य की सरकारें परम्परागत एवं औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास पर पर्याप्त ध्यान दे रही है। मैं इस पत्रिका के माध्यम से विद्यार्थियों को यही संदेश देना चाहूंगा कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु कठिन परिश्रम करें, अनुशासित रहें, सतत् जागरूक रहें तथा शासन स्तर पर युवाओं के लिए जो भी योजनायें चलायी जाती हैं उसका भरपूर लाभ उठायें।

पत्रिका के सफल प्रकाशन की कामना करते हुए मैं महाविद्यालय प्रबंध तंत्र के सभी सम्मानित सदस्यों, महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ।

(संजय शर्मा)
विधायक, विधानसभा क्षेत्र, अनूपशहर

दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय

महाशय दुर्गा प्रसाद मार्ग, अनूपशहर (बुलन्दशहर) उ.प्र.-203390
(सम्बद्ध चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ)
Web.: www.dpbscollegeanoopshahr.org • E-mail : mails_principaldpbs@rediffmail.com • Phone : 05734-275450
NAAC Certification Grade B (CGPA 2.71)

संदेश

अजय गर्ग
अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति

दिनांक : 08.01.2018

मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अनूपशहर, अपनी वार्षिक पत्रिका 'ऋतम्भरा' का इक्कीसवाँ अंक प्रकाशित करने जा रहा है। सदैव की तरह यह पत्रिका विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उत्कृष्ट रचनाओं से परिपूर्ण होगी तथा 'ऋतम्भरा' का यह अंक विद्यार्थियों एवं समाज को नई दिशा प्रदान करेगा।

इस अवसर पर मैं पत्रिका के सफल प्रकाशन की कामना करते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

(अजय गर्ग)

संदेश

डॉ. के. पी. सिंह
सचिव, प्रबन्ध समिति

दिनांक : 09.01.2018

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता है कि दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अनूपशहर अपनी वार्षिक पत्रिका 'ऋतम्भरा' का इक्कीसवाँ अंक प्रकाशित करने जा रहा है। मुझे विश्वास है कि यह पत्रिका विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन करने के साथ-साथ उनकी साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रतिभा को विकसित करने में भी सहायक होगी।

यह महाविद्यालय अनुशासन व शिक्षण की दृष्टि से अपना विशिष्ट स्थान रखता है। मुझे पूर्ण आशा है कि महाविद्यालय अपनी विशिष्टता को कायम रखते हुए उच्च शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाने के गुरूत्तर दायित्व का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी व लगन से करता रहेगा। दृढ़ इच्छा शक्ति, कठिन परिश्रम एवं लगन के द्वारा जीवन में किसी भी लक्ष्य को सुगमता से प्राप्त किया जा सकता है।

मैं पत्रिका के सफल प्रकाशन की कामना करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को अपनी हार्दिक बधाई देता हूँ।

शुभकामनाओं सहित।

(डॉ. के. पी. सिंह)
सचिव, प्रबन्ध समिति

प्राचार्य का उद्‌बोधन...

वार्षिक पत्रिका 'ऋतम्भरा' का नियमित प्रकाशन हमारे महाविद्यालय द्वारा स्थापित श्रेष्ठ परम्पराओं में से एक है और मुझे यह खुशी है कि मैं इस परम्परा से लम्बे अर्से से सम्बद्ध रहा हूँ। दिनाँक 25 अक्टूबर 2017 से मुझे 'कार्यवाहक प्राचार्य' का दायित्व सौंपा गया है और एक प्राचार्य के रूप में मेरी यही कोशिश है कि मैं महाविद्यालय की 'शैक्षिक गुणवत्ता' को उच्चतम स्तर तक पहुँचा सकूँ। मेरा यह मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ डिग्री प्राप्त करना नहीं है बल्कि समय की माँग के अनुरूप ज्ञान के स्तर को अद्‌यतन रखते हुए एक ऐसे व्यक्तित्व का निर्माण करना है जिसमें आधुनिक युग की चुनौतियों का सामना करने तथा वैश्विक स्तर पर उत्पन्न नये अवसरों का लाभ उठाने की क्षमता हो। मुझे यह खुशी है कि हमारे महाविद्यालय का 'कुशल प्रबन्ध तंत्र' महाविद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु निरन्तर कृतसंकल्प है और अगर इसी तरह मुझे सभी का सहयोग मिलता रहा तो मैं अपने नये प्रशासनिक दायित्व का निर्वहन अपेक्षाओं के अनुरूप कर पाऊँगा।

'ऋतम्भरा' के इक्कीसवें अंक के सफल प्रकाशन की कामना करते हुए मैं सम्पादक मण्डल के सभी सदस्यों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को अपनी हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ।

Uha

(डॉ. यू. के. झा)

प्राचार्य

प्रधान सम्पादक की कलम से...

"ऋत" का तात्पर्य यथार्थ से एवं "भरा" का तात्पर्य धारण से है, इस प्रकार ऋतम्भरा का भावार्थ 'यथार्थ को धारण करने वाली वाली' अर्थात 'सत्य का बोध कराने वाली' है। महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'ऋतम्भरा' अपने शीर्षक को सार्थक कर सके इसी आशा के साथ इसका इक्कीसवाँ अंक आप सभी को समर्पित करते हुए मुझे अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है। वास्तव में पत्र, पत्रिकाएँ और स्मारिकाएँ मानव की आत्मिक व बौद्धिक अभिव्यक्तियों की परिचायक होती है। इसी भाव को अन्तःकरण में समेटे हुए 'ऋतम्भरा' को शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने अपनी बौद्धिक अभिव्यक्तियों एवं अनुभवों से सजाया व सवांरा है। ऋतम्भरा महाविद्यालय की प्रगति एवं अनुभवों एवं विभिन्न शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक गतिविधियों की परिचायक बन सके इसके लिए पूर्ण प्रयास किया गया है।

वर्तमान, समय में किसी भी व्यक्ति की वास्तविक संपत्ति उसमें निहित ज्ञान व कौशल ही है। यदि व्यक्ति में ज्ञान और कौशल है तो वह व्यक्ति अपने पारिवारिक, सामाजिक व लोकतान्त्रिक दायित्वों के मध्य उत्कृष्ट सामंजस्य स्थापित कर राष्ट्र के विकास में अपना अमूल्य योगदान दे सकता है। निश्चित ही ऋतम्भरा का यह अंक छात्र-छात्राओं एवं पाठकों में ज्ञान, कौशल व तकनीकी की महत्ता की समझ विकसित करने में तथा राष्ट्र के सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं नैतिक विकास में अपना योगदान देने हेतु प्रेरित करने में सक्षम होगा।

ऋतम्भरा के इक्कीसवें अंक को इस रूप में संवारने में मुझे पत्रिका के संरक्षक प्राचार्य डॉ. यू. के. झा तथा सम्पादक मण्डल के सभी सदस्यों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके लिए मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। पत्रिका को अपनी अभिव्यक्तियों, अनुभवों से युक्त रचनाओं के द्वारा समृद्ध बनाने वाले सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों की आभारी हूँ। साथ ही मैं महाविद्यालय प्रबन्धतंत्र के सम्मानित सदस्यों एवं उन सभी विद्वतजनों की आभारी हूँ जिन्होंने अपने शुभ सन्देश देकर हम सभी का उत्साहवर्धन किया है। अंत में मैं डी.के. पब्लिशर्स एवं प्रिंटर्स, नई दिल्ली का आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप 'ऋतम्भरा' को मुद्रित किया।

Chandravati

डॉ. (श्रीमती) चन्द्रावती

प्रधान सम्पादक

प्राध्यापक मण्डल (वित्त पोषित)

बाँये से दाँयें : श्री सीमान्त कुमार दुबे, श्री यजवेन्द्र कुमार, डॉ. पी. के. त्यागी, डॉ. मुनेश कुमार, डॉ. यू. के. झा (प्राचार्य), डॉ. मुकेश गुप्ता, डॉ. वी. के. गोयल, डॉ. आर. के. अग्रवाल, डॉ. चन्द्रावती

प्राध्यापक मण्डल (स्ववित्त पोषित)

बाँये से दाँयें (बैठे हुए प्रथम पंक्ति) : डॉ. सुधा उपाध्याय, डॉ. घनेन्द्र बंसल, श्री मंयक शर्मा, श्री पंकज गुप्ता, डॉ. यू. के. झा (प्राचार्य), डॉ. के. सी. गौड़, डॉ. भुवनेश कुमार, डॉ. तरूण बाबू, डॉ. सुनीता गौड़

बाँये से दाँयें (बैठे हुए द्वितीय पंक्ति): डॉ. वीरेन्द्र कुमार, श्री रविकान्त गौड़, डॉ. एस. के. सिंह, श्री अमित कुमार सोम, श्री सचिन अग्रवाल, श्री सत्य प्रकाश गौतम, श्री देव स्वरूय गौतम, श्री गुरूदत्त शर्मा, डॉ. राजीव गोयल, डॉ. विशाल शर्मा

बाँये से दाँयें (खड़े हुए) : श्री सत्यपाल सिंह, श्री चन्द्र प्रकाश, श्री गौरव जैन, श्री अनुज कुमार बंसल, श्री ऋषभ वार्ष्णेय, कु. देवश्री, श्रीमती ममता शर्मा, कु. कुशमाण्डे आर्य

शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण (वित्त पोषित)

बाँये से दाँयें (बैठे हुए) : श्री पंकज शर्मा, श्री सुनील कुमार, श्री के. के. श्रीवास्तव, डॉ. यू. के. झा (प्राचार्य), श्री सुनील कुमार गर्ग (कार्यालय अधीक्षक), श्री अनिल कुमार अग्रवाल, श्री लक्ष्मण सिंह

बाँये से दाँयें (खड़े हुए) : श्री सुनील कुमार निर्मल, श्री कपूर चन्द्र, श्री गजेन्द्र सिंह, श्री अमरनाथ राय, श्री नारायण देव मिश्रा, श्री महेश चन्द्र, श्री डम्बर सिंह, श्रीमती पार्वती

शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण (स्ववित्त पोषित)

बाँये से दाँयें (बैठे हुए) : श्री प्रमोद कुमार, श्री दीपक कुमार शर्मा, श्री सुरेश रावत, डॉ. यू. के. झा (प्राचार्य), श्री विजय कुमार शर्मा, श्री जितेन्द्र कुमार, श्री चन्द्र पाल सिंह

बाँये से दाँयें (खड़े हुए) : श्री सुन्दर पाल, श्री मान सिंह, श्री अंकुर, श्री साहब सिंह, श्री नितिन कुमार, श्री विजय कुमार, श्री रामबाबू, श्री जगदीश, श्री सोनू कुमार, श्री सुबोध कुमार, श्री नेत्रपाल सिंह, श्री योगेश कुमार

14 जनवरी 2017
अनूपशहर

अनुक्रमणिका

1.	प्रगति आख्या (2017-18)	डॉ. उमेश कुमार झा, प्राचार्य	3
2.	मेरी नजर में मेरा कॉलेज	विपनेश सिंह, बी.एड. प्रथम वर्ष	5
3.	सफलता के सबक	डॉ. पी.के. त्यागी, विभागाध्यक्ष, सांख्यिकी विभाग	6
4.	भारतीय शिक्षाः नवीन युग का प्रारम्भ	डॉ. मुकेश गुप्ता, पूर्व प्राचार्य	8
5.	भविष्य के ऊर्जा स्रोत	डॉ. मुनेश कुमार, विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग	9
6.	मजबूत सपना	डॉ. भुवनेश कुमार, विभागाध्यक्ष, वणिज्य विभाग	11
7.	वृक्षों को बचाएं	सुनील कुमार गर्ग, कार्यालय अधीक्षक	12
8.	आर्थिक सुधारों का नतीजा	डॉ. वी. के. गोयल, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग	14
9.	आत्म ज्ञान की प्राप्ति	लक्ष्मण सिंह, कनिष्ठ सहायक	15
10.	हास्य कहानी	लोकेश कुमार, बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष	15
11.	कार्य की गरिमा-श्रम को अपने जीवन में अपनाएँ	साक्षी चौधरी, बी.कॉम. प्रथम वर्ष	16
12.	हँसो हसाँओ	श्रीकान्त शर्मा, बी.एस-सी. तृतीय वर्ष	16
13.	देश भक्तों को नमन	ऊषा कुशवाहा, बी. कॉम., तृतीय वर्ष	17
14.	हे शिक्षक तुम्हे नमन	रुबी कुमारी, बी.ए. द्वितीय वर्ष	17
15.	शैक्षिक नेतृत्व	डॉ. आर. के. अग्रवाल, एसोसिएट प्रोफेसर, गणित विभाग	18
16.	पढाई में मन कैसे लगायें	श्री यजवेन्द्र कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, भौतिकी विभाग	19
17.	जिन्दगी कैसी होती है	ज्योति कुमारी, बी.कॉम. प्रथम वर्ष	20
18.	शिक्षा	पायल, बी.कॉम. प्रथम वर्ष	20
19.	ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव	सीमान्त कुमार दुबे, विभागाध्यक्ष, शा. शिक्षा विभाग	21
20.	आत्म-परीक्षण	पूनम वर्मा, एम.ए., द्वितीय वर्ष (संस्कृत)	23
21.	हार में एक जीत है	सोनू कुमार, एम.एस-सी. प्रथम वर्ष (रसायन विज्ञान)	23
22.	हमारी राष्ट्र भाषाः हिन्दी	गीता भारद्वाज, एम.ए. (संस्कृत)	24
23.	बिटिया	प्रियंका रानी, बी.एड. द्वितीय वर्ष	24
24.	राष्ट्र ध्वज का मतलब	अनिल अग्रवाल, नैत्यिक लिपिक	25
25.	कॉलेज है आदर्श हमारा	गौरव कौशिक, बी.सी.ए. (तृतीय वर्ष)	26
26.	वाणिज्य और कैरियर	डॉ. तरुण बाबू, असिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य संकाय	27
27.	गुरू का महत्व	शीतल, बी. कॉम प्रथम वर्ष	28
28.	जहरीली हवा के खिलाफ	पंकज शर्मा, लैब असिस्टेंट, भौतिकी विभाग	29
29	सुविचार	विशाल शर्मा, बी.सी.ए. तृतीय वर्ष	30
30	उद्यमिता गिरें, उठें और फिर चलें	काजल चौधरी, बी.कॉम. प्रथम वर्ष	31
31.	आखिर क्यों?	प्रियंका शर्मा, एम.एस.सी. द्वितीय वर्ष (भौतिकी)	32
32.	अनमोल वचन	सचिन चौधरी, बी.कॉम, प्रथम वर्ष	32
33.	दोस्ती	शोभा शर्मा, बी. कॉम., प्रथम वर्ष	33
34.	हमारे जीवन में विद्या का महत्व!	तमन्ना चौधरी, बी.कॉम. प्रथम वर्ष	33
35.	अपने व्यक्तित्व को बदलिये	दीपक शर्मा, लेखाकार	34
36.	भारतीय विधि और मानवाधिकार	जितेन्द्र कुमार, कनिष्ठ सहायक	35
37.	वैदिक वाङमय और पर्यावरण संस्कृति	कुशमाण्डे आर्य, अंशकालिक प्रवक्ता, समाजशास्त्र विभाग	37
38.	तकनीक से पस्त होती दुनिया	डॉ. विशाल शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग	38
39.	मृत्यु पर विजय की अमिट गाथा	सत्यपाल सिंह लोधी, अंशकालिक प्रवक्ता, हिन्दी विभाग	39

40	पुस्तकालय	के.के. श्रीवास्तव, पुस्तकालय प्रभारी	41
41.	चार पत्नियाँ	कु. काजल, बी.काम. द्वितीय वर्ष	42
42.	मेहनत का फल	निक्की कुमारी, बी.कॉम. प्रथम वर्ष	42
43.	नौकरी	कु. अंजू, बी.सी.ए. तृतीय वर्ष	43
44.	जिंदगी	लोकेश कुमार, बी.काम. द्वितीय वर्ष	43
45.	माता-पिता एक वृक्ष की तरह	शक्ति सिंह, बी.कॉम. तृतीय वर्ष	44
46.	गंगा प्रदुषण-कारण एव निवारण	नीरज भारती, बी.कॉम. तृतीय वर्ष	45
47.	वो वीर	काजल तौमर, बी.कॉम. प्रथम वर्ष	45
48.	जौं के दाने	सुरभि शर्मा, बी.ए. द्वितीय वर्ष	46
49.	गुरू का ज्ञान	पिंकी, बी.ए. प्रथम वर्ष	46
50.	धैर्यबान बनो	देवेश तौमर, बी.काम. प्रथम वर्ष	47
51.	चुटकुले	रितु चौधरी, बी.एस-सी. तृतीय वर्ष	48
52.	विचार!	तुलसी लोधी, बी.ए. प्रथम वर्ष	48
53.	दूध और पानी की मित्रता (संकलित)	प्रदीप भारती, एम.ए. द्वितीय	49
54.	कठिनाइयां समझना जरूरी है	गौरव कुमार गौतम, एम.ए. द्वितीय वर्ष (संस्कृत)	50
55.	क्रोध का फल	कु.सोनम, बी.ए. प्रथम वर्ष	51
56.	यह भी जानिए	दीक्षा वार्ष्णेय, बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष	51
57.	ऐ मेरे स्कूल मुझे, जरा फिर से बुलाना	तान्या शर्मा, बी.एस-सी. तृतीय वर्ष	52
58.	एक चिड़िया	शीतल चौधरी, बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष	53
59.	सबसे सच्चा रिश्ता-दोस्ती (संकलित)	रिंकी राघव, बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष	53
60.	क्या भारत में वित्त पोषण हासिल करने में वित्तीय..	सुरभि शर्मा, बी.ए. द्वितीय वर्ष	54
61.	आशा की मोमबत्ती	प्रीती पाल, बी.एड प्रथम वर्ष	57
62.	अच्छे विचार	राजकुमार, बी.एड. प्रथम वर्ष	58
63.	हमारा कॉलेज	शहजाद अली, बी.एड. प्रथम वर्ष	58
64.	मेरा कॉलिज महान	शैलेन्द्र कान्त, बी.एड प्रथम वर्ष	59
65.	कोशिश	पूनम, बी.एड. प्रथम वर्ष	59
66.	क्या भारत में वित्त पोषण हासिल ...	सुरभि शर्मा, बी.ए. द्वितीय वर्ष	60
67.	History of Mathematics in India	Gurudatt Sharma, Assistant Professor, B.Ed. Dept.	60
68.	Educational Technology: Importance & Utility	Dr. Sudha Upadhyaya, Assistant Prof., B.Ed. Dept.	61
69.	Importance of Information Technology for Teacher..	Dr. K.C. Gaur, Head of the Dept., B.Ed. Dept.	63
70.	Effective teaching & Role of media	Dr. Sunita Gaur, Assistant Prof., B.Ed. Dept.	65
71.	A Teacher	Pooja Chaudhary, B. Com. I	66
72.	Role of Computer	Sakshi Agrawal, BCA I	67
73.	What is the meaning of commerce?	Deepika, B.com. I	68
74.	Make me a Promise Dad	Gourav Kaushik, B.C.A., III	69
75.	Happiness	Ginni Sharma, B.Com Ist year	69
76.	The Smog: A State of Air Pollution	Dr. S. K. Singh, Assistant Prof., B.Ed. Department	70
77.	Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana (PMKVY)	Gaurav Kumar, B.Ed. I	71
78.	Tourism Circuits of Uttar Pradesh	Dr. (Smt.) Chandrawati, Associate Prof., Chem. Dept.	73
79.	Smart City Project	Sachin Agarwal, Assistant Prof., BCA Department	77
80.	My Teacher My Guru	Neha, B. Com., I	78
81.	Digital India	Pankaj Kumar Gupta, Head of the Dept., BCA Dept.	79
82.	Internet Banking	Mayank Sharma, Assistant Professor, BCA Dept.	80
83.	Uses of Computers in the Field of Education	Amit Soam, Assistant Professor, BCA Department	81
84.	A Brief Summary of the English Language	Dev Swaroop Gautam, Assistant Prof., BCA Dept.	82
82.	महाविद्यालय परिवार		84
83.	विभिन्न समितियाँ		87

प्रगति आख्या (2016-17)

डॉ. उमेश कुमार झा, प्राचार्य

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अनूपशहर अपनी स्थापना के 52 वर्ष पूर्ण कर चुका है। सन् 1965 से 2017 तक की इस अवधि में महाविद्यालय ने उत्तरोतर संरचनात्मक एवं गुणात्मक प्रगति की है। वर्तमान समय में चार अनुदानित एवं चार स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं, जिनमें कुल 1565 छात्र-छात्रायें अध्ययनरत हैं। शैक्षणिक उपलब्धियों एवं अनुशासन की दृष्टि से यह महाविद्यालय चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में अपना विशिष्ट स्थान रखता है।

01. सत्र 2016-2017 का परीक्षाफल विगत वर्ष की भाँति उत्तम रहा है। महाविद्यालय में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार परीक्षाफल निम्न प्रकार है–

पाठ्यक्रम	**परीक्षाफल (उत्तीर्ण प्रतिशत)**
बी.ए.	92.06%
बी.एस-सी.	100%
बी.कॉम.	96.29%
बी.सी.ए.	93.44%
एम.ए. (संस्कृत)	85.18%
एम.एस-सी. (भौतिकी)	62.50%
एम.एस-सी. (रसायन)	64.70%
बी.एड.	96.61%

02. प्रबन्ध समिति द्वारा महाविद्यालय में सभी कक्षायें सुचारू रूप से चलाने हेतु विभिन्न विषयों में शासन स्तर से शिक्षकों के रिक्त पदों के सापेक्ष अंशकालिक शिक्षकों (ट्यूटर) की व्यवस्था की गयी है।
03. महाविद्यालय में रेडियो फ्रिकवेंसी लिंक द्वारा 4G की गति से सभी विभागों, पुस्तकालयों तथा कार्यालयों मे इंटरनेट की सुविधा प्रदान की गयी है।
04. "आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC)" के तत्वाधान में शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों की गुणवत्ता संवर्धन का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।
05. महाविद्यालय में दिनांक 04-05 मार्च 2017 को "भूमण्डलीकरण के युग में मानवाधिकारों की सुरक्षा : चुनौतियां एवं अवसर" विषय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।
06. अनूपशहर के वरिष्ठ नागरिकों हेतु दिनांक 20.06.2017 से 19.10.2017 तक एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया।
07. दिनांक 21.06.2017 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों को योगाअभ्यास का प्रशिक्षण दिया गया।
08. मानव संसाधन मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार "एक दीप शहीदों के नाम" कार्यक्रम का आयोजन कर स्वतत्रंता सेनानियों को श्रद्धांजली अर्पित की गयी।
09. महाविद्यालय में राष्ट्रीय पर्व के रूप में 15 अगस्त 2017 को स्वतंत्रता दिवस तथा 02 अक्टूबर 2017 को गांधी जयंती उत्साह पूर्वक मनायी गयी।
10. महाविद्यालय में वर्ष भर अनेक महापुरूषों की जयंती तथा राष्ट्रीय महत्व के दिवसों जैसे "राष्ट्रीय खेल दिवस", "राष्ट्रीय शिक्षक दिवस", "राष्ट्रीय हिन्दी दिवस", "राष्ट्रीय शिक्षा

दिवस", "राष्ट्रीय गणित दिवस", "राष्ट्रीय युवा दिवस" तथा "राष्ट्रीय मतदाता दिवस" पर विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर मनाया गया।

11. मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार "विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानन्द जी के भाषण के 125 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य" में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के उद्‌बोधन का सजीव प्रसारण किया गया।
12. महाविद्यालय की एन.सी.सी. इकाई एवं एन.एस.एस. इकाई के विद्यार्थियों को वर्षभर प्रशिक्षण दिया गया। अनेक विद्यार्थियों ने एन.सी.सी. के 'बी' एवं 'सी' प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु विशेष शिविरों में प्रतिभाग किया। दिनांक 28.09.2017 को एन.सी.सी. कैडेट्स ने "स्वच्छ भारत अभियान" के अन्तर्गत रैली निकाल कर जन सामान्य को जागरूक किया। दिनांक 06.12.2017 को एन.सी.सी. कैडेट्स ने गंगा घाटों की साफ सफाई कर जनसामान्य को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया।
13. 31 अक्टूबर 2017 को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय अंखड़ता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर "एकता के लिये दौड़" तथा सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।
14. महाविद्यालय में 07 एंव 08 नवंबर 2017 को अंतर्विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बी.ए. की टीम विजयी रही ।
15. महाविद्यालय में 15 नंम्बर 2017 को बुलन्दशहर चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने 42 यूनिट रक्तदान किया।
16. महाविद्यालय में वार्षिक "खेलकूद प्रतियोगिता" का आयोजन दिनांक 22 एवं 23 नवम्बर 2017 को किया गया, जिसमें अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। दिनांक 13 एवं 14 नवम्बर 2017 को एम.एम.एच. महाविद्यालय गाजियाबाद में आयोजित अंर्तमहाविद्यालयी शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता के 75 कि.ग्रा. वर्ग में बी.सी.ए. के छात्र गौरव कुमार ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, गौरव का चयन वि.वि. की टीम ने अखिल भारतीय अंतरविश्वविद्यालयी प्रतियोगिता के लिये किया गया। शक्ति उत्तोलन प्रतियोगिता के 74 कि.ग्रा. वर्ग में बी.एस-सी. के छात्र करन कुमार ने विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया।
17. पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के अन्तर्गत दिनांक 25-11-2017 को एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 300 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।
18. उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार कोतवाली प्रभारी, अनूपशहर के नेतृत्व में दिनांक 08.12.2017 महिला सुरक्षा विषय पर एक कार्यशाला आयोजित कर छात्राओं को आत्मरक्षा के कौशल सिखाये गए।
19. भारत सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 09.12.2017 को मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर प्राचार्य, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने मानवाधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ ग्रहण की।
20. दिनांक 15.12.2017 को पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने विभिन्न विषयों जैसे बेटी बचाओं बेटी पढाओं, पर्यावरण संरक्षण आदि पर अपनी प्रस्तुति दी ।
21. दिनांक 18.12.2017 से 23.12.2017 तक छः दिवसीय "स्काउट एवं गाइड शिविर" का आयोजन किया गया जिसमें बी.एड. प्रशिक्षुओं ने व्यक्तित्व एवं सामाजिक विकास की अनेक विधाओं को सीखा तथा विभिन्न सामाजिक बुराईयों जैसे-कन्या भ्रूण हत्या, दहेज हत्या, अशिक्षा आदि को मिटाने हेतु एक जनजागरण रैली भी निकाली ।
22. भारत सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 22.12.2017 को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गयी तथा

बी.ए. की छात्रा सुरभि शर्मा को अभियान की नायिका तथा बी.कॉम. के छात्र राहुल शर्मा को नायक चुना गया।

23. दिनांक 20.01.2018 को मतदाता जागरूकता विषय पर श्री सदानन्द गुप्ता उपजिलाधिकारी अनूपशहर के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली गयी। दिनांक 25.1.2018 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर श्री जीत लाल सैनी, तहसीलदार अनुपशहर की उपस्थिति में प्राचार्य, शिक्षकों कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने स्वस्थ लोकतंत्र हेतु निष्पक्ष मतदान की शपथ ग्रहण की।
24. दिनांक 26.01.2018 को महाविद्यालय में "गणतंत्र दिवस" समारोह धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा प्रत्येक कक्षा में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।
25. दिनांक 21.1.2018 को उत्तरप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संत रविदास जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।
26. दिनांक 14 एवं 15 फरवरी 2018 को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ प्रत्येक कक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया तथा महाविद्यालय की पत्रिका "ऋतम्भरा के इक्कीसवें अंक" का विमोचन किया गया।
27. दिनांक 24 एवं 25 फरवरी 2018 को महाविद्यालय में उच्च शिक्षा की समसामायिक समस्याओं एवं उनके निवारण विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी प्रस्तावित है।

श्रद्धेय श्री जयप्रकाश जी गौड़ अध्यक्ष, ऐंग्लो वैदिक शिक्षा समिति के नेतृत्व में महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। ❑

मेरी नजर में मेरा कॉलेज

विपनेश सिंह, बी.एड. प्रथम वर्ष

संगमरमर की दीवारों का, एक अनोखा भवन बनाया है
गंगा किनारे अनूपशहर में, लाकर इसे बसाया है।
एक अभियान रखा है मन में हम सब इसके छात्र बने।
गुरू-सीख नीति पे चलके, पढ़ लिखकर इन्सान बने।
डिग्री देकर झोली भरकर, आगे हमें बढ़ाया है।
गंगा किनारे अनूपशहर में, लाकर इसे बसाया है।
ऐसे काबिल प्रोफेसरों का, हरदम हम गुणगान करें,
अध्यापक व लिपिक गणों के, चरणों में हम ध्यान करें।
डी.पी.बीएस. कॉलेज ने हम सबका मान बढ़ाया है।
गंगा किनारे अनूपशहर में, लाकर इसे बसाया है।
अगर हमारे कॉलेज में अब, एम.एड. भी आ जाये
फिर सोचो इस कॉलिज से, भला कोई छात्र क्यों जाए।
शाहू तूने कॉलेज खातिर, सबका अलख जगाया है,
गंगा किनारे अनूपशहर में, लाकर इसे बसाया है।
संगमरमर की दीवारों का, एक अनोखा भवन बनाया है
गंगा किनारे अनूपशहर में, लाकर इसे बसाया है।

True knowledge is The Best Teacher of life

सफलता के सबक

डॉ. पी.के. त्यागी, विभागाध्यक्ष, सांख्यिकी विभाग

अपने पैरों पर खड़ा होना और कैरियर की राह पर बढ़ना कोई मामूली बात नहीं है। तुम चाहे कैरियर बदल रहे हो या यूनिवर्सिटी वापस अटेंड कर रहे हो या अपने आठ से दस घंटे के जॉब को छोड़कर बिजनेस की शुरुआत कर रहे हो, ये सब बहुत हिम्मत का काम है।

लेकिन सिर्फ हौसला ही तुमको बहुत आगे नहीं ले जा सकता। हिम्मत जुटाने के बाद जब तुम अगली स्टेप पर छलांग मारते हो तो अपने रास्ते का बमुश्किल 5% रास्ता ही तय कर चुके होते हो। अभी तुम्हारी मंजिल कोसों दूर है और अपने सबसे खौफनाक डरों से तुम्हारा सामना होना बाकी है। ये डर वे हैं जो तुम्हें पहला कदम उठाने से बहुत देर तक रोकते रहे। मैं यह मानकर चल रहा हूं कि तुम मेरी तरह हो और तुम्हारे पास कोई अनुभवी परामर्शदाता नहीं है या तुम्हारे कंधे पर संपन्न पिता का हाथ नहीं है जो तुम्हें मार्ग दिखाए और अपने कैरियर को संभालने के लिए हर जरूरी साधन उपलब्ध कराए।

1. **आत्मविश्वास सबसे पहली जरूरत है**

सफल लोगों में एक अलग ही आत्मविश्वास झलकता है- जाहिर है कि वे खुद में और जो कुछ भी वे करते हैं उसमें यकीन करते हैं। यह आत्मविश्वास उनमें सफल होने के बाद नहीं आया। यह उनमें पहले से ही था।

आत्मविश्वास सफल कैरियर को बनाने वाला सबसे जरूरी बिल्डिंग ब्लॉक है, और आत्मविश्वास को सजोने पर तुम उन जगहों पर पहुंच सकते हो जिनकी संभावनाओं के बारे में तुमने कभी सोचा भी न होगा। कोई और नहीं बल्कि यह खुद तुम ही हो जो अपनी महत्वाकांक्षाओं को प्राप्त करने से खुद को रोक रहे हो। यही वह समय है जब तुम्हें खुद पर संदेह करना बंद कर देना चाहिए।

2. **तुम वह जिंदगी जी रहे हैं जो तुमने खुद बनाई है**

तुम परिस्तिथियों के शिकार नहीं हो। कोई भी तुम्हें तुम्हारी वैल्यूज़ और महत्वाकांक्षाओं के विरूद्ध जाकर निर्णय लेने और कार्यवाही करने पर मजबूर नहीं कर सकता। आज तुम जिन परिस्थितियों में जी रहे हो वे तुमने खुद ही पैदा की हैं। इसी तरह तुम्हारा भविष्य भी पूरी तरह तुम पर ही निर्भर करता है। यदि तुम खुद को कहीं फंसा हुआ पाते हो तो ऐसा बहुत हद तक इसलिए है कि तुम अपने लक्ष्य को प्रास करने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए जरूरी रिस्क नहीं उठा पा रहे हो।

जब एक्शन लेने का वक्त करीब आ जाए तब यह याद रखना कि उस सीढ़ी के निचले पायदान पर होना बेहतर है जिसे आप चढ़ना चाहते हो न कि उस सीढ़ी के ऊपरी पायदान पर होना जिस पर से तुम कूद जाना चाहते हो।

3. **बिजी होने का मतलब यह नहीं कि तुम प्रोडक्टिव भी हो**

अपने आसपास मौजूद लोगों को देखो। वे सभी कितने बिजी होते हैं - मीटिंग-दर-मीटिंग भागते रहते हैं और ई-मेल्स भेजते रहते हैं। लेकिन क्या उनमें से ज्यादातर लोग वाकई बहुत प्रोडक्टिव काम कर रहे हैं, क्या वे वाकई ऊंचे लेवल्स पर सफलता पा रहे हैं?

सफलता भागमभाग और कुछ-न-कुछ करते रहने से नहीं आती। यह फोकस से आती है। सफलता यह सुनिश्चित करने से आती है कि तुमने अपने समय का उपयोग कितनी कुशलता पूर्वक और कितना प्रोडक्टिवली किया। तुम्हें भी काम करने के लिए उतने ही घंटे मिलते हैं जितने औरों के पास हैं। अपने समय का बेहतर उपयोग करो। तुम्हारी मेहनत को तुम्हारी कोशिशों से नहीं बल्कि रिजल्ट से आंका जाएगा। अपनी कोशिशों को मौजूदा काम पर केंद्रित रखो और बेहतर परिणाम पाओ।

4. **तुम उतने ही अच्छे हो सकते हैं जिनके साथ तुम जुड़े हो**
तुम्हें उन व्यक्तियों के साथ संबंधित होना चाहिए जो तुम्हें प्रेरित करें, और जो दिल से तुमको बेहतर होते हुए देखना चाहते हों। शायद तुम भी ऐसा ही करते हो। लेकिन उन लोगों के बारे में क्या जो तुम्हें पीछे धकेल देते हैं? ऐसे लोगों को तुमने अपनी जिंदगी का हिस्सा क्यों बनाया हुआ है? तुम्हें कमतरी का, बेचैनी का, और नाउम्मीदी का अहसास कराने वाले लोग तुम्हारा कीमती समय बर्बाद कर रहे हैं और शायद तुम्हें भी अपने जैसा ही बना रहे हैं। जिंदगी इतनी बड़ी नहीं है कि तुम ऐसे लोगों के विचारों का बोझ ढोते फिरे। उनसे अपना नाता तोड़ लो।

5. **दिल 'नहीं' कहता हो तो "हां" मत कहो**
विश्व की टॉप यूनिवर्सिटी (University of California in San Francisco) में हुई रिसर्च में यह पता चला है कि जिन लोगों को 'नहीं' कहने में बहुत मुश्किल होती है उन्हें तनाव, निष्क्रियता, और डिप्रेशन से जूझना पड़ सकता है, और ये सारी बातें कैरियर को ग्रोथ देने में बहुत बड़ी बाधा हैं. 'नहीं' कहना बहुत से लोगों के लिए बहुत बड़ा चैलेंज है। 'नहीं' बहुत शक्तिशाली शब्द है और आपको इस शब्द का उपयोग करने से झिझकना नहीं चाहिए। जब 'नहीं' कहने का वक्त करीब आ जाए तो आप गोल-मोल बातें जैसे 'मुझे नहीं लगता कि मैं... 'या' मैं इस बारे में सुनिश्चित नहीं हूँ' कोई नया कमिटमेंट करने के दौरान 'नहीं' कह सकने की हिम्मत से आपको मौजूदा कमिटमेंट्स को पूरा करने में मदद मिलती है और यह बात आपको सफलता के करीब पहुंचने के बेहतर मौके उपलब्ध कराती है।

6. **खुद से निगेटिव बातें करना बंद करो**
जब तुम अपने कैरियर को नई दिशा दे रहे होगे तो तुम्हें चीयरलीड करने वाला शायद कोई नहीं होगा। ऐसे में खुद पर कई तरह के संदेह होने लगते हैं। तुम्हारे निगेटिव विचारों को तुमसे ही ताकत मिलती है। तुम उन पर जितना फोकस करोगे वे उतने ही प्रबल होते जाएंगे। तुम्हारे ज्यादातर निगेटिव विचार सिर्फ विचार ही हैं, वे फैक्ट्स नहीं है। जब तुम्हें अपने निगेटिव विचारों और निराशाजनक बातों पर यकीन होने लगे तो एक काम करो- तुम उन्हें कहीं लिख लो। तुम जो कुछ भी कर रहे हो उसे वहीं रोक दो और विचारों को लिख लो। इस तरह तुम्हारे निराशाजनक विचारों की रफ्तार पर विराम लगेगा और तुम चीजों को उनके वास्तविक रूप में ज्यादा तार्किक होकर देख पाओगे और वस्तुस्थिति को बेहतर समझ पाओगे। ❑

भारतीय शिक्षाः नवीन युग का प्रारम्भ

डॉ. मुकेश गुप्ता, पूर्व प्राचार्य

देश में कुछ यूरोपीय कम्पनियों जैसे– ईस्ट इण्डिया कम्पनी, पुर्तगाली तथा फ्रांसिसी ईस्ट इण्डिया कम्पनियों का राजनीतिक सामाजिक तथा सास्कृतिक प्रभाव निरन्तर बढ़ता ही जा रहा था। इसके साथ-साथ इस दिशा में इन देशों की मिशनरियों की गतिविधियों का बढ़ना भी आरम्भ हो गया था। यहाँ सबसे पहले आने वाले यूरोपीय पुर्तगाली थे, जिन्होंने यहाँ अपने व्यापार में वृद्धि करने के साथ-साथ लोगों के शैक्षिक तथा सामाजिक साँस्कृतिक स्तर को ऊपर उठाने के लिए ही मुख्य रूप से ईसाई धर्म का भी प्रचार-प्रसार करना आरम्भ किया। विदेशी मिशनरियों के प्रभाव के कारण विद्यालयों में छपी पुस्तकों का प्रयोग आरम्भ हुआ। फ्रेंच मिशनरियों द्वारा भारतीय शिक्षकों को ही प्राथमिक शिक्षा कार्य के लिए नियुक्त किया गया तथा इस कदम ने अपने इस प्रयास में पर्याप्त संख्या में छात्र-छात्राओं को शिक्षा की ओर आकर्षित किया।

इन विभिन्न मिशनरियों का उद्देश्य निश्चित रूप से इस काल में भारत वर्ष में ईसाई धर्म का प्रचार व प्रसार करना ही था परन्तु इसके साथ-साथ यहाँ शिक्षा के स्तर में वृद्धि भी देखने में आयी। इस प्रकार यहाँ धर्म-परिवर्तन के प्रमुख कार्य के साथ-साथ शिक्षा सम्बन्धी कार्य में भी प्रगति होती चली गयी। इस प्रकार भारत वर्ष में स्वदेशी आंदोलन के पूर्वकाल में इन मिशनरियों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में स्पष्ट दिशा देखने में पर्याप्त प्रोत्साहन मिला। इससे भारतीय जनता को पाश्चात्य संस्कृति व आचार व्यवहार का भी नवीनतम ज्ञान प्राप्त हुआ। भारतीय समाज के निम्न स्तर के लोगों का धर्म-परिवर्तन के साथ सामाजिक तथा सांस्कृतिक स्तर पर भी सुधार हुआ तथा भविष्य में इस कार्य को पूरा करने के लिए नवीन विद्यालयों की स्थापना के लिए भी दरवाजे खुल गये।

यह तथ्य उल्लिखित करना आवश्यक है कि इस काल में मिशनरियों के क्रिया-कलापों का प्रभाव निर्वाध रूप से बढ़ रहा था। इसके परिणामस्वरूप हिन्दुओं की पाठशालाओं व मुसलमानों के मदरसों के प्रति शासक वर्ग की व्यवहार उदासीनतापूर्ण हो चली थी।

जिन विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा का थोड़ा भी ज्ञान प्राप्त हो जाता था उन्हें प्रशासन-तन्त्र में लाभप्रद पदों पर कार्य मिल जाता था। उन्नीसवीं शताब्दी के आरम्भिक काल में अंग्रेजी प्रशासन ने शैक्षणिक कार्यभार को अपने हाथों में ले लिया जिसके कारण प्रमुख रूप से अंग्रेजी–समर्थक शिक्षा प्रणाली का अभ्युदय हुआ, परन्तु इसी बीच भारत वर्ष में राष्ट्रीयता की भावना से ओत-प्रोत स्वदेशी आन्दोलन का भी सूत्रपात हो गया। इसके उदय के कारण पाश्चात्य शिक्षा के साथ-साथ भारतीय शैक्षाणिक प्रगति का भी एक नवीन राष्ट्रीय स्वरूप विकसित होता हुआ दिखाई देने लगा। ❑

कर्म की महत्ता

छिलने से लकड़ी का सौन्दर्य बढ़ता है।
खिलने से फूलों का सौन्दर्य बढ़ता है,
सौन्दर्य बढ़ाने के कितने भी साधन ढूँढो,
मगर कर्म से ही मनुष्य का सौन्दर्य बढ़ता है।

अंकों का चमत्कार

$(11)^2 = 121$
$(111)^2 = 12321$
$(1111)^2 = 1234321$
$(11111)^2 = 123454321$
$(111111)^2 = 12345654321$
$(1111111)^2 = 1234567654321$

भविष्य के ऊर्जा स्रोत

डॉ. मुनेश कुमार, विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग

हम सभी जानते है कि वर्तमान मे ऊर्जा के प्राथमिक स्रोत का सीमित भंडार है। वर्तमान ऊर्जा स्रोत जीवाश्म आधारित है। कभी ना कभी निकट भविष्य मे पृथ्वी के तेल भंडार समाप्त हो जायेंगे और उस समय हम ऊर्जा के वैकल्पिक संसाधनो पर पूर्णतया निर्भर हो जायेंगे। बहुत से देशो ने पारंपरिक सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा तथा जल ऊर्जा को अपना लिया है, कुछ देश इससे अधिक साफ-सुथरी और अधिक कार्यकुशल ऊर्जा स्रोत की खोज मे लगे हुये है। इस लेख मे हम ऐसे ही कुछ वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की चर्चा करेंगे।

अंतरिक्ष आधारित सौर ऊर्जा– पृथ्वी तक पहुंचने वाली सौर ऊर्जा का 50-60% भाग वायुमंडल द्वारा रोक दिया जाता है। अंतरिक्ष आधारित सौर ऊर्जा संयत्र मे उपग्रहों के समूहो के विशाल दर्पणो को अंतरिक्ष मे फैलाया जायेगा जोकि इस सौर विकिरण को सौर पैनलो पर केंद्रित करेंगे। ये सौर पैनल सौर ऊर्जा को माइक्रोवेव तरंगो मे परिवर्तित करेंगे, इन माइक्रोवेव तरंगो को पृथ्वी पर ऊर्जा ग्रहण करने वाले संयत्रों पर बीम किया जायेगा, इसमे यह ध्यान रखना होगा कि इस संवहन के दौरान न्यूनतम ऊर्जा ह्रास हो। मार्च 1915 मे जापान एअरोस्पेस एक्स्प्लोरेशन एजेंसी(JAXA) ने घोषणा की कि उन्होंने 1.8 किलोवाट ऊर्जा को माइक्रोवेव मे परिवर्तित कर बेतार रूप से 50 मीटर तक बीम करने में सफलता पायी है। यह प्रयोग दर्शाता है कि यह अवधारणा प्रायोगिक है।

मानव शक्ति– कुछ विशेषज्ञ मानते है कि ऊर्जा उत्पन्न करने का सबसे सरल तरीका मानव शरीर ही है। वर्तमान उपकरण पुराने उपकरणो की तुलना मे कम ऊर्जा खपत करते है, मानव शरीर से केवल एक माइक्रोवाट ऊर्जा का उत्पादन बहुत से छोटे इलेक्ट्रानिक उपकरणों के लिये पर्याप्त होगा। ऊर्जा का यह उत्पादन मानव शरीर की गतिविधियों के द्वारा होगा, हमें केवल एक ऐसी प्रणाली पहननी होगी जो हमारे शरीर से उत्पन्न ऊर्जा को जमा करेगी। ब्रिटेन के शोधकर्ताओं ने घुटनो पर लगाने वाला एक ऐसा उपकरण बनाया है जो चलते समय इलेक्ट्रान जमा करता है। जैसे ही पहनने वाले का घुटना मुड़ता है इस उपकरण की चार धातुई पट्टीयाँ किसी गिटार के तार जैसे झंकृत होती है और विद्युत निर्माण करती है।

ज्वारीय ऊर्जा– लहरों से उत्पन्न ऊर्जा तकनीकी रूप से वायु ऊर्जा है क्योंकि लहरों की उत्पति सागरों के उपर से बहते वायु प्रवाह से होती है। इस ऊर्जा को सतह पर, सतह के नीचे, सागर किनारे, सागर में तट के समीप या सागर में तट से दूर संग्रहीत किया जा सकता है। तरंग ऊर्जा को किलोवाट प्रति मीटर सागरीय तट मे मापा जाता है। संयुक्त राज्य अमरीका के सागरी तटो पर प्रति वर्ष 252 अरब किलोवाट/घंटा ऊर्जा उत्पन्न करने की क्षमता है। पांच देशो के पास ज्वारीय ऊर्जा उत्पन्न करने वाले विद्युत फार्म है जिसमे पुर्तगाल के पास विश्व का सबसे पहला व्यवसायिक ऊर्जा फार्म है जिसकी स्थापना 2008 मे हुयी थी। इसकी क्षमता 2.25 मेगावाट है।

हाइड्रोजन ऊर्जा– एक रंगहीन, गंधहीन गैस के रूप मे ब्रह्मांड के कुल द्रव्यमान का 74% भाग हाइड्रोजन से बना हुआ है। पृथ्वी पर यह गैस आक्सीजन, कार्बन और नाइट्रोजन के यौगिक के रूप मे ही पायी जाती है। हाइड्रोजन के ईंधन के रूप मे प्रयोग करने के लिये इसे अन्य तत्वो से अलग करना होगा। मुक्त हाइड्रोजन के दहन से अत्याधिक ऊर्जा मुक्त होती है और कोई प्रदुषण नही होता है। हाइड्रोजन से विद्युत बनाने वाले ईंधन सैलों का प्रयोग वाहनों, विमानों, घरों और इमारतों में वर्तमान में हो रहा है। इस तकनीक के विकास के लिये टोयोटा, होंडा और हुडंई जैसी वाहन निर्माता कार्यरत है।

लावा ऊर्जा– पृथ्वी के गर्भ मे उपलब्ध उष्ण लावा के प्रयोग

से भाप उत्पन्न कर उससे टरबाइन द्वारा विद्युत उत्पन्न की जा सकती है। 2010 मे आइसलैंड , फिलिपन्स तथा एक सल्वाडोर मे भूगर्भीय उष्मा से 10,700 मेगावाट ऊर्जा उत्पन्न हुई थी। इस अवधारणा पर ध्यान 2008 मे आइसलैंड डीप ड्रिलिन्ग प्रोजेक्ट द्वारा संयोगवश एक कम गहराई वाले लावा क्षेत्र के पाये जाने से गया और इन्होने इसकी उष्मा से ऊर्जा निर्माण का निर्णय लिया। आइसलैंड का IDDP1 लावा उष्मा से विद्युत उत्पन्न करने वाला पहला भूगर्भिय उष्मा विद्युत संयंत्र है जो पिघले लावा से सीधे सीधे उष्मा प्रास करता है। इसकी क्षमता 36 मेगावाट है।

नाभिकीय कचरे से ऊर्जा– नाभिकीय ऊर्जा संयंत्रो में विखंडन प्रक्रिया से ऊर्जा उत्पादन में युरेनियम की कुल मात्रा का केवल 5% ही प्रयुक्त होता है, शेष मात्रा नाभिकीय कचरे के रूप में व्यर्थ पड़ी रहती है। केवल अमरीका के नाभिकीय ऊर्जा संयत्रों में 77,000 टन रेडियो सक्रिय कचरा पड़ा है। 'फ़ास्ट रिएक्टर' नामक एक उपलब्ध तकनीक के प्रयोग से इस 95% नाभिकीय कचरे का ऊर्जा उत्पादन मे प्रयोग किया जा सकता है। हिताची ने Gen-IV ने एक फास्ट रिएक्टर (Power Innovative Small Module) का डिजाइन किया है जो नाभिकीय कचरे से ऊर्जा उत्पन्न कर सकता है। इस रिएक्टर से उत्पन्न कचरे की अर्ध आयु केवल 30 वर्ष होगी जोकि वर्तमान कचरे की हजारो वर्ष की अर्ध आयु से कम है।

अंतः स्थापित सौर ऊर्जा– सौर खिड़कियाँ किसी भी खिड़की या काँच की चादर को फोटोवाल्टिक विद्युत सेल मे बदल सकती है। ये विद्युत सेल प्रकाश के चुने हुये वर्णक्रम को विद्युत मे बदल सकते है। इस चुने हुए वर्णक्रम को हमारी आँखें नही देख सकती है लेकिन हमारे लिये दृश्य प्रकाश उसी तरह पार हो जायेगा, रोशनी उसी तरह रहेगी। इन सौर खिड़कियों का आकार विशाल खिड़कियों से लेकर छोटे घरेलु उपकरण के आकार का हो सकता है। मिशीगन राज्य के शोधकर्ताओ ने पारदर्शी सौर पैनलों को बनाने में सफलता पायी है। अब वे इसके व्यवसायिक उत्पादन के लिये उसके आकार को व्यवसायिक रूप से बड़े और घरेलु उपकरणो के लिये छोटा करने मे लगे हुए हैं। उनका प्रयास है कि इसकी कीमत इतनी हो कि ये सभी की पहुँच में हो।

शैवाल ऊर्जा– शैवाल आश्चर्यजनक रूप से ऊर्जा युक्त तेलों से भरपूर होते है जिन्हे जिनेटीक रूप से परिवर्तित कर सीधे सीधे जैव तेल के उत्पादन के लिये प्रयुक्त कर सकते हैं। उद्योगों से उत्पन्न अपशिष्ट जल जो सामान्य वनस्पति के लिये हानिकारक होता है शैवाल की खेती के लिये उपयोगी पाया गया है। एक एकड़ मे शैवाल द्वारा में 9,000 गैलन जैव ईंधन तेल उत्पन्न किया जा सकता है। अलाबामा अमरीका मे विश्व का सर्वप्रथम शैवाल जैव ईंधन की खेती हो रही है जो नगरी अपशिष्ट जल का प्रयोग करती है। इस प्रक्रिया द्वारा उत्सर्जित साफ जल को खाड़ी मे डाला जाता है।

उड़न पवन ऊर्जा– इस विधि मे पवन चक्कियों को जमीन से 1000-2000 फीट ऊंचाई पर गुब्बारो की सहायता से उड़ान में रखा जाता है। इस ऊंचाई पर वायु गति धरातल की तुलना में 5-8 गुणा होती है। ये उड़ान पवन टर्बाइन टावर वाले पवन टर्बाइन की तुलना मे दोगुनी विद्युत उत्पन्न करते है। अल्टेरोस एनर्जीस (Altaeros Energies) कंपनी ने प्रथम व्यवसायिक उड़ने वाला पवन टर्बाइन बनाया है जिसका नाम ब्युयांट एअर टर्बाइन (Buoyant Air Turbine) है और 35 फुट लंबा उच्च कोटि के कपड़े से बने गुब्बारे के रूप मे है। यह 30 किलोवाट ऊर्जा उत्पन्न करने मे सक्षम है और एक बार स्थापित होने पर पुर्णतः स्वचालित है, यह अपने आपको वायु गति के आधार पर समायोजन कर लेता है, आपतकाल मे सुरक्षित स्थान पर उतर जाता है।

संलयन ऊर्जा– संलयन ऊर्जा सूर्य तथा सभी तारों की ऊर्जा का स्रोत है। इस ऊर्जा स्रोत मे अनंत काल तक साफ सुथरी ऊर्जा देने की संभावना होती है। नाभिकीय संलयन मे हाइड्रोजन के समस्थानिक ड्युटेरियम तथा ट्रिटियम के परमाणुओं के संलयन से हिलियम बनती है और परमाणु विखंडन से चार गुना ऊर्जा उत्पन्न होती है। सात देशो के सहयोग से फ्रांस मे बन रहा ITER (International Thermonuclear Experimental Reactor) बनाया जा रहा है, इसके 2027 तक पूर्ण होने की संभावना है। आशा है कि यह सबसे पहला व्यवसायिक संलयन ऊर्जा संयत्र होगा। ❑

मजबूत सपना

डॉ. भुवनेश कुमार, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग

बहुत पुरानी बात है एक छोटा लडका था जो घोड़ों के प्रशिक्षक का बेटा था। वह और उसके पिता अलग-अलग अस्तबलों में जाकर घोडों को प्रशिक्षण देते थे। परिणामस्वरूप उस लडके के स्कूल अक्सर बदलते रहते थे। जब छोटा बालक बडा होकर बड़े स्कूल में पहुँचा तो एक उसके क्लास टीचर ने उससे एक निबन्ध लिखने को कहा, विषय था-वह बड़ा होकर क्या बनना चाहता है।

उस रात लड़के ने सात पेज का एक निबन्ध लिखा जिसमें उसने लिखा कि उसका लक्ष्य घोडो के रेंज का मालिक बनना है। उसने अपने सपने को पूरे विस्तार से लिखा और 200 एकड के रेंज की एक तस्वीर खीची फिर उसने 4000 वर्ग फुट के मकान की विस्तृत योजना भी भी खींची। जिसे वह 200 एकड़ के रेंज पर बनाना था। अगले दिन उसने टीचर को वह निबन्ध थमा दिया। दो दिन पश्चात उसे उसका निबन्ध वापस मिल गया। जिसके पहले ही पेज पर एक बडा लाल ''Fail'' लिखा था, साथ ही उसके नीचे लिखा था कि क्लास के बाद मुझसे मिलो। लड़का क्लास के बाद टीचर से मिलने गया मिलने पर अध्यापक ने उसके द्वारा लिखे निबन्ध पर कहा कि तुम्हारे जैसे लड़के के लिए यह एक काल्पनिक सपना है। तुम साधारण से परिवार वाले, तुम्हारे पास पर्याप्त संसाधन भी नहीं हैं। इन हालात में इतना बड़ा सपना किस तरह से पूरा करोगे। तुम यह काम किसी भी हालत में पूरा नहीं कर सकते अध्यापक ने आगे कहा-यदि तुम इस निबन्ध में यथार्थवादी लक्ष्य शामिल कर लोगे तो मैं तुम्हारी ग्रेड पर विचार करने को तैयार हूँ।

वह लड़का घर गया और उसने इस बारे में काफी देर तक सोचा और हफ्ते भर तक विचार करने के बाद उस लड़के ने टीचर को वह निबन्ध ज्यों का त्यों दे दिया और कहा कि आप अपने Fail के ग्रेड को कायम रखें और मैं अपने सपने को कायम रखूगाँ।

सालों बाद एक समूह को सम्बोधित करते हुए उस लड़के ने अपनी यह कहानी सुनायी। उसने कहा कि मैं यह कहानी आपको इसलिए बता रहा हूँ क्योंकि आप इस समय मेरे 200 एकड़ घोड़ों के रेंज के बीच बने 4000 वर्ग फुट के इस मकान में बैठे हैं। मैंने उस स्कूल के निबन्ध को मडवाकर दीवार पर टाँग रखा है जो हमेशा मेरे लक्ष्य को बताता रहा।

और इस कहानी का सबसे अच्छा हिस्सा यह है कि दो साल पहले ही वही क्लास टीचर अपने छात्रों को लेकर मेरे रेंज में एक सप्ताह रूकने के लिए आये, और जाते समय बोले-देखो बेटा मैं तुम्हें एक बात बताता हूँ जब मैं तुम्हारा अध्यापक था तो एक तरह से मैं बच्चों के सपने चुराने का काम करता था। उन वर्षो में मैंने बहुत से बच्चों के सपने चुराये। सौभाग्य से तुममें इतना संकल्प था कि तुमने अपना सपना नहीं चुराने दिया। ठीक ऐसा ही हमारे आपके और सभी व्यक्तियों के साथ होता है। जो कोई अपने लक्ष्य को दिल से चाहते हैं उनके शिक्षक दोस्त, माता-पिता व परिवार के लोग उन्हें निराशा भरी बातें कहते हैं। वह आपका सपना चुराने का काम करते हैं।

बहुत से लोग होते है जो निराशाजनक बातों को सुनकर अपना लक्ष्य छोड़ देते हैं, और सफल वही हो पाते हैं जो अपने संकल्प पर कायम रहते हैं। हो सकता है आपका लक्ष्य बड़ा हो तो स्वाभाविक बात है कि उस लक्ष्य को प्राप्त करने में समय अवश्य लगेगा, लेकिन ऐसा नहीं कि पूरा नहीं होगा। इस पर अब्दुल कलाम जी ने कहा है कि ''अगर आप सूरज की तरह चमकना चाहते हैं, तो पहले सूरज की तरह जलिये'' याद रखिये बिना संघर्ष के कोई सफल नहीं हो पाता जितना कड़ा संघर्ष होगा उतनी ही बड़ी उपलब्धि हासिल होगी।

आप सफलता और असफलता मिलने के बाद एक एकान्त

जगह पर जाएं फिर अपने आप से बातें करें और अपने आप से पूछें कि क्या में सही जा रहा हूँ। अपनी सफलता और असफलता पर खुद से बातें करें, पूछें खुद से की क्या में सही जा रहा हूँ। ऐसा करने पर आप अपनी जिन्दगी की छोटी मोटी परेशानियों को मिटाकर अपनी सफलता की राह को आसान कर सफलता पा सकते हैं। ❑

वृक्षों को बचाएं

सुनील कुमार गर्ग, कार्यालय अधीक्षक

पृथ्वी के चेहरे से हर दिन पेड़ों की संख्या गायब हो जाती है। जब पेपर उत्पादों के उत्पादन के अन्य तरीके हैं, तो पेड़ अभी भी बड़े पैमाने पर उपयोग किए जा रहे हैं।

हम, पृथ्वी के निवासी इस चरण पर पहुंच गए हैं जहां हमें इस ग्रह पर और अधिक अस्तित्व के लिए अपनी जीवन शैली को नया स्वरूप और पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। यदि हम चाहते हैं कि पीढ़ियों को एक स्वस्थ और हरे रंग की पृथ्वी की आशा हो, तो हमें वास्तव में जल्द से जल्द अपने आप को बदलना होगा।

कोई इस तथ्य से इनकार नहीं करता है कि मानव की जरूरतों और गतिविधियों के कारण पूरे विश्व के वन क्षेत्र काफी समय से समाप्त हो रहे हैं। इसके लिए एक योगदान कारक है कागज उद्योग। मैं कागज के बारे में कुछ तथ्यों को आगे रख रहा हूँ–

दुनिया भर में हर साल 300 मिलियन मीट्रिक टन कागज और पेपरबोर्ड का उत्पादन होता है

औद्योगिक उपयोग के लिए कुल वैश्विक लकड़ी का 42 प्रतिशत पेपर बनाने में जाता है और अगले पचास वर्षों में 50 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। हमारे देश में हमारे पास लगभग 600 पेपर मिल्स हैं जो कि विभिन्न प्रकार के पेपर का उत्पादन करते हैं औसत पर हम में से हर एक में एक साल 700 पाउंड कागज के उत्पादों का उपयोग करता है। पेपर के उत्पादन के लिए पेड़ों के पौधों के विशेष प्रकार के रूप में प्रबंधित टिम्बरलैंड्स कहा जाता है। इन प्रबंधित टिम्बरलैंड्स में विशेष प्रकार के पेड़ शामिल हैं, जो कि सॉल्वुड ट्रेस (पाइन, फिर आदि) जैसे लुगदी और पेपर विनिर्माण के लिए आवश्यक हैं। इसका मतलब है कि विविध प्राकृतिक जंगलों को इन प्रबंधित वृक्षारोपण (तेजी से बढ़ते कॉनिफ़र जैसे) द्वारा बदल दिया गया है, जिसका पूरे जंगल की जैव विविधता पर सीधा प्रभाव पड़ता है। लुगदी पीढ़ी के लिए प्रबंध किए गए टिम्बरलैंडों के डिजाइनिंग का मतलब मूल्यवान वन्यजीव निवास स्थान, खराब मिट्टी की गुणवता और पारिस्थितिक तंत्र का नुकसान है। उनके प्राकृतिक जंगलों की तुलना में 90 प्रतिशत कम प्रजातियां हैं।

प्रबंधित पर्यावरणीय प्रदूषण के कारण तेजी से उत्पादन दर सुनिश्चित करने के लिए प्रबंधित टिम्बरलैंड अक्सर रासायनिक जड़ी-बूटियों और कीटनाशकों का उपयोग करते हैं। पेपर कपास, भांग, घास और यहां तक कि हाथी के गोबर की तरह कई अन्य सामग्रियों से बनाया जा सकता है, लेकिन दुर्भाग्य से दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में यह केवल पेड़ों का त्याग करके किया जाता है कचरा निपटान साइटों पर पेपर उत्पादों की सबसे बड़ी सामग्री है।

पल्प और पेपर उत्पादन उद्योग वायु और जल प्रदूषकों का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक, अपशिष्ट पदार्थ और जलवायु परिवर्तन (ग्रीन हाऊस गैस) के लिए जिम्मेदार गैसें हैं। पल्प और कागज उत्पादन ऊर्जा, जल और वन संसाधनों का सबसे बड़ा औद्योगिक उपभोक्ता है। पेपर बनाने की प्रक्रिया में शामिल

विशाल पानी की खपत पानी के स्तर में कम हो सकती है, जो कि पानी के तापमान में परिवर्तन के साथ मछली और अन्य जलीय वनस्पतियों और जीवों के लिए जरूरी है। लुगदी उद्योग के वायु निर्वहन में पॉर्नक्लिनीक सुगन्धित हाइड्रोकार्बन जैसे कुछ हार्मोन को बाधित और कैसिनोजेनिक रसायनों को शामिल किया है। घरेलू डस्टबिन की सामग्री के बारे में एक पांचवें में कागज और कार्ड होते हैं, जिनमें से आधे समाचार पत्र और पत्रिकाएं हैं।

विश्व की 20 प्रतिशत आबादी वाले औद्योगिक देश दुनिया के लेखन और मुद्रण के कागजात का 87 प्रतिशत का उपयोग करते हैं। इन सभी तथ्यों और आंकड़ों के सामने, अब सवाल यह है कि स्थिति को हमारे पक्ष में बदलने के लिए हम क्या कर सकते हैं। कई चीजें हैं जो कागज की रीसाइक्लिंग, कागज के अपव्यय या गैर-पेड़ आधारित पेपर उत्पादन पद्धतियों आदि के विकास से बचने जैसी हो सकती हैं। लेकिन कागज के उपयोग को कम करने के लिए एक बहुत सरल और आसान तरीका मुश्किल (मुद्रित) प्रपत्र के बजाय सूचना और डेटा की मुलायम प्रतियों के उपयोग पर जोर देना है। इंटरनेट के जरिए दुनिया के लगभग प्रत्येक क्षेत्र को कम्प्यूटरीकृत और जुड़ा हुआ है, सभी प्रकार के संगठनों को मुलायम डेटा का उपयोग करने पर जोर देना चाहिए जिससे मुद्रित पदार्थों के उपयोग से बचने की आवश्यकता होती है।

इस दिशा में निम्नलिखित चरणों का पालन किया जा सकता है–

1. हम सभी को हमारे टेलीफोन, मोबाइल फोन, बिजली और पानी के बिल आदि के लिए मुद्रित वक्तव्य की बजाय ई-बिलों का विकल्प चुनना चाहिए, ज्यादातर निजी कम्पनियाँ पहले ही इसे शुरू कर चुकी हैं और दूसरों को भी उसी का पालन करना चाहिए। पेपर की गुणवत्ता, जो इन बिलों को बनाने के लिए उपयोग की जाती है, महान पर्यावरण प्रदूषण को लागू करती है।

2. बैंक विवरण, क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट आदि जैसे अन्य दस्तावेजों के लिए उसी. चीज का पालन किया जा सकता है।

3. मुद्रित रूप में केवल कानूनी दस्तावेजों का उपयोग किया जाना चाहिए और सूचना के सभी अन्य प्रकार के लेन-देन को इंटरनेट के माध्यम से किया जाना चाहिए।

4. एक संगठन के भीतर, हर बार प्रिंट किए गए नोटिस को परिचालित करने के बजाय ईमेल के माध्यम से जानकारी (जैसे आउटलुक मेल एक्सप्रेस) का पालन करना चाहिए।

5. सभी प्रकार के संचार को प्राथमिकता ई-मेल के जरिए किया जाना चाहिए।

6. शैक्षिक संस्थानों और अन्य ऐसे सेट अप, जिनके लिए पंजीकरण आदि की प्रक्रिया की आवश्यकता है, मुद्रित संस्करण में पारंपरिक 10 पृष्ठ (कभी-कभी और भी अधिक) प्रवेश फॉर्म की बजाय ऑनलाइन पंजीकरण और प्रवेश प्रारंभ करना चाहिए। यहां तक कि उम्मीदवारों के इस्तेमाल के लिए इंटरनेट पर प्रॉस्पेक्टस और दिशानिर्देश मैनुअल भी उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

7. परीक्षा का तरीका भी यथासंभव बदलना चाहिए। प्रवेश परीक्षा और अन्य योग्यता परीक्षणों को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन बनाया जाना चाहिए।

कई अन्य समान प्रकार की साधारण चीजें हमारे दिन-प्रतिदिन जीवन में अपनायी जा सकती हैं।

इस प्रकार के उपायों से आपके घर और कार्यस्थल अव्यवस्था मुक्त हो जायेंगे और साथ ही यह पृथ्वी को स्वतंत्र रूप से सांस लेने की अनुमति देगा। ❑

आर्थिक सुधारों का नतीजा

डॉ. वी. के. गोयल, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग

अंतराष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भारत की क्रेडिट रेटिंग में सुधार किया है। मूडीज ने भारत का दर्जा बीएए-3 से बढ़ाकर बीएए-2 कर दिया है। इसका मतलब है कि सबसे कम निवेश की श्रेणी से ऊपर वाली श्रेणी में भारत को रखा गया है।

मूडीज ने भारत की रेटिंग में सुधार के लिए जो आधार प्रस्तुत किए हैं, उनमें सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हो रही बढ़ोतरी, नोटबंदी और जीएसटी के लाभ, डूबते कर्ज से पैदा हुई बैंकों की समस्या दूर करने के लिए सरकार द्वारा दिया गया पैकेज, आधार का प्रसार और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना के लाभ शामिल हैं।

रेटिंग में सुधार से भारत के शेयर व बांड्स बाजार में विदेशी निवेशकों की रुचि बढ़ेगी। बांड्स बाजार की मजबूती से देश की कंपनियों को फंड जुटाने में मदद मिलेगी। आर्थिक और संस्थागत सुधार लगातार आगे बढ़ाने के लिए भारत की क्षमता बेहतर होगी। सरकारी ऋण के लिए व्यापक एवं स्थायी वित्तीय आधार तैयार होगा। इससे मध्यम अवधि में सरकार के सामान्य ऋण बोझ में धीरे-धीरे कमी लाने में मदद मिलेगी। साथ ही, रेटिंग से सार्वजनिक ऋण के ऊंचे स्तर में धीरे-धीरे गिरावट आने की संभावना बढ़ेगी। मूडीज ने नोटबंदी और जीएसटी को महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार माना है। नोटबंदी एक कड़वी दवा थी, पर एक वर्ष बाद उसके लाभ दिखाई दे रहे हैं। विश्व बैंक का तो कहना है कि काले धन को रोकने के परिप्रेक्ष्य में भारत में की गई नोटबंदी दुनिया में अब तक किसी भी देश की सरकार द्वारा उठाया गया सबसे बड़ा सार्थक कदम सिद्ध हुआ है। मूडीज ने जीएसटी को भारत का संस्थागत आर्थिक सुधार कहा है। एक जुलाई, 2017 के पहले तक देश में 17 तरह के अप्रत्यक्ष कर लागू रहे हैं। इतने विभिन्न टैक्सों की जगह अब जीएसटी के तहत माल एवं सेवाओं के लिए चार स्लैब बनाए गए हैं। जीएसटी के तहत छोटा कारोबार करने वालों को राहत दी गई है। 20 लाख रुपये से कम का कारोबार करने वाले कारोबारी पर जीएसटी लागू नहीं हुआ है।

केंद्र सरकार और जीएसटी परिषद द्वारा उद्योग-कारोबार की दिक्कतें दूर करने और ग्राहकों को उपयुक्त लाभ देने के लिए जीएसटी से संबंधित सुधारवादी कदम उठाए जा रहे हैं।

मूडीज के मुताबिक, भारत सरकार द्वारा घोषित किए गए आर्थिक पैकेज फंसे कर्ज की समस्या से जूझ रहे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में नई जान फूंकने और अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाने में लाभप्रद होगा। वस्तुतः सरकारी बैंकों में पुनः पूँजीकरण का कदम एक बड़ा बैंकिंग सुधार है। इससे सरकारी बैंकों को दोबारा सही तरीके से काम करने का अच्छा मौका मिलेगा। मूडीज ने माना है कि भारत के क्रेडिट प्रोफाइल में एक प्रमुख कमजोरी दूर करने का उपाय दिखता है। मध्यम अवधि में यदि निवेश और ऋण के लिए मांग में तेजी आई, तो इससे दमदार आर्थिक वृद्धि दर्ज करने में मदद मिलेगी जिससे राजकोषीय सुदृढ़ीकरण को बल मिलेगा।

सरकार के पास व्यापक आर्थिक व वित्तीय सुधार कार्यक्रम मौजूद हैं, जिनमें से कुछ सुधारों को लागू किया जा चुका है। ऐसे सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाना निवेश और कारोबार में सुधार के लिए जरूरी है। यह भी माना जा रहा है कि ऐसे सुधारों से प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ेगी। आशा करनी चाहिए कि मूडीज की तरह अब अन्य प्रमुख रेंटिंग सुधारने की डगर पर आगे बढ़ेंगी। ❑

आत्म ज्ञान की प्राप्ति

लक्ष्मण सिंह, कनिष्ठ सहायक

एक बार राजा जनक ने ज्ञान प्राप्ति की आकांक्षा से अनेक ज्ञानी जनों को अपने दरबार में आमंत्रित किया। इनमें आठ जगहों से टेढ़े-मेढ़े अष्टावक्र भी आये उन्हे देखकर सभा के सभासद हँसने लगे। उन्हें हँसता देख अष्टावक्र और जोर से हँसने लगे। उन्हें हँसता देख राजा जनक द्वारा उनके हँसने का कारण पूछने पर अष्टावक्र बोले-"राजन्! मैं इसलिए हँसा, क्योंकि मैं गलत सभा में आ गया हूँ। मुझे सूचना थी की यह ज्ञानी जनों की सभा है, परन्तु यहाँ तो चर्मकार बैठे हैं, जो व्यक्ति के ज्ञान का नहीं उनके शरीर की बनावट का मूल्यांकन करते हैं।" यह सुनकर सभी सभासदों के सिर शर्म से झुक गए। राजा जनक को भान हो गया कि अष्टावक्र ही उनके गुरु हो सकते हैं।

राजा जनक उन्हें गुरु मानकर उनके चरणों में झुके तो अष्टावक्र बोले-"पहले आपको गुरु दक्षिणा देनी होगी।" राजा जनक बोले-"ऋषिवर! आप मेरा सारा खजाना ले लें। अष्टावक्र हँसे और बोले-"राजन्! राजकोष तो प्रजा का है, आपका नहीं।" राजा जनक बोले-"तो फिर आप मेरा राज्य ले लीजिए।" अष्टावक्र बोले-"राजन्! राज्य तो अनित्य है और अनित्य पर किसी का अधिकार नही रहता।" राजा जनक बोले- "तो मेरा शरीर आपके सामने समर्पित हैं।" अष्टावक्र बोले-"शरीर तो मन के अधीन रहता है।" राजा जनक ने कहा-"तो आप मेरा मन ही ले लीजिए।" अष्टावक्र ने राजा जनक से संकल्प करवाकर उनसे मन ले लिया और कहा-"अब तुम्हारे मन की समस्त गतिविधियों पर मेरा अधिकार है। इसे मुझे समर्पित करके कर्म करो।"

राजा जनक ने एक सप्ताह तक गुरू-आज्ञा का पालन किया तो उन्हें अनुभव हुआ कि उनके अन्दर निरासक्त भाव पनप रहा है। अष्टावक्र की इस छोटी-सी शिक्षा ने उन्हें आत्मज्ञान का अधिकारी बना दिया।

❑

हास्य कहानी

लोकेश कुमार, बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष

एक बार बड़े भाई ने अपने छोटे भाई से कहा– मेरी सुसराल जाकर अपनी भाभी को ले आ। भाई भाभी को लेने चलने लगा तो बड़े भाई ने कहा– सुन। वहाँ सुसराल में कोई कुछ भी पूछे तो जबाव जरा सोच-समझकर देना। कहा 'हाँ' और 'न' कहना है इसका ख्याल रखना। छोटा भाई चला। रास्ते में सोचता है इस हाँ-न में कुछ चक्कर जरुर है। कहीं ऐसा न हो कि वहाँ कुछ गड़बड़ हो जाए। इसलिए उसने तय किया कि कोई कुछ भी पूछे बस हर सवाल के जबाव में एक बार 'हाँ' दूसरी बार 'न' कहना है।

छोटा भाई सुसराल पहुँचा। स्वागत-सत्कार, भोजन-पानी हुआ। गाँव के सब लोग बैठे। ससुर ने पूछा– गाँव में सब आनन्द मंगल है? इसने कहा– 'हाँ'। फिर पूछा– और तुम्हारे बड़े भाई ठीक है? वह बोला– 'न'। तो क्या बीमार हैं? इसने कहा– 'हाँ'। दवा वगैरह कुछ देते हो? बोला न। तो ज्यादा बीमार हैं? बोला– 'हाँ'। पर बचने की उम्मीद तो है? उसने कहा– 'न'। अरे तो क्या इतने अधिक बीमार हैं? उसने कहा– 'हाँ'। पर हैं तो अभी जिन्दा। उसने कहा– 'न'। तो क्या मर गए हैं? बोला– 'हाँ'।

इसके बाद क्या हुआ मुझे पता नहीं। वैसे भी अब होने को बचा ही क्या।

❑

कार्य की गरिमा-श्रम को अपने जीवन में अपनाएँ

साक्षी चौधरी, बी.कॉम. प्रथम वर्ष

सुख और शांति की कामना सभी करते हैं लेकिन इसके लिए श्रम करना जरूरी है। श्रम ही सफलता का रहस्य है। परिश्रम के बल पर ही हम अपने लक्ष्य तक पहुँच सकते हैं। एक आलसी व अकर्मण्य व्यक्ति कभी भी अपना लक्ष्य या कामयाबी प्राप्त नहीं कर पाता। ऊँची-ऊँची इमारतें, चलने के लिए अच्छी सड़के, स्कूल, अस्पताल आदि हमारी सुविधा की जो तमाम चीजें है, उनमें श्रम की ही ताकत छिपी हुई है। श्रम का महत्व समझने के यह आवश्यक है कि हम श्रम करने वाले हर व्यक्ति को आदर दें तथा उनसे प्रेरणा लें। किसी भी काम को छोटा या बड़ा नहीं समझना चाहिए। कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता बल्कि व्यक्ति की सोच ही इसका कारण है। जब आप अपनी सोच को बदलेंगे तो आपको कोई भी कार्य करने में संकोच नहीं होगा। कुछ व्यक्ति अपने आलस्य के कारण यह सोचकर बैठ जाते हैं कि जो होगा सो भाग्य के अनुसार होगा या वही होगा जो भाग्य में लिखा होगा। परन्तु भाग्य के सहारे बैठने से कछ नहीं होता। भाग्य भी उन्हीं का साथ देता है जो कर्म करते हैं। तथा ईश्वर भी उन्हीं का साथ देते हैं। विद्यार्थी जीवन में तो श्रम का और भी महत्व है। क्योंकि यदि कोई विद्यार्थी पढ़ाई में श्रम करने से जी चुराता है तो वह परीक्षा में सफल नहीं हो पाएगा तथा उसका जीवन भी किसी कार्य का नहीं रहेगा। इसीलिए श्रम ही समस्त सफलताओं का रहस्य है जो चाहे किसी भी क्षेत्र में ही हमें श्रम की शुरूआत अपने घर से ही करनी चाहिए। पढ़ाई के अलावा घर के भी कामों में श्रम का परिचय देना चाहिए तथा हर सम्भव कार्य में अपने श्रम का योगदान करना चाहिए। खेंतों में किसान दिन-रात मेहनत करके हम तक अनाज उगाकर पहुँचाता है तथा मजदूरों द्वारा फैक्ट्रियों में किए जाने वाले श्रम द्वारा ही अनेक वस्तुएँ हम तक पहुँचती हैं। जो व्यक्ति श्रम करता है उसे पत्थरों पर भी नींद आ जाती है तथा श्रमहीन व्यक्ति करवटें ही बदलता है। ईश्वर ने हमें हाथ-पैर सहित सशक्त शरीर दिया है तो उसका उपयोग भी हमें श्रमकार्य में व्यतीत करना चाहिए। कहते हैं कि खाली दिमाग शैतान का घर होता है जब आप कोई कार्य करते हैं तो आपका दिमाग व्यस्त हो जाता है तथा व्यस्त दिमाग में उल्टे-सीधे विचार नहीं आते तथा व्यस्त मस्तिष्क मस्त रहता है। इसलिए हम सभी को अपने जीवन में श्रम को अपनाना चाहिए जिससे कि हम अर्कमण्य न बनें तथा अपना सारा जीवन श्रम करने में बिताएँ। श्रम से सुविधा मिलती है परन्तु सुविधाभोगी न बनकर हमें परिश्रम करते रहना चाहिए। अतः श्रम ही समस्त सुखों का मूल रहस्य है महान अर्थशास्त्री एडम स्मिथ के अनुसार, ''श्रम बढ़ेगा तथा ही देश का विकास होगा।

❑

हँसो हसाँओ

श्रीकान्त शर्मा, बी.एस-सी. तृतीय वर्ष

एक दिन स्कूल में, इंसपेक्टर करने आया जाँच,
दो और दो कितने होते, लड़का बोला पाँच,
मास्टर जी आगे आये,
बच्चे की पीठ थप थपाये,
इंसपेक्टर बोला अरे ओ सत्यानाशी,
गलत गणित पर बच्चे को देता शाबाशी
मास्टर बोला, हुजुर क्यों होते हो नाराज,
बतलाता हूँ तुम्हे इसका भी राज
कल इसने बतलाये,
दो और दो छह और आज बतलाये पाँच,
इसी प्रकार प्रगति करता जाएँगा।
कल हुजुर स्वयं चार पर आयेगा ॥ ❑

देश भक्तों को नमन

ऊषा कुशवाहा, बी. कॉम. तृतीय वर्ष

मैं भारत वर्ष का हरदम अमिट सम्मान करती हूँ,
यहाँ की चाँदनी मिट्टी का ही गुणगान करती हूँ।
मुझे चिंता नही है स्वर्ग जाकर मोक्ष पाने की,
तिरंगा हो न काला मेरा बस यही अरमान रखती हूँ।
कुछ नशा तिरंगो की आन का है,
कुछ नशा मातृभूमि के मान का है।
हम लहराएगें हर जगह यह तिरंगा,
नशा यह हिन्दुस्तान की शान का है।
खुशनसीब है वो जो वतन पर मिट जाते है,
मर कर भी वे लोग अमर हो जाते है।
करती हूँ उन्हें सलाम ए वतन पर मरने वालों,
तुम्हारी हर साँस में तिरंगा का नसीब बसता है।।
लिख रही हूँ मैं अंजाम जिसका कल आगाज आएगा,
मेरे लहू का हर एक कतरा इंकलाब लाएगा।
मैं रहूँ या न रहूँ ये वादा है तुमसे मेरा
कि मेरे बाद वतन पर मरने वालों का सैलाब आएगा।
आजादी की कभी शाम नही होने देगें,
शहीदों की कुर्बानी बदनाम नहीं होने देगें,
बची हो जो एक बूँद भी लहू की,
तब तक भारत माता का आँचल नीलाम नहीं होने देगे।
खूब बहती है अमन की गंगा बहने दो,
मत फैलाओं देश में दंगा रहने दो।
लाल-हरे रंग में ना बाटो हम को,
मेरी छत पर एक तिरंगा रहने दो।
करते है अलविदा हम इस जहान को,
जाकर खुदा के घर से आया ना जाएगा।
हमने लगाई आग है। जो इंकलाब की,
इस आग को किसी से बुझाया ना जाएगा।
मुझे न तन चाहिए ना धन चाहिए,
बस अमन से भरा यह वतन चाहिए।
जब तक जिंदा रहूँ इस मातृभूमि के लिये,
और जब मरूँ तिरंगा काला न चाहिए।
'जय हिन्द जय भारत'

❑

हे शिक्षक तुम्हे नमन

रुबी कुमारी, बी.ए. द्वितीय वर्ष

महान हो तुम गुणवान हो तुम
ज्ञान की सदा से शान हो तुम।
जल से निर्मल पुष्प से कोमल
शिष्यों के भाग्य विधाता हो तुम
नदियों से, पर्वत से ऊँचे
सूरज जैसे तेजवान हो तुम।
सागर से गम्भीर, हृदय से कोमल
ज्ञान गंगा का भंडार हो तुम
इस जग में तुम सा कोई नही
सम्पूर्णता का वरदान हो तुम
हे शिक्षक तुम्हे नमन...

❑

शैक्षिक नेतृत्व

डॉ. आर. के. अग्रवाल, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग

नेतृत्व से अभिप्राय व्यक्ति के व्यवहार के उस गुण से है जिसके द्वारा वह अन्य लोगों को संगठित कर अपने प्रयास से संबंधित कार्य कराने में मार्ग दर्शन करता है। प्रत्येक क्षेत्र में 'नेतृत्व योग्यता' की आवश्यकता होती है। धार्मिक, भौतिक, आर्थिक, व्यवसायिक आदि अनेक क्षेत्रों में 'नेतृत्व' के बिना व्यवस्था अनियन्त्रित रहती है। प्रायः समाज में प्रत्येक समूह, किसी न किसी व्यक्ति को नेता के रूप में स्वीकार करके ही अपनी सन्तुष्टि करता है, समूह को यह विश्वास होता है कि दुःख तथा झंझटों में, विवाद पूर्ण परिस्थितियों में आपका नेता, निसंकोच सहायता कर सकता है। समूह अपने कार्यों में अत्यधिक व्यस्त रहते हैं, विषम समस्याओं के निराकरण के लिए दौड़-धूप करना उनके स्वाभावानुकूल नहीं होता है। अतएव वे अपने कार्यभार को हल्का करने के लिए अथवा सुरक्षा के लिए किसी योग्य व्यक्ति का नेता के रूप में चयन करके निश्चित हो जाते हैं। समूह के व्यक्ति—'नेतृत्व' उसी को सौंपते हैं जो योग्य होता है, अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों की भाँति शिक्षा का क्षेत्र भी समाज कल्याण में सहायक होता है। लोकतन्त्र में शिक्षा के महत्व को सर्वोपरि समझा जाता है। शैक्षिक क्षेत्र में भी यदि योग्य 'नेतृत्व' की प्राप्ति होती है तो शिक्षा का स्तर उचित दिशा में विकसित होता चला जाता है। अविकसित परिस्थितियों में अन्य देशों की शैक्षिक दशाओं का अनुसरण करते रहने से कार्य तो चल सकता है, परन्तु विकासशील एवं लोकतन्त्रीय देशों की शिक्षा की सुव्यवस्था के लिए, मौलिकता तथा समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा प्रणाली का होना आवश्यक है। परन्तु शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन तथा संशोधन करने से ही शिक्षा जगत में सुधार तब तक नहीं हो सकता जब तक शैक्षिक क्षेत्र में सुदृढ़ नेतृत्व की स्थापना न हो जाये। 'शैक्षिक नेतृत्व' के सम्बन्ध में अन्य बातों को जानने से पूर्व इसके अर्थ एवं महत्व को समझना आवश्यक है।

वर्तमान युग में शिक्षा का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक हो गया है। शिक्षा-मन्त्रालय, शिक्षा विभाग तथा विद्यालयों में सभी प्रकार के पदों पर व्यक्तियों को कार्य करना पड़ता है। इनमें से कुछ व्यक्ति, प्रशासन के रूप में अपना कार्य का निर्वाह करते हैं तथा अन्य व्यक्तियों से आशा की जाती है कि वे प्रशासक के आदेश के अनुरूप कार्य करें। वस्तुतः शिक्षा के क्षेत्र में निदेशक, विद्यालय निरीक्षक, प्रधानाचार्य/प्राचार्य, विभागाध्यक्ष तथा कुछ वरिष्ठ अध्यापकों और प्रशासकों को ही अपने उत्तरदायित्वों को निभाना पड़ता है। शिक्षा क्षेत्र में इन प्रशासकों को ही 'नेता' के रूप में स्वीकार किया जाता है ऐसे व्यक्तियों को शिक्षा तथा विद्यालय सम्बन्धी अनेक समस्याओं का विधिवत ज्ञान होना चाहिए। 'पाठयक्रम', 'पाठयपुस्तक', 'शिक्षण विधि', शिक्षक व्यवहार, मूल्यांकन प्रक्रिया का, प्रशासकों को सम्यक होना चाहिए। किन्तु यहाँ प्रश्न यह है कि क्या इन सभी बातों की पूर्ण जानकारी रखने पर तथा प्रसिद्ध होने पर कोई भी व्यक्ति सफल प्रशासक बन सकता है? यदि बात पूर्ण रूप से सही होती तो देश के सभी विद्वानों तथा ज्ञानियों को खोज खोजकर, शिक्षा विभाग में, प्रशासक पद पर नियुक्त करने की प्रथा अवश्य होती। आँकड़े इस तथ्य को प्रमाणित करते हैं कि विद्वता तथा प्रशासन योग्यता में कोई धनात्मक सम्बन्ध नहीं है। इसके विपरीत यह भी देखने में आता है कि अन्य व्यक्तियों की अपेक्षा शैक्षिक योग्यता में कुछ कम योग्य होने पर भी कुछ प्रशासक अपने क्षेत्रों में इतने अधिक कार्यकुशल होते हैं कि बड़े-बड़े विद्वान तथा जनता के प्रभावशाली व्यक्ति भी उनके व्यक्तित्व का लोहा मानते हैं तो फिर भी इनमें ऐसी कौन-सी विशेषता है जिसके कारण कोई प्रशासक, स्थायी प्रभाव को प्राप्त कर लेता है तथा जिसके अभाव में वह अवकाश प्राप्ति के समय तक उदरपूर्ति को करता रहता है परन्तु उसके सम्पर्क में रहने वाले व्यक्ति, सदैव उसकी निन्दा करते हैं। ❑

पढ़ाई में मन कैसे लगायें

यजवेन्द्र कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, भौतिकी विभाग

आजकल सभी विद्यार्थी अपनी कक्षा में टॉप करना चाहते है। लेकिन उनकी एक ही समस्या होती है कि वह एक या दो घंटो से ज्यादा देर तक नहीं पढ़ पाते. यह समस्या अधिकतर सभी विद्यार्थियों को आती है। इस समस्या को दूर करने के लिए यहाँ आपको कुछ ऐसी आसान टिप्स बताई जा रही है जिनको आप डेली फोकस करके अपने पढ़ने का समय 2 घंटे तक बढ़ा सकते है। पढ़ाई करते समय ध्यान देने योग्य बातें–

1. पढ़ते समय आप केवल चेयर पर बैठकर ही पढ़ाई करे। पढ़ाई करते-करते बिस्तर पर लेटने से हमारा ध्यान पढ़ाई से ज्यादा सोने में लगता है। और हमें नींद आने लगती है।
2. एकांत वाली जगह में पढ़े जहां हल्ला गुल्ला बिलकुल भी न हो।
3. पढ़ते समय टेलीविजन, रेडियो या गाने भी बंद रखे ।
4. पढ़ते समय अपना मोबाइल स्विच ऑफ या साईलेंट मोड में रखे। क्योकि एक रिंग आने से ही आपका ध्यान पढ़ाई से हट सकता है। मोबाइल को खुद से दूर रखे।
5. पढ़ने से पहले सोच ले की आपको कौन सा विषय पढ़ना है। सभी विषयों को एक साथ न पढ़े।
6. पढ़ाई करते समय विचार मंथन जरुर करें रटने की प्रवृत्ति से बचे।
7. पढ़े हुए पाठ्य पर अपने मित्रों से विचार-विमर्श जरुर करें, ग्रुप डिस्कशन पढाई में लाभदायक होता है।
8. कुछ टॉपिक्स ऐसे होते है। जो हमारे माइंड में ज्यादा देर तक नहीं रह पाते ऐसे टॉपिक्स के शार्ट नोट्स बना ले। इन नोट्स से आपको परीक्षा की तैयारी के लिए काफी मदद भी मिलेगी।
9. कोई भी पाठय कम से कम दो से तीन बार तक जरुर पढ़े।
10. ग्राफ, रेखाचित्रों या मानचित्रों आदि की मदद से भी आप पढ़ सकते है. इस टिप्स से आप अपना पढ़ा हुआ लम्बे समय तक याद रख सकते है।

पढाई करते समय अपना ध्यान कैसे केंद्रित करें

एकांत जगह को चुने– पढ़ाई करने के लिए आप किसी ऐसी जगह का चुनाव करे जो एकांत हो अर्थात जहाँ शोरगुल बिलकुल भी ना हो। ऐसे जगह पर न जाये जहां पर टीवी या रेडियो चल रहा हो। पढ़ते समय एक आरामदायक कुर्सी का प्रयोग करें इसके साथ साथ अच्छी प्रकाश व्यवस्था होनी चाहिए। अध्ययन हेतु सब सामान पास में हो पढ़ते समय आपकी जरूरत का सारा सामान आपके पास होना चाहिए।

पढ़ते समय बार बार अपनी जगह से न उठे। बार बार उठने से आपको डिस्टर्ब तो होगा ही बल्कि आपका मन दुबारा से पढ़ाई में लगे ये भी मुश्किल है। जिस रूम में आप पढ़ रहे है। याद रहे वहाँ उपस्थित सभी सामान व्यवस्थित तरीके से होना चाहिए। ताकि आपके मन में अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

पढ़ाई एक अच्छे सहपाठी के साथ करे यदि संभव हो तो आप पढ़ते समय अपने किसी अच्छे सहपाठी को भी इनवाइट कर सकते है। आपके साथ पढ़ने वाला सहपाठी ऐसा होना चाहिए जो आपकी तुलना में अधिक होशियार हो। आप दोनों मित्र पढ़ाई को और ज्यादा इंटरेस्टिंग करने के लिए कॉम्पिटिशन भी कर सकते है। कॅम्पिटिशन करने से कार्य में दिलचस्पी बढ़ने लगती है और दोनों को पहले की अपेक्षा जल्दी याद भी होगा।

मोबाइल को खुद से दूर रखें पढ़ते समय मोबाइल को खुद से दूर रखना अति आवश्यक है यदि आप ध्यानपूर्वक कुछ पढ़ रहे हैं और अचानक आपके मोबाइल की रिंग बज पड़ती है तो आपका ध्यान पढ़ाई से पूरे तरीके से हट मोबाइल पर जाता है और आपका दिमाग विचलित होने लगता है इसलिए पढ़ते समय मोबाइल को एयरप्लेन या साइलेंट मोड में रखें।

थोड़ा ब्रेक जरूर ले पढ़ने के लिए एक समय सारिणी तैयार रखे। यदि आपको पढ़ते पढ़ते 50 से 60 मिनट हो चुके हो तो पढ़ाई के बीच 05 से 10 मिनट का ब्रेक जरूर ले। क्योंकि लगातार पढ़ाई करने से आपका दिमाग थक जाता है. जिससे आप जो याद करते हैं वह अपनी थकान की वजह से ज्यादा देर तक याद नहीं रख पाते। ❑

जिन्दगी कैसी होती है

ज्योति कुमारी, बी.कॉम. प्रथम वर्ष

कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है
कभी हँसना तो कभी रोना भी पड़ता है
ये जिन्दगी एक खेल की तरह है
इससे कभी कभी मजबूर भी होना पड़ता है।
जिन रास्तों पर फूल बिछते है
उस पर काँटे ही नजर आते हैं
जिन्हें समझते है अपना वे ही पराये हो जाते है।
तकदीर किस्मत मानकर यूँ ही रो पडते है।
ये जिन्दगी एक खेल की तरह है
इसमें कभी-कभी मजबूर, भी होना पड़ता है।
गम तो हर वक्त पास आते रहते है
हमेशा आँखों से आँसू भी बहते रहते है।
जो अपने जख्मों को हृदय से छुपाये
लोग भी न जाने कैसे होते है उन जख्मों को
कुरेदते है उस वक्त आँसुओं को सैलाब होना पड़ता है।
ये जिन्दगी एक खेल ही तरह है
इसमें कभी कभी मजबूर भी होना पड़ता है
इसमें कुछ कमी इन्सान की तो कुछ कमी तकदीर की।
कुछ कमी हमारी आँखों की तो कुछ कमी हमारे लिए पानी की।
पर दुख के समय में तो रोना पड़ता है।
ये जिन्दगी एक खेल की तरह है
इसमें कभी-कभी मजबूर भी होना पड़ता है। ❑

शिक्षा

पायल, बी.कॉम. प्रथम वर्ष

शिक्षा सभ्य बना देती है पढ़कर देखो,
ऊँचा बनना है तो सीढ़ी चढ़कर देखो,
एक दिन लोग अवश्य तुम्हारा मान करेगें,
अच्छाइयों की राह पर चलकर देखो।
पढ़ने को वरदान बनाकर देखो
शिक्षा को सम्मान बनाकर देखो।
सपनों को साकार बनाकर देखो।
सपनों की राह पर चलकर देखो,
बुलदिंयो की राह को छूकर देखो
एक दिन मंजिल अवश्य मिलेगी,
मेहनत की किताब पढ़कर देखो।
जीवन की राह में आगे बढ़कर देखो
बुराईयों की राह से पीछे हटकर देखो,
सम्मान तो अवश्य करेगा ही हर कोई,
स्वंय को तुम थोड़ा-सा बदलकर देखो।
मुश्किलों में भाग जाना आसान होता है
हर पहलू जिंदगी का इम्तेहान होता है
डरने वालों को कुछ नहीं मिलता जिंदगी में,
मेहनत करने वालों के कदमों में जहान होता है।
''अभी तो असली मंजिल पाना बाकी है,
अभी तो इरादों का इम्तेहान बाकी है
अभी तो तोली मिट्टी भर जमीं
अभी तो तोलना आसमां बाकी है। ❑

ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव

सीमान्त दुबे, विभागाध्यक्ष, असिस्टेंट प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा विभाग

जो पानी को बरबाद करते हैं, उनसे मैं यही पूछना चाहता हूँ कि क्या उन्होंने बिना पानी के जीने की कोई कला सीख ली है, तो हमें भी बताए, ताकि भावी पीढी बिना पानी के जीना सीख सके। नहीं तो तालाब के स्थान पर मॉल बनाना क्या उचित है? आज हो यही रहा है। पानी को बरबाद करने वालो यह समझ लो कि यही पानी तुम्हें बरबाद करके रहेगा। एक बूँद पानी का मतलब एक बूँद खून, यही समझ लो। पानी आपने बरबाद किया, खून आपके परिवार वालों का बहेगा। क्या अपनी आँखों को इतना सक्षम बना लोगे कि अपने ही परिवार के किसी प्रिय सदस्य का खून बेकार बहता देख पाओगे? अगर नहीं, तो आज से ही नहीं, बल्कि अभी से पानी की एक-एक बूँद को सहेजना शुरू कर दो। अगर ऐसा नहीं किया, तो मारे जाओगे।

वैश्विक तापमान यानी ग्लोबल वार्मिंग आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। इससे न केवल मनुष्य, बल्कि धरती पर रहने वाला प्रत्येक प्राणी परेशान है। ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए दुनिया-भर में प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन समस्या कम होने के बजाय साल-दर-साल बढ़ती ही जा रही है। चूंकि यह एक शुरुआत भर है, इसलिए अगर हम अभी से नहीं संभलें तो भविष्य और भी भयावह हो सकता है। आगे बढ़ने से पहले हम यह जान लें कि आखिर ग्लोबल वार्मिंग है क्या?

क्या है ग्लोबल वार्मिंग?

जैसा कि नाम से ही साफ है, ग्लोबल वार्मिंग धरती के वातावरण के तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी है। हमारी धरती प्राकृतिक तौर पर सूर्य की किरणों से ऊष्मा प्राप्त करती है। ये किरणें वायुमंडल से गुजरती हुई धरती की सतह से टकराती हैं और फिर वहीं से परावर्तित होकर पुनः लौट जाती हैं। धरती का वायुमंडल कई गैसों से मिलकर बना है जिनमें कुछ ग्रीनहाउस गैसें भी शामिल हैं। इनमें से अधिकांश धरती के ऊपर एक प्रकार से एक प्राकृतिक आवरण बना लेती हैं। यह आवरण लौटती किरणों के एक हिस्से को रोक लेता है और इस प्रकार धरती के वातावरण को गर्म बनाए रखता है। गौरतलब है कि मनुष्यों, प्राणियों और पौधों के जीवित रहने के लिए कम से कम 16 डिग्री सेल्शियस तापमान आवश्यक होता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ग्रीनहाउस गैसों में बढ़ोतरी होने पर यह आवरण और भी सघन या मोटा होता जाता है। ऐसे में यह आवरण सूर्य की अधिक किरणों को रोकने लगता है और फिर यहीं से शुरू हो जाते हैं ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव।

क्या है ग्लोबल वार्मिंग की वजह– ग्लोबल वार्मिंग के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार तो मनुष्य और उसकी गतिविधियां ही हैं। अपने आप को इस धरती का सबसे बुध्दिमान प्राणी समझने वाला मनुष्य अनजाने में या जानबूझकर अपने ही रहवास को खत्म करने पर तुला हुआ है। मनुष्य जनित इन गतिविधियों से कार्बन डाइआक्साइड, मिथेन, नाइट्रोजन ऑक्साइड इत्यादि ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा में बढ़ोतरी हो रही है जिससे इन गैसों का आवरण सघन होता जा रहा है। यही आवरण सूर्य की परावर्तित किरणों को रोक रहा है जिससे धरती के तापमान में वृद्धि हो रही है। वाहनों, हवाई जहाजों, बिजली बनाने वाले संयंत्रों, उद्योगों इत्यादि से अंधाधुंध होने वाले गैसीय उत्सर्जन की वजह से कार्बन डायआक्साइड में बढ़ोतरी हो रही है। जंगलों का बड़ी संख्या में हो रहा विनाश इसकी दूसरी वजह है। जंगल कार्बन डायआक्साइड की मात्रा को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित करते हैं, लेकिन इनकी बेतहाशा कटाई से यह प्राकृतिक नियंत्रक भी हमारे हाथ से छूटता जा रहा है।

इसकी एक अन्य वजह सीएफसी है जो रेफ्रीजरेटर्स, अग्निशामक यन्त्रों इत्यादि में इस्तेमाल की जाती है। यह धरती के ऊपर बने एक प्राकृतिक आवरण ओजोन परत को नष्ट करने

का काम करती है। ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली घातक पराबैंगनी किरणों को धरती पर आने से रोकती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस ओजोन परत में एक बड़ा छिद्र हो चुका है जिससे पराबैंगनी किरणें सीधे धरती पर पहुंच रही हैं और इस तरह से उसे लगातार गर्म बना रही हैं। यह बढ़ते तापमान का ही नतीजा है कि ध्रुवों पर सदियों से जमी बर्फ भी पिघलने लगी है। विकसित हो या अविकसित देश, हर जगह बिजली की जरूरत बढ़ती जा रही है। बिजली के उत्पादन के लिए जीवाष्म ईंधन का इस्तेमाल बड़ी मात्रा में करना पड़ता है। जीवाष्म ईंधन के जलने पर कार्बन डायआक्साइड पैदा होती है जो ग्रीनहाउस गैसों के प्रभाव को बढ़ा देती है। इसका नतीजा ग्लोबल वार्मिंग के रूप में सामने आता है।

ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव– वातावरण का तापमान पिछले दस सालों में धरती के औसत तापमान में 0.3 से 0.6 डिग्री सेल्शियस की बढ़ोतरी हुई है। आशंका यही जताई जा रही है कि आने वाले समय में ग्लोबल वार्मिंग में और बढ़ोतरी ही होगी।

समुद्र सतह में बढ़ोतरी– ग्लोबल वार्मिंग से धरती का तापमान बढ़ेगा जिससे ग्लैशियरों पर जमा बर्फ पिघलने लगेगी। कई स्थानों पर तो यह प्रक्रिया शुरू भी हो चुकी है। ग्लैशियरों की बर्फ के पिघलने से समुद्रों में पानी की मात्रा बढ़ जाएगी जिससे साल-दर-साल उनकी सतह में भी बढ़ोतरी होती जाएगी। समुद्रों की सतह बढ़ने से प्राकृतिक तटों का कटाव शुरू हो जाएगा जिससे एक बड़ा हिस्सा डूब जाएगा। इस प्रकार तटीय इलाकों में रहने वाले अधिकांश लोग बेघर हो जाएंगे।

मानव स्वास्थ्य पर असर– जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर मनुष्य पर ही पड़ेगा और कई लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पडेगा। गर्मी बढ़ने से मलेरिया, डेंगू और यलो फीवर जैसे संक्रामक रोग बढ़ेंगे। वह समय भी जल्दी ही आ सकता है जब हममें से अधिकाशं को पीने के लिए स्वच्छ जल, खाने के लिए ताजा भोजन और श्वास लेने के लिए शुद्ध हवा भी नसीब नहीं हो।

पशु-पक्षियों व वनस्पतियों पर असर– ग्लोबल वार्मिंग का पशु-पक्षियों और वनस्पतियों पर भी गहरा असर पड़ेगा। माना जा रहा है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही पशु-पक्षी और वनस्पतियां धीरे-धीरे उत्तरी और पहाड़ी इलाकों की ओर प्रस्थान करेंगे, लेकिन इस प्रक्रिया में कुछ अपना अस्तित्व ही खो देंगे।

शहरों पर असर– इसमें कोई शक नहीं है कि गर्मी बढ़ने से ठंड भगाने के लिए इस्तेमाल में लाई जाने वाली ऊर्जा की खपत में कमी होगी, लेकिन इसकी पूर्ति एयर कंडिशनिंग में हो जाएगी। घरों को ठंडा करने के लिए भारी मात्रा में बिजली का इस्तेमाल करना होगा। बिजली का उपयोग बढ़ेगा तो उससे भी ग्लोबल वार्मिंग में इजाफा ही होगा।

ग्लोबल वार्मिंग से कैसे बचें?– ग्लोबल वार्मिंग के प्रति दुनियाभर में चिंता बढ़ रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाली संयुक्त राष्ट्र की संस्था इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज और पर्यावरणवादी अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति अल गोर को दिया गया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वालों को नोबेल पुरस्कार देने भर से ही ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निपटा जा सकता है? बिल्कुल नहीं। इसके लिए हमें कई प्रयास करने होंगे–

1. सभी देश क्योटो संधि का पालन करें। इसके तहत 2012 तक हानिकारक गैसों के उत्सर्जन को कम करना होगा।

2. यह जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। हम सभी भी पेट्रोल, डीजल और बिजली का उपयोग कम करके हानिकारक गैसों को कम कर सकते हैं।

3. जंगलों की कटाई को रोकना होगा। हम सभी अधिक से अधिक पेड लगाएं। इससे भी ग्लोबल वार्मिंग के असर को कम किया जा सकता है।

4. टेक्नीकल डेवलपमेंट से भी इससे निपटा जा सकता है। हम ऐसे रेफ्रीजरेटर्स बनाएं जिनमें सीएफसी का इस्तेमाल न होता हो और ऐसे वाहन बनाएं जिनसे कम से कम धुआँ निकलता हो।

❑

आत्म-परीक्षण

पूनम वर्मा, एम.ए., द्वितीय वर्ष (संस्कृत)

एक युवक किराने की दुकान पर गया। वहां सिक्का डालने वाला सार्वजनिक फोन लगा था। उसने एक रुपये का सिक्का डालकर एक नंबर डायल किया। युवक ने फोन पर किसी महिला से कहा, 'मैम, क्या आप मुझे अपने बगीचे की घास काटने का काम देंगी? महिला ने कहा मेरे पास तो पहले से ही एक युवक काम कर रहा है। इसलिए मुझे दूसरे युवक को जरुरत नहीं है।' युवक बोला, 'आपके यहां जो युवक काम करता है, मैं उससे भी कम पैसों में यह काम करने को तैयार हूं।' महिला ने कहा, 'लेकिन जो मेरे यहां काम करता है, मैं उसके काम से खुश हूं। बात पैसों की नहीं है, हमें जैसा काम चाहिए वैसा ही वह करता है।'

लड़का जोर देकर बोला, वह जितना काम करता है, मैं उससे ज्यादा काम करूंगा। सिर्फ बगीचा ही नहीं मैं आपके दालान और गैरेज को भी साफ कर दिया करूंगा। इतना ही नहीं आपके बगीचे को कॉलोनी का सबसे सुंदर बगीचा बना दूँगा।'

महिला ने कहा, 'माफ कीजिए, हमें इसकी जरूरत नहीं है।' लड़के ने फोन का रिसीवर रख दिया। जिस दुकान पर लड़का फोन से बात रहा रहा था उसका दुकानदार लड़के की बात ध्यान से सुन रहा था। उसे भी एक मेहनती लड़के की जरूरत थी। उसने लड़के से कहा, 'मुझे तुम जैसे काम करने वाले लड़के की ही तलाश थी। तुम मेरे यहां काम कर लो।' लड़के ने विनम्रतापूर्वक कहा, 'नहीं, धन्यवाद। मुझे काम नहीं चाहिए।'

दुकानदार हैरानी से बोला लेकिन अभी तो तुम फोन पर काम पाने के लिए किसी महिला के सामने गिड़गिड़ा रहे थे। मैं तुम्हें घर बैठे काम दे रहा हूं। तो तुम नखरे करने लगे।'

लड़का बोला, 'महोदय, सच्चाई यह है कि मुझे काम की जरूरत नहीं है। मैं तो अपने काम की परीक्षा ले रहा था। उसे महिला के घर काम करने वाला लड़का मैं ही हूँ।

कथा मर्म–हर व्यक्ति को अपने काम का आत्म–परिक्षण करते रहना चाहिए, तभी वह अपनी कमियों को जानकर सुधार पाता है। ❑

हार में एक जीत है

सोनू कुमार, एम.एस-सी. प्रथम वर्ष (रसायन विज्ञान)

तेरी हार में एक जीत है,
तू हार से न खुद को निराश कर,
जीतेगा भी तु, हारेगा भी तू,
यूँही खुद को तू निराश न कर
न परवाह कर, न फिक्र कर,
बस अपने इरादे बुलंद कर
तेरी हार में एक जीत है,
तू हार से न खुद को निराश कर।

विश्वास रखेगा अगर खुद पर तो
हर मुश्किल को पीछे छोड़ जायेगा,
एक दिन तेरी राहों में ऐसा भी आयेगा
नाम सग में माँ-बाप का रोशन कर जायेगा,
फिर तू ही तू नजर आयेगा,
तू ही तू नजर आयेगा।
तेरी हार में एक जीत है
तू हार से न खुद को निराश कर।

जो हौंसला रखते है आसमाँ छूने की,
परवाह नहीं करते गिर जाने की,
वो तो हमेशा जीतते है,
सोचते नहीं कभी हारने की
तेरी हार में एक जीत है,
तू हार से न खुद को निराश कर
जीतेगा भी तू, हारेगा भी तू,
यूँही खुद को तु निराश न कर।

❑

हमारी राष्ट्र भाषाः हिन्दी

गीता भारद्वाज, एम.ए. (संस्कृत)

देश को आजाद हुए साल हो गये परन्तु देश में अभी तक अनेक क्षेत्रों में अंग्रेजी भाषा का बोलबाला है और इसके विपरीत हिन्दी भाषा का निरन्तर ह्रास हो रहा है। मैं किसी भाषा के विरोध में नहीं हूँ और न ही इसे सीखने बालों के! ठीक है हमें अन्य भाषाओं का ज्ञान भी होना आवश्यक है परन्तु इसका अर्थ यह तो नहीं है कि हम अपनी मातृभाषा को ही भुला दें। वैसे आजकल कहीं-कहीं हिन्दी भाषा का प्रयोग भी देखने को मिलता है परन्तु उस मात्रा में नहीं जिस मात्रा में अंग्रेजी भाषा का प्रयोग होता है। जैसे—न्यायालय, अस्पताल इत्यादि में अंग्रेजी भाषा का ही प्रयोग करते हैं।

हिन्दी की दशा को देखते हुए छत्तीसगढ़ के एक हाइकोर्ट ने निर्णय लिया है कि वह अपने सारे निर्णय हिन्दी में ही सुनायेगा और मैं आशा करती हूँ कि उसके इस निर्णय का सम्मान करते हुए अन्य प्रदेश भी उसका अनुसरण करें।

स्वतन्त्रता के समय यह निर्णय लिया गया था कि सन् 1965 तक अंग्रेजी से काम लिया जायेगा उसके पश्चात् इसे हटा दिया जायेगा और हिन्दी भाषा को मातृभाषा का पद दे दिया जायेगा। परन्तु सन् 1963 के अधिनियम के द्वारा हिन्दी कें साथ-साथ अंग्रेजी को भी सम्मिलित कर लिया गया।

विश्व के अन्य देश अपनी-अपनी भाषाओं पर गर्व करते हैं परन्तु हमारे भारतीय लोगों को अपनी भाषा को बुलाने में भी लज्जा आती है अपनी मातृभाषा को बोलने में पता नहीं नही कौन—सी समस्या होती है परन्तु हमारे देश में प्रायः यह देखा जाता है कि हमारे देशवासी हिन्दी और संस्कृत को ही तुच्छ दृष्टि से देखते हैं। हिन्दी बोलने में उनको अपमान का अनुभव होता है और अंग्रेजी बोलने में बडप्पन समझते हैं।

देश के कुछेक प्रान्तों में हिन्दी भाषा का विरोध करते हैं अरे दोस्तों-विरोध करना है तो विदेशी भाषाओं का करो अपनी मातृभाषा का ही क्यों? अन्य देशों से कुछ तो सीखो हिन्दी भाषा के लिए अपने-अपने हृदय में सम्मान लाओ तभी तो हमारी भाषा का विदेशों में प्रचार—प्रसार होगा। ❑

बिटिया

प्रियंका रानी, बी.एड. द्वितीय वर्ष

पग-पग संघर्ष करती हैं बिटिया
अजन्मी ही आज मरती हैं बिटिया
कुछ पाने की चाह में फूल सी खिली
अजन्मी खुशबु बिखेरती हैं बिटिया
बेटों से बढ़कर होती हैं बिटिया
चाँदनी-सी बढ़कर होती हैं बिटिया
इसी विरोधाभास में पलती हैं बिटिया
चुनौतियों के आगे न कभी हारने वाली
वक्त के हर साँचे में ढलती हैं बिटिया
पत्नी से माता बनी, भाई की बनी बहन सभी
रूपों में दर्द को सहती हैं बिटिया
विपरीत हालातों से जीकर भी खुद
दहेज की ज्वाला में जलती हैं बिटिया
पराये घर की रोशनी होकर भी
उम्र भरी सपने-सी विचारती हैं बिटिया
जिन्दगी भर-संघर्ष जीवन बिटिया का

❑

राष्ट्र ध्वज का मतलब

अनिल अग्रवाल, नैत्यिक लिपिक

गाँधी के तीन करीबी राजनीतिक सहयोगी थे, जवाहरलाल नेहरू, बल्लभभाई पटेल और सी राजगोपालाचारी जिन्हें राजाजी के नाम से जाना जाता था। एक युवा राष्ट्रवादी ने एक बार उन्हें महात्मा का हार्ट (दिल), 'हैंड' (हाथ) और 'हेड' (सिर) बताया था। नेहरू ने, गांधी के दिल के रूप में अपने खुद के करिश्मे और वक्तृत्व कौशल के जरिये महात्मा के संदेश को व्यापक लोगों तक पहुंचाया। पटेल ने, गांधी के हाथ के रूप में जमीनी स्तर पर राष्ट्रवादी आंदोलन की स्थापना की, कांग्रेस पार्टी का संचालन करने के साथ ही बड़े सत्याग्रहों को संगठित किया। राजाजी ने, गांधी के सिर या मस्तिष्क के रूप में नैतिक और बौद्धिक सुझाव दिए।

हाल ही में अहमदाबाद स्थित साबरमती अभिलेखागार में कुछ काम करते हुए मेरा सामना राजाजी की तीक्ष्णता और विद्वता से जुड़े कुछ नए उदाहरण से हुआ। 1937 में ब्रिटिश भारत के अनेक प्रांतों में कांग्रेस की सरकारें सत्ता में आई। पहली बार भारतीयों को सीमित अर्थों में ही सही स्वशासन का एहसास हुआ, इससे युवाओं में राष्ट्रवादी, भावनाओं का विस्तार हुआ, इसके साथ व्यापक रूप में तिरंगे का प्रचार भी दिखा, जिसे कांग्रेस ने राष्ट्रध्वज के रूप में पहले ही स्वीकार कर लिया था। इसमें रंगों का वैसा ही समायोजन था, जैसा कि स्वतंत्र भारत में स्वीकार किए गए ध्वज का था। सिर्फ एक अंतर था, वह यह कि इसके मध्य में अशोक चक्र दर्ज है। जबकि वहां पहले एक चरखा था।

कांग्रेस के मंत्रिमंडलों की स्थापना के एक वर्ष बाद अक्टूबर, 1938 में राजाजी ने गांधी को लिखा, 'यह आम घटना हो चुकी है, इसलिए आपका ध्यान इस ओर जाना चाहिए कि तीन रंगों वाले राष्ट्रीय ध्वज को इस तरह प्रदर्शित किया जा रहा है, मानो धार्मिक ध्वजों और प्रतीकों से उसकी प्रतिद्वंद्विता है या उन पर उसका प्रभुत्व है। एक ओर जहां हम सब चाहते हैं कि राष्ट्रीय ध्वज को एकता का प्रतीक होना चाहिए और सभी दिशाओं में निर्बाध प्रगति हासिल करने का संकल्प होना चाहिए, वहीं हम इस उद्देश्य को राष्ट्रीय ध्वज और अन्य ध्वजों तथा धार्मिक प्रतीकों के बीच प्रतिद्वंद्विता की कोशिश करके निष्फल कर रहे हैं।'

राजाजी उस समय मद्रास सरकार के प्रधानमंत्री थे। वह, बेशक खुद एक कट्टर राष्ट्रभक्त थे, लेकिन जैसा कि उन्होंने गांधी को लिखा कि वह हर जगह और हर मौकों पर कार्यकर्ताओं द्वारा ध्वज को प्रचारित करने के उत्साह से व्याकुल हैं, क्योंकि इससे कुछ वर्ग में राष्ट्र ध्वज के विरोधी पैदा हो गए हैं, जैसा कि पहले नजर नहीं आता था। राजाजी युवा राष्ट्रवादियों के इस अतिरिक्त उत्साह से चिंतित थे, क्योंकि इससे देश को नुकसान हो सकता था। उन्होंने गांधी को लिखा, 'ऐसा लगता है कि आपने जिन अनेकों आंदोलनों को खड़ा किया यदि आप उनकी फिर से व्याख्या करने को तैयार न रहते और गलतफहमियों को दूर न करते, तो उन्हें गलत समझा जा सकता था और उन्हें गलत दिशा की ओर मोड़ा जा सकता था। मुझे विशेष रूप से राष्ट्र ध्वज और हिंदुओं या मुसलमानों या अन्य समूहों के धार्मिक प्रतीकों के बीच किसी भी तरह से प्रतिद्वंद्विता खड़ा करने की मंशा से किए जाने वाले कृत्यों के परिणामों को लेकर भय है। मंदिरों के शिखरों और स्तंभों में राष्ट्रध्वज लगाने की प्रवृत्ति से धर्म की सार्वभौमिकता को लेकर मेरी समझ आहत होती है और ईश्वर के राष्ट्रीयकरण की कोशिश मुझे अनुपयुक्त लगती है।

हमेशा की तरह गांधी ने राजाजी के विचारों को गंभीरता से लिया। उल्लेखनीय है कि उन्होंने अपने सहयोगी के इस पत्र का जवाब निजी तौर पर नहीं, बल्कि सार्वजनिक रूप से अपनी पत्रिका हरिजन के अपने कॉलम में दिया और इसमें उन्होंने मद्रास के प्रधानमंत्री का जिक्र सिर्फ एक 'पत्र' के तौर पर किया। पत्र के

महत्वपूर्ण हिस्से का उल्लेख करते हुए गांधी ने पाठकों का ध्यान इस बात की ओर आकर्षित किया कि तिरंगे से क्या अपेक्षा है। उन्होंने लिखा, 'ध्वज की परिकल्पना इस तरह की गई है कि यह वास्तविक सांप्रदायिक एकता के जरिये अहिंसा को प्रदर्शित करे और अहिंसक श्रम को प्रदर्शित करे, जिसमें सबसे निचले तबके और सबसे ऊंचे तबके के लोग आसानी से देश की समृद्धि में बिना किसी भेदभाव के सहयोग कर सकें।

यह तो आदर्श था, लेकिन वास्तविक स्थिति अलग होती है। इसलिए गांधी ने लिखा, 'राष्ट्र ध्वज के विचार के लेखक के रूप में और वर्तमान में यह ध्वज जो भाव प्रदर्शित करता है, उसे देखते हुए मुझे इस बात का दुख है कि इसका किस तरह से उपयोग किया जा रहा है और किस तरह इसकी आड़ में हिंसा को छिपाया जा रहा है।' वह राजाजी से सहमत थे कि चूंकि ध्वज कोई धार्मिक प्रतीक नहीं है और सभी धर्मों में सामंजस्य को प्रदर्शित करता है, इसलिए धार्मिक जुलूसों में, या मंदिरों में या धार्मिक समारोहों में इसकी कोई जगह नहीं है।

गांधी ने इस बात पर भी जोर दिया कि ध्वज अहिंसा का एक प्रतीक है, इसलिए इसे विनम्र भी होना चाहिए। ब्रिटिश भारत के नौ प्रांतों में से सात में कांग्रेस की सरकारें थीं, मगर गांधी ने कहा कि,'मौजूदा तनाव की स्थिति में, मैं तब तक सरकारी भवनों या नगरपालिका के कार्यालयों में इसे नहीं फहराऊंगा, जब तक कि इसे न केवल भारी मतों से, बल्कि सर्वसम्मति से स्वीकृति नहीं मिल जाती।

इस दिलचस्प संवाद को आज भुला दिया गया है और मैंने इसका जिक्र यहां इसलिए किया है, क्योंकि इसका सीधा संबंध वर्तमान से है। यह दिखाता है कि गांधी, जिन्हें हम राष्ट्रपिता कहते हैं, वह सारे भारतीयों पर उस ध्वज का सम्मान किए जाने के लिए बनाए जाने वाले दबाव से भयभीत हो जाते, जिसे तैयार करने में उनकी अपनी-भी महत्वपूर्ण भूमिका थी। गांधी यह देखकर आतंकित हो जाते कि किस तरह से आज स्वयंभू राष्ट्रवादी धमकी और जबर्दस्ती करते हैं और यहां तक कि राज्य की ताकत के दम पर नागरिकों पर दबाव बनाया जा रहा है कि वे राष्ट्रध्वज के आगे शीश झुकाएं। वह नहीं चाहते कि मंदिरों, चर्चों, मस्जिदों, कार्यालयों, स्कूलों और कॉलेजों में रोजाना राष्ट्रध्वज फहराना अनिवार्य किया जाए या फिर ध्वज की लंबाई निश्चित की जाए।

भारत में आज सत्ता में काबिज 'राष्ट्रवादी घृणा और बदले की भावना से भरे हुए हैं। वे ध्वज का उपयोग विभाजन और हिंसा को ढंकने के लिए कर रहे हैं। दूसरी ओर गांधी का राष्ट्रवाद समावेशी और रचनात्मक था। ध्वज की पूजा करने पर जोर देने के बजाय वह भारतीयों को सद्भाव और श्रम के सम्मान के आदर्श को मोड़ने का प्रयास करते थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के सत्तर वर्ष बाद हम इसका छोटा अंश भी पूरा नहीं कर पाए हैं। ❑

कॉलेज है आदर्श हमारा

गौरव कौशिक, बी.सी.ए. (तृतीय वर्ष)

मेरे प्यारे दोस्तो कभी भी, तुम यह मत जाना भूल
कॉलेज है आदर्श हमारा, अनुशासन यहाँ का मूल।
चारों ओर बनी है शाला, सुन्दर पौधे लगे हुए,
इसके प्रांगण में देखो, सुन्दर गमले सजे हुए।
शिक्षक खूब पढ़ाते, रखते विद्यार्थियों का ध्यान,
विद्यार्थी बड़े योग्य हैं, नित दिन करते हैं क्लास।
अनुशासन में योग सभी का, रखें नियमों का ध्यान
हम सब मिल बढ़ा रहे, इस कॉलेज का मान।
रहे वाटिका सदा महकती, हम इस उपवन के फूल,
अपने कॉलेज को याद रखो, कभी इसे ना जाना भूल। ❑

वाणिज्य और कैरियर

डॉ. तरुण बाबू, असिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग

परिचय– वर्तमान समय में, यह पाया गया है कि छात्रों को कक्षा 12 (वाणिज्य धाराओं) के बाद चुनने के लिए कैरियर विकल्प के बारे में और अधिक भ्रमित हो रहे हैं, क्योंकि इसके लिए चुनने के लिए बहुत सारे पाठ्यक्रम हैं। एक-एक को कैरियर विकल्प चुनने की जरूरत है जो भविष्य में अच्छा अवसर प्रदान करती है और साथ ही छात्रों के बीच इसे आगे बढ़ाने में रुचि पैदा करती है। कैरियर विकल्प का चयन छात्र के जीवन में एक महत्वपूर्ण निर्णय है, इस प्रकार इस क्षेत्र को उचित ध्यान और समझ के बाद समझदारी से बनाया जाना चाहिए। कक्षा 12 (वाणिज्य) के बाद 11 सर्वश्रेष्ठ कैरियर विकल्प की सूची यहां दी गई है।

बैचलर ऑफ कॉमर्स (बी. कॉम)– यह सबसे लोकप्रिय कोर्स है, जो अपने कक्षा 12 (वाणिज्य) को पूरा करने के बाद अधिकतम छात्र आगे बढ़ते हैं। यह एक सामान्य डिग्री कोर्स है जो 3 साल की अवधि के लिए जारी है। इन पाठ्यक्रमों के तहत कठिनाई का स्तर बहुत अधिक नहीं है, छात्रों को आसानी से किसी भी कॉलेज से इस कोर्स के तहत प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। इसके तहत, छात्रों को इकोनोमिक्स, मार्केटिंग, कॉर्पोरेट, एकाउंटिंग, लॉ, व्यवसायिक पर्यावरण इत्यादि जैसे विषयों का अध्ययन करना है।

अर्थशास्त्र में स्नातक– कक्षा 12 (वाणिज्य) के बाद छात्रों के लिए यह एक और महत्वपूर्ण और उपयोगी विकल्प है। इस कोर्स के तहत, छात्रों को कई आर्थिक अवधारणाओं, विश्लेषणात्मक तरीकों, और अध्ययनों के संपर्क में मिलता है। उन सभी छात्रों को अर्थशास्त्र में रुचि रखने वाले इस पाठयक्रम को ले सकते हैं। जो लोग इस क्षेत्र में विशेषज्ञता प्रास करना चाहते हैं, उनके लिए यह सबसे अच्छा है। पाठयक्रम की अवधि 3 साल के लिए है। छात्र कृषि अर्थशास्त्र, मैक्रो अर्थशास्त्र, भारतीय अर्थशास्त्र, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, आदि जैसे विषयों का अध्ययन करते हैं।

बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए)– बीबीए कक्षा 12 (वाणिज्य) के बाद छात्रों के बीच एक और लोकप्रिय विकल्प है। यह कोर्स 3 सालों के लिए है जहाँ छात्रों को व्यापार और उसके प्रशासन के बारे में जानकारी होती है। छात्रों को कई व्यावसायिक पहलुओं और तरीकों से अवगत कराया जाता है। यह उन लोगों के लिए सबसे अच्छा है जिनका व्यवसाय में दिमाग है और वे अपने व्यवसाय को उच्च स्तर तक ले जाना चाहते हैं।

विधि कानून में स्नातक (एल.एल-बी.)– कक्षा 12 (वाणिज्य) के बाद सभी अच्छे विद्यार्थियों के लिए एल.एल-बी. एक बहुत अच्छा विकल्प है। यह कोर्स द बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) द्वारा शासित है। कोर्स पूरा करने के बाद छात्र एक वकील या वकील के रूप में डिग्री प्राप्त करते हैं। इस कोर्स में संवैधानिक कानून, सम्पत्ति कानून, बैंकिंग कानून आदि जैसे विषयों का अध्ययन शामिल है।

चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए)– यह एक पेशेवर स्तर का पाठ्यक्रम है जो एक पेशेवर शरीर द्वारा प्रशासित है, संस्थान के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया इस कोर्स के तहत कठिनाई का स्तर अन्य स्नातक पाठयक्रमों की तुलना में काफी अधिक है। इस कोर्स को समाशोधन करने के बाद एक छात्र सीए के रूप में जाना जाता है और पेशेवर बन जाता है जिससे उन्हें उच्च रिटर्न मिल सकता है। छात्रों को टेक्सेशन, लॉ, ऑडिटिंग, कॉस्टींग इत्यादि जैसे विषयों का अध्ययन करना होगा। इस कोर्स को विभिन्न स्तरों में बाँटा गया है।

कम्पनी सचिव (सीएस)– जो छात्र कानून और सैद्धांतिक विषयों में रुचि रखते हैं, वे कक्षा 12 (वाणिज्य) के बाद कैरियर विकल्प के रूप में सीएस का चुनाव कर सकते हैं। यह एक

व्यावसायिक स्तर के पाठ्यक्रम के रूप में भी माना जाता है जो भारत के कंपनी सचिवों (आईसीएसआई) द्वारा आयोजित किया जाता है। इस पाठ्यक्रम में सीए की तरह विभिन्न स्तर शामिल हैं। इस कोर्स के दौर से गुजर करके, छात्रों को कंपनियों से संबंधित कामकाज और कानूनी अनुपालन समझा जाता है।

लागत और प्रबंधन लेखाकार (सीएमए)– यह इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित एक और व्यवसायिक स्तर का कोर्स है। इसका पाठ्यक्रम सीए और सीएस के समान ही अलग-अलग स्तरों में बांटा गया है। इस छात्र के तहत प्रबंधन लेखांकन से संबंधित लागत, योजना, नियंत्रण और विभिन्न पहलुओं से संबंधित ज्ञान का अध्ययन और ज्ञान प्राप्त करना है।

प्रमाणित वित्तीय नियोजक (सीएफपी)– व्यक्तिगत वित, धन प्रबंधन, बीमा योजना, और म्यूचुअल फंड निवेश आदि जैसे क्षेत्रों में रुचि रखने वाले सभी छात्र इस कोर्स को आगे बढ़ा सकते हैं। यह कोर्स वितीय योजना मानक बोर्ड इंडिया (एफपीएसबी) द्वारा शासित और आयोजित किया जाता है।

पत्रकारिता और जन संचार– छात्र इस कैरियर विकल्प को भी चुन सकते हैं, जहां वे देश में मौजूदा आर्थिक रुझानों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। कोर्स की अवधि तीन साल की है, जिसे आसानी से इस कोर्स की पेशकश करते हुए किसी भी कॉलेज से पूरा किया जा सकता है। इस कोर्स को पूरा करने के बाद उम्मीदवार आसानी से किसी मीडिया हाउसों (प्रिंट और डिजिटल मीडिया) में नौकरियाँ प्राप्त कर सकते हैं।

होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम– छात्र विभिन्न होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों के लिए भी जा सकते हैं। यह कोर्स 3 से 5 साल की समय सीमा के लिए अलग-अलग हो सकता है, जिसके बाद होटल उद्योग में अच्छा रिटर्न मिलता है। यह कोर्स उन सभी छात्रों के लिए अच्छा है जो हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में रूचि रखते हैं। पाठयक्रम सरकारी क्षेत्र के साथ ही निजी क्षेत्र दोनों में छात्रों के लिए महान रोजगार के अवसर प्रदान करता है।

सांख्यिकी में स्नातक– यह कक्षा 12 (वाणिज्य) के बाद छात्रों के लिए अभी एक और पाठयक्रम उपलब्ध है। गणित और सांख्यिकी में रूचि रखने वाले सभी छात्र इस पाठयक्रम को आगे बढ़ा सकते हैं। कोर्स की अवधि 3 साल है छात्रों को संभावना, सांख्यिकीय विधियों, क्रम परिवर्तन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। ब्रुकनर अंग्रेजी उपन्यासकार और कला इतिहासकार अनीता ने वाणिज्य के बारे में कहा– "महान किताबों में सिखाया जाने वाला सबक भ्रामक है वास्तविक जीवन में वाणिज्य शायद ही कभी बहुत सरल है और ऐसा कभी नहीं।" ❑

गुरू का महत्व

शीतल, बी. कॉम. प्रथम वर्ष

आप ही है संसार के ज्ञाता
आप ही है पिता और माता
आप से ये संसार जुड़ा
आपसे ही ज्ञान का भण्डार भरा।
राहों में काँटों पर चलना आप सिखाते हैं
कठिनाइयों में गिरने वाले को आप ही उठाते हैं
इतनी आसानी से आप मिल जाते हैं
नसीब वाले होते है वे लोग
जो गुरू ज्ञान से भी तर जाते हैं।
काँटो पर राह बनाना गुरू ही तो बताते हैं
कठिनाइयों से गले मिलना आप ही तो बताते हैं
दुख कब होता है कैसे उभर जाते हैं
सुख कब होता है। कैसे भूल जाते हैं।
फूल कब आते कब काँटे झड़ जाते हैं
इन सबका ज्ञान आप ही तो कराते हैं।

❑

जहरीली हवा के खिलाफ

पंकज शर्मा, लैब असिस्टेंट, भौतिकी विभाग

दिल्ली समेत पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों को वैसी हवा में सांस लेना पड़ रही है, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। यह समस्या सर्दियों के मौसम में बढ़ जाती है, जब मौसम प्रतिकूल होता है और प्रदूषण ऊपर उठ नहीं पाता। राष्ट्रीय वायु प्रदूषण निगरानी कार्यक्रम के तहत विभिन्न वायु प्रदूषण निगरानी केंद्रों के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले हफ्ते से दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण सूचकांक खतरनाक रूप से उच्च रहा। इस अवधि में पीएम 2.5 (2.5 माइक्रोमीटर से छोटे कण) का स्तर बेहद ऊंचा था। दिल्ली के कुछ निगरानी केंद्रों में कुछ खास घंटों के दौरान पीएम 2.5 का स्तर 1,000 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा, जो निर्धारित 24 घंटे के मानक 60 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से बहुत ज्यादा है। गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद और लखनऊ के निगरानी केंद्रों पर भी इसी तरह के रुझान देखे गए, जो गंगा के मैदानी इलाकों में प्रदूषण की समस्या को दर्शाते हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 100 या उससे नीचे की वायु गुणवत्ता सूचकांक को संतोषजनक मानता है, पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण का स्तर गंभीर और खतरनाक श्रेणी तक पहुंच गया है।

वायु प्रदूषकों के संकेद्रण के लिए दो कारक मुख्यतः जिम्मेदार हैं-विभिन्न स्रोतों से उत्सर्जन और मौसम। इस समय मौसम संबंधी स्थिति वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाती है। अक्टूबर से जनवरी में तापमान में कमी आती है, सतही वायु की गति कम होती है, वायुमंडलीय मिश्रित परत की ऊंचाई घट जाती है, जिस कारण वायु प्रदूषक जमीनी धरातल के आसपास घनीभूत हो जाते है। और लोगों के लिए जोखिम का कारण बनते हैं। उत्सर्जन स्रोतों में भारी वृद्धि हुई है, खासकर दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में, क्योंकि यह सबसे तेजी से विकास करने वाला क्षेत्र है। पीएस 2.5 और विभिन्न मानवीय गतिविधियों से उत्सर्जित होने वाली सल्फर डाइऑक्साइड, एनओएक्स, कार्बन ऑक्साइड, हाइड्रोकार्बन जैसी गैसें मौसमी स्थितियों के साथ मिलकर वातावरण में प्रदूषण फैलाती हैं।

द एनर्जी ऐंड रिसोर्स इंस्टीटयूट (टेरी) के आकलन के मुताबिक, दिल्ली में करीब 40 फीसदी पीएम 2.5 के संक्रेद्रण में शहर के स्थानीय स्त्रोतों, मसलन निर्माण वाहन, सड़क की धूल कूड़ा जलाने आदि का हाथ होता है, और शेष के लिए एनसीआर के अन्य क्षेत्र तथा पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के प्रदूषण के स्रोत जिम्मेदार हैं। इन स्रोतों में उद्योग, ऊर्जा संयंत्र, ग्रामीण रसोई में बायोमास ईंधन जलाना और खेतों में फसलों के अवशेष (पराली) जलाना शामिल हैं। हालांकि खतरनाक श्रेणी के वायु प्रदूषक उद्योग दिल्ली में प्रतिबंधित हैं, पर वे एनसीआर के अन्य क्षेत्रों में अब भी चल रहे हैं। एनसीआर में 4,500 से अधिक वायु प्रदूषणकारी उद्योग हैं। पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने से दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण बहुत ज्यादा फैलता है। इस वर्ष भी सितंबर से पंजाब एवं हरियाणा के बड़े क्षेत्र में पराली जलाए जा रहे हैं, जो अक्तूबर के आखिरी हफ्ते में चरम पर पहुंच गया और अब भी जारी है। सरकार द्वारा प्रदूषण नियंत्रण के लिए कई कदम उठाए गए हैं, जिनमें बीएस-4 वाहनों की शुरुआत, ईंधन में एलपीजी की पैठ बढ़ाने, खुले में कूड़ा जलाने जैसी गतिविधियों की जांच के लिए टीमों का गठन शामिल हैं। हालांकि वे पर्याप्त नहीं हैं तथा और भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। निजी वाहनों की भीड़ कम करने के लिए दिल्ली एवं एनसीआर क्षेत्र में बस आधारित परिवहन व्यवस्था बढ़ाए जाने की जरूरत है। पुराने वाहनों की, जो नई प्रौद्योगिकी से संपन्न वाहनों की तुलना में ज्यादा उत्सर्जन करते हैं, उन्नत आई ऐंड एम केंद्रों के माध्यम से निगरानी की जानी चाहिए। धीरे-धीरे पुराने वाहन हटाकर नए वाहन लाए जाने चाहिए।

कंजेशन प्राइसिंग एक अन्य उपाय है, जिससे न केवल प्रदूषण कम किया जा सकता है, बल्कि सड़कों से वाहनों की भीड़ घटाई जा सकती है। कृषि अवशेषों और कूड़ा जलाने पर प्रतिबंध को कठोरता से लागू करने की जरूरत है। ऐसी तकनीक लाए जाने की जरूरत है, जो कृषि अवशेषों को उपयोगी ऊर्जा में बदल सके। औद्योगिक क्षेत्रों में स्वच्छ कुशल प्रौद्योगिकी अपनाई जानी चाहिए। प्रदूषण नियंत्रण के लिए उद्योगों में सख्त मानक लागू करना चाहिए। पत्थर के फर्शों के निर्माण और वैक्यूम क्लीनर के इस्तेमाल से सड़क की धूल पर नियंत्रण किया जा सकता है। निर्माण क्षेत्र में उत्सर्जन नियंत्रण के दिशा निर्देशों को अनिवार्य रूप से लागू करना चाहिए और एनसीआर में सामग्रियों के उचित लोडिंग एवं अनलोडिंग निर्माण स्थलों पर पानी का छिड़काव और निर्माण क्षेत्रों को घेरने जैसे कदम उठाए जाने चाहिए।

वायु गुणवत्ता के मोर्चे पर आपात स्थितियों से बचने के लिए सबसे पहले हमें वैज्ञानिक तरीके से विकसित दीर्घकालीन वायु गुणवत्ता प्रबंधन योजना की आवश्यकता है। चूंकि अब हर वर्ष आपातकालीन स्थितियां पैदा होती हैं, इसलिए हमें कुछ विशिष्ट आपातकालीन उपाय करने की जरूरत है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 2016 में सर्दियों की धुंध को देखते हुए श्रेणीबद्ध कार्ययोजना जारी की, जिसे लागू करने की जरूरत है। पिछले वर्ष टेरी ने प्रदूषण स्तर पर तत्काल नियंत्रण के लिए एक आपातकालीन कार्य योजना सौंपी थी। उसमें हमने आपातकालीन स्थितियों के दौरान निम्नलिखित उपाय अपनाने की सिफारिश की थी-जिनमें बीएस-4 नियमों का अनुपालन न करने वाले ट्रकों (आवश्यक वस्तुओं को छोड़कर) के प्रवेश पर प्रतिबंध, सड़कों की व्यापक सफाई, वाहनों के फेरे घटाने और बच्चों को जोखिम से बचाने के लिए स्कूल बंद करने, निर्माण कार्य बंद करने तथा एनसीआर में ठोस, तरल ईंधन पर आधारित औद्योगिक गतिविधियों को बंद करने और सरकारी और निजी कर्मियों को घर से काम करने जैसे सुझाव शामिल हैं। ❑

सुविचार

विशाल शर्मा, बी.सी.ए. तृतीय वर्ष

1. आनन्द ही एक ऐसी चीज है जो आपके पास न होने पर भी आप दूसरों को बिना किसी असुविधा के दे सकते हैं।
2. हमारे व्यक्तित्व की उत्पत्ति हमारे विचारों में है इसलिए ध्यान रखें कि आप क्या विचारते हैं। विचारों का असर दूर तक जाता है।
3. हम जितना ज्यादा अध्ययन करते है, उतना ही हमें अपने अज्ञान का आभास होता जाता है।
4. जिस मनुष्य में सभ्यता और ईमानदारी नहीं, उसके लिए समस्त ज्ञान कष्टकारी है।
5. स्वयं से लड़े, बाहरी दुश्मन से क्या लड़ना जो स्वयं पर विजय प्राप्त कर लेता है, उसे ही आनन्द की प्राप्ति होती है।
6. खुद को खुश करने का बेहतरीन तरीका है किसी और को खुश करने की कोशिश करना।
7. समझदार व्यक्ति वे नहीं है जो अवसर की राह देखते है बल्कि वे है जो अवसर को अपने अधीन रखते है वे स्वयं अवसर के अधीन नहीं होते।
8. जीवन में तीन आर्शीवाद जरूरी है-बचपन में मां का, जवानी में महात्मा का और बूढापे में परमात्मा का।
9. ईश्वर मूर्तियों में नहीं आपकी भावनाओं में है और आत्मा आपका मन्दिर है।
10. दान गरीबी को खत्म करता है सदाचरण दुख को मिटाता है विवेक अज्ञान को नष्ट करता है और जानकारी भय समाप्त करती है। ❑

उद्यमिता गिरें, उठें और फिर चलें

काजल चौधरी, बी.कॉम. प्रथम वर्ष

जब भी हम कुछ सीखने, कुछ बनाने या कुछ करने का प्रयास करेंगे तो जाहिर है कि हमसे गलतियाँ भी हो सकती है। जैसे शुरू में जब हम म्यूजिक सीखने जाते हैं तो हारमोनियम पर सरगम बजाते हुए हमसे अचानक गलती से शुद्ध गंधार की जगह कोमल गंधार वाला बटन दब जाता है। इससे सरगम का सुर बिगड जाता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम म्यूजिक सीखना छोड दे इस गलती का फायदा यह होता है कि अगली बार जब हम सरगम बजाते है तो इस बात का ध्यान रखते हैं। इसलिए गलतियाँ होने पर निराश न हो बल्कि यह मानकर चले कि यदि हमसे गलती हुई है। तो वह हमे सिखाने के लिए है। आखिर गलतियाँ ही तो हमे सिखाती है।

- ❖ कोई भी नया काम हाथ में लेने से न डरे कोशिश तो यह होनी चाहिए कि हम आगे बढकर नया काम हाथ में ले और अपने लिए चुनौती मानकर उसे पूरा करें।
- ❖ शिशु चलना खुद ही सीखता है वह खुद ही खड़ा होता है। चलता है गिरता है लेकिन बार-बार गिरने के बावजूद आखिरकार वह खडा होकर चलना सीख जाता है। कोई भी चीज सीखने की सही प्रक्रिया है। इसलिए गिरने से कभी न डरे। खुद में आत्म विश्वास जगाकर कदम बढ़ाएँ हर राह आसान होती चली जाएगी।
- ❖ गलती होने पर शर्मिंदगी या ग्लानि का अनुभव ना करें, क्योंकि गलती सभी से होती है। इसका सबसे अच्छा तरीका यह है कि गलती होते ही आप यह सोचना शुरू कर दें कि गलती का क्या कारण था और कैसे आप उसे सुधार सकते हैं।
- ❖ यह मानकर चले कि गलती उसी से होती है जो कुछ नया करता है जो कुछ करेगा ही नहीं उससे न तो गलती होगी और न ही उसका विकास हो पाएगा। यह मांइडसेट से ही हम कोई बड़ा काम कर पाते हैं।
- ❖ आमतौर पर गलतियाँ शुरूआत में ही होती है। शुरूआती मुश्किलों को आपने पार कर लिया तो अपने पैरों पर खड़े होकर दौड़ सकते हैं।
- ❖ विफलताओं के बाद जो सफलता मिलती है वह हमारे अंदर गजब का आत्मविश्वास ला देती है। जिससे हम कोई भी काम सहजता से कर पाते हैं।
- ❖ गलतियों से हम तभी डरते हैं जब हमारे अंदर आत्मविश्वास नहीं होता अपने आत्म विश्वास को बढाएँ।
- ❖ हमें अपने निर्णय स्वयं लेने चाहिए। तभी हममें आत्मनिर्भरता आएगी और हमारा आत्म विश्वास जागेगा।

❑

आखिर क्यों?

प्रियंका शर्मा, एम.एस.सी. द्वितीय वर्ष (भौतिकी)

आखिर क्यों इंसान-इंसान की वजह से रोता है?
आतंकवाद ही हिंदुस्तान का दुश्मन है,
इस बात को कोई आखिर क्यों नहीं समझता है?
हिंदु हो या मुस्लिम फर्क नहीं पड़ता,
देश के साथ जो गद्दारी करे,
उसे इंसान कहलाने का कोई हक नहीं होता।
वह गद्दार है जिस थाली में खाते है, उसी में छेद करते हैं,
न जाने कितने मासूमों को मारकर, आतंकवाद को जन्म देते है।
सब मिलकर आखिर क्यों आतंकवाद का खात्मा नहीं करते,
देश की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वाले
गद्दारों को आखिर क्यों बेइज्जत नहीं करते?
उन्हें कैदी के नाम पर जेल में रखकर
सारी सुविधाओं के साथ करोड़ों रुपये खर्च करते है।
आखिर क्यों नहीं सोचते कि उन पैसों से,
न जाने कितने गरीबों को सहारा दे सकते हैं।
इक गुजारिश है सबसे हिन्दू मुस्लिम मुद्दा छोड़कर
देश को आतंकवाद से मुक्त करायें,
यदि तुम भारत माता के सुपुत्र हो तो
हर हिंदुस्तानी को आतंकवाद के खिलाफ जागरूक करायें।

❑

अनमोल वचन

सचिन चौधरी, बी.कॉम. प्रथम वर्ष

"वाणी" को "वाणी" बनाये
"वाणी" को "बाण" न बनाये।
क्योंकि "वाणी" बनेगी तो
जीवन में "संगीत" होगा।
और "बाण" बनेगी तो
जीवन में "महाभारत" होगा ॥
सबको इकट्ठा
रखने की ताकत
प्रेम में है और
सबको अलग
करने की ताकत
भ्रम में है।
कभी भी मन में भ्रम न पाले।
जल्द मिलने वाली
चीजें ज्यादा दिन तक
नहीं चलती और जो
चीज ज्यादा दिन तक
चलती है वो
जल्दी नहीं मिलती।
गरीब दूर तक चलता है... खाना खाने के लिए
अमीर दूर तक चलता है.... खाना पचाने के लिए।
किसी के पास खाने के लिये एक वक्त की रोटी नहीं है
किसी के पास रोटी खाने के लिये वक्त ही नहीं है ॥
कोई लाचार है इसलिए बीमार है कोई बीमार है इसलिए लाचार है।
कोई अपनों के लिए रोटी छोड़ देता है, कोई
रोटी के लिए अपनों को छोड़ देता है।

❑

दोस्ती

शोभा शर्मा, बी. कॉम., प्रथम वर्ष

दोस्ती खुदा का दिया हुआ
वह नायाब तोहफा है
दोस्ती से सारी खुशियाँ है
संगीत में सुर जिन्दगी में रंग
दोस्ती से भरे होते है।

दोस्ती शक्ति है तो कमजोरी भी
दोस्ती सूरज की तपती रोशनी है
तो कभी चाँद की ठण्डक है
दिल का रिश्ता है दोस्ती।

न उम्मीदों से उम्मीद की किरण है
दोस्ती सोचो तो पूरी दुनिया
लिखो तो कोरा कागज है दोस्ती।
दोस्ती वह प्यारा सा बन्धन है
जो पक्षी की तरह खुले आसमान में
पंख फैलाये उडती है
ये प्यारा सा रिश्ता है दोस्ती।

❑

हमारे जीवन में विद्या का महत्व!

तमन्ना चौधरी, बी.कॉम. प्रथम वर्ष

विद्या का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है। विद्या हमारे जीवन का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। जो हमारी आखिरी सांस तक हमारे साथ रहता है इसे अपने जीवन से अलग नहीं करा जा सकता। क्योंकि अगर हम कहे की विद्या की कोई सीमा है, तो यह कहना गलत होगा, क्योकि चाहे बड़े हो या फिर छोटे उन्हें अपने जीवन के हर पड़ाव पर या इसकी आवश्यकता होती है। लेकिन आजकल यह देखा जाता है, कि बहुत से बच्चे इण्टरमीडिएट होते है। अपने आप को विद्यापूर्ण समझने लगते है। और अपने कॉलिज लाईफ को मजे से व्यतीत करते है। मुझे लगता है कि वे नहीं जानते कि ये दिन पढ़ाई के है और इन दिनो को उन्हें यूहीं नहीं जाने देना चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि असली पढ़ाई तो अब शुरू हुई है। विद्या से ही प्रत्येक व्यक्ति अपनी मंजिल पर जाने की कोशिश करता है, माना कि कुछ को अपनी मंजिल प्राप्त नहीं होती, फिर भी विद्या व्यर्थ नहीं जाती, उसका कही न कही तो इस्तेमाल जरूर होता है या तो स्थान घर हो या व्यापार आदि। इसलिए विद्या एक ऐसी कुंजी है, जो कभी व्यर्थ नहीं जाती। विद्या धन सभी धनों में प्रधान है इसे इस उदाहरण से अवश्य अच्छे से समझा जा सकता है–

न चौरहार्य न च राजहार्यं, न भ्रातृभाज्यं न च भारकार्र!
व्यये कृते वर्द्धत एवं नित्यं, विद्याधन सर्वधन प्रधानम् ।।

अर्थ– विद्या एक ऐसा धन है, जो न तो चोर द्धारा चुराया जा सकता है, न राजा द्धारा छीना जा सकता है, न भाई द्धारा बांटा जा सकता है, और न ही भारकारक है, तथा व्यय करने से नित्य बढ़ता है, जो सब धनों में प्रधान है।

अभी तो असली मन्जिल पाना बाकी है, अभी
तो इरादों का इम्तेहान बाकी है!
अभी तो तोली मिटटी भर जमीं, अभी
तो तोलना आसमाँ बाकी है। ❑

अपने व्यक्तित्व को बदलिये

दीपक शर्मा, लेखाकार

अपने आपको बदल लेना, आपके हाथ की बात है। परिस्थितियों को बदलना आपके हाथ की बात नहीं, लोगों को अपनी मर्जी से बदलना आपके हाथ की बात नहीं जो आपके हाथ की बात नहीं है, उसके लिये आप प्रयत्न करेंगे तो बेकार परेशान होते रहेंगे। आपके घर वालों को आपके आज्ञानुवर्ती बनना चाहिए, यह मत सोचिए। आप यह देखिए आप उन घर वालों के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन कर सकते हैं कि नहीं, बस इतना ही काफी है और आगे बढ़िए मत। परिस्थितियाँ आपके अनुकूल बन जायेंगी, मत सोचिए। परिस्थितियाँ कहाँ बन पाती हैं, आदमी की स्थिति के अनुरूप।

श्री कृष्ण भगवान् सारे जीवन भर पुरुषार्थ तो करते रहे, पर परिस्थितियाँ कहाँ बनीं उनके साथ में, आप बताइये? गृह-कलह हुआ और सारे परिवार के लोग मारे गये, अंततः उनको अपना जो राज- पाट बड़ी मेहनत से जमाया था, सुदामा जी के हवाले करना पड़ा, तो बताइए आपकी परिस्थितियाँ अनुकूल हो सकती हैं? भगवान् की परिस्थितियाँ अनुकूल नहीं हुई तो अगर आप ये सपना देखते हैं कि हमारी मनोकामना पूरी हो जायेगी और हमारी इच्छानुकूल परिस्थितियाँ बदल जायेंगी, ऐसा आप सोचते हैं, तो आपको नहीं विचार करना चाहिए।

यह दुनिया आपके लिये बनी हुई नहीं है। आपकी इच्छा पूर्ति के लिये पात्रता की और पूर्व संचय- कृत्यों की जरूरत है, वरना ऐसा आप क्यों सोचते हैं कि सब आपकी इच्छानुकूल हो जायेगा। आप स्वयं को बदल दीजिए। क्या बदल दें? बूढ़े से जवान हो जायें? नहीं, ये आपके हाथ की बात नहीं। ये शरीर प्रकृति का बनाया हुआ है और प्रकृति उसकी मालिक है। वो जब चाहती है, पैदा करती है और जब चाहती है, समेट लेती है। आप प्रकृति के मालिक हैं क्या? बुढ़ापे को जवानी में बदल सकते हैं क्या? न, मौत को जिन्दगी में बदल सकते हैं क्या, न। आदमी की सीमा है और जिस सीमा से आप बँधे हुए हैं, आप उसी सीमा की बात कीजिए, उसी सीमा का विचार कीजिए तो पूरा होना भी सम्भव है। वाला नहीं है। आप हैरानी में न पड़ें, जो उचित है, उसी को विचार करें, जो सम्भव है, उसी में हाथ डालें। आपके हाथों में ये सम्भव है कि अपने मन को बदल दें। अपने ढर्रे को बदल दें, अपने रवैयों को बदल दें, अपने सोचने के तरीके को बदल दें, अपने स्वभाव को बदल दें, यह बदल देना आपके लिये बिलकुल सम्भव है।

आप यहाँ से जायें तो आप एक ऐसी जिन्दगी लेकर जायें, जो सब किसी को बदली हुई मालूम पड़े। आकृति तो नहीं बदली जा सकती आपकी, पर प्रकृति बदल जायेगी। आकृति कैसे बदली जा सकती है? आकृति नहीं बदली जा सकती है। आपके शरीर की बनावट नहीं बदली जा सकती। आपका स्वभाव बदला जा सकता है।

अब तक तो आपकी जिन्दगी में दो काम शामिल रहे हैं- एक जिन्दगी के लिये काम शामिल रहा है, उसका नाम है- पेट भरना। दूसरे शब्दों में उसे लोभ कहते हैं। दूसरा काम आपके जिम्में रहा है— प्रजनन। शादी कर लेना, परिवार को आगे बढ़ाना और फिर परिवार के दायित्वों के वजन को कंधे पे उठाना। उस भारी वजन को उठाने के लिये उचित और अनुचित काम करते रहना। दिन और रात चिंता में डूबे रहना, पेट और प्रजनन के लिये। यही तो काम रहा है और बताइये, कौन- सा काम रहा। इन दो कामों के अलावा और आपने क्या काम कर दिया? चलिये, तीसरा एक और काम भी किया होगा आपने। अपने अहंकार की पूर्ति के लिये, ठाठ- बाट बनाने के लिये, लोगों की आँखों में चकाचौंध पैदा करने के लिये, हो सकता है आपने कुछ ऐसे काम किये हों, जिससे आपको बड़प्पन का आभास होता हो। बड़प्पन का आभास होता है। है नहीं बड़प्पन। दूसरों की आँखों

में चकाचौंध पैदा करके आप किस तरीके से बड़े बन पायेंगे। बड़ा बनना तो अपने व्यक्तित्व की कीमत और व्यक्तित्व के मूल्य बढ़ा देने के ऊपर है। आँखों में चमक तो कोई भी पैदा कर सकता है। आँखों में चमक से क्या है? आँखों में चमक तो तस्वीरें भी पैदा कर लेती हैं, मूर्तियाँ भी पैदा कर लेती हैं। बीमार आदमी को सजाकर बिठा दिया जाये तो वो भी चमक पैदा कर लेता है। चमक पैदा करना भी कुछ काम है क्या? उसमें अपने सिवाय अहंकार की पूर्ति के दूसरा कुछ है ही नहीं। हम बड़े आदमी हैं, बड़े आदमी हैं। अरे, आप क्या बड़े आदमी हैं? मन आपका बड़ा नहीं है, व्यक्तित्व आपका बड़ा नहीं है, संस्कार आपके बड़े नहीं हैं तो बड़प्पन का स्थायित्व कैसे रह पायेगा? सारी जिन्दगी आपकी इन कामों में खतम हो गई है।

अपनी जिन्दगी में कुछ नये काम शामिल करिये। हम अपने स्वभाव को बदल दें, हम अपने चिंतन को बदल दें, हम अपने आचरण को बदल दें। अपने कुटुम्ब के प्रति जो रवैया है, जो आपके सोचने का तरीका है, उसको आप आसानी से बदल सकते हैं और आपको बदल ही देना चाहिए। अपने समाज को प्रगतिशील बनाने के लिये, उन्नतिशील बनाने के लिये कुछ न कुछ योगदान देना। ऐसा निर्धारण अगर करके आप ले जायें, ऐसा कार्यक्रम यहाँ से बनाकर ले जायें, ऐसी तैयारी में जाते ही आप जुट जायें तो मैं ये कहूँगा कि आपका भविष्य इतना शानदार होगा कि आप देखकर के स्वयं दंग रह जायेंगे और जो भी आपके सम्पर्क में आयेंगे, वे सब ये कहते रहेंगे कि इस आदमी का कायाकल्प हो गया। आप ऐसा कर पायें तो सार्थक हो जाये, आपका ये शिविर।

संसार में रह करके हम अपने कर्तव्य पूरे करें। हँसी-खुशी से रहें, अच्छे तरीके से रहें, लेकिन इसमें इस कदर हम व्यस्त न हो जायें, इस कदर फँस न जायें कि हमको अपने जीवन के उद्देश्यों का ध्यान ही न रहे। अगर हम फँसेंगे तो मरेंगे। ❑

भारतीय विधि और मानवाधिकार

जितेन्द्र कुमार, कनिष्ठ सहायक

मानवाधिकारों के संदर्भ में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत मिली-जुली तस्वीर पेश करता है। भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश। पीएन, भगवती ने एक बार कहा था कि भारत जैसे विकासशील देश में मानवाधिकारों का मुख्य बल सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक अधिकारों पर होना चाहिए न कि राजनीतिक और नागरिक अधिकारों पर परंतु भारतीय परिप्रेक्ष्य का सबसे सबल तत्व उसकी प्रबल न्यायपालिका है, जो स्वतन्त्रता के बाद के 60 वर्षों के इतिहास में एक-दो अपवादों को छोड़कर कभी भी कार्यपालिका की गुलाम नहीं रही, बल्कि मानवाधिकारों के संरक्षक के रूप में हमारे देश में कार्यशील है। आज हमारी कार्यपालिका और न्यायपालिका जीवन, स्वतंत्रता, सुरक्षा का अधिकार, दासता, मृत्युभाव से मुक्त, दारुण वेदना, अमानुषिक अत्याचार, अमानवीय व्यवहार दंड से मुक्ति, मनमाने ढंग से बन्दी बनाया जाना, विवाह करने, परिवार बनाने, सम्पत्ति रखने, कोई भी धर्म मानने, मत-निर्माण करने, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे मानवाधिकारों की समस्या का सार्थक निराकरण कर रहा है।

प्रो. उपेंद्र बख्शी के अनुसार-भारतीयों में अपीलीय न्यायालय न्यूनाधिक रूप में राज-व्यवस्था के प्रभाव से मुक्त रहे हैं। सन् 1975-77 के अप्रत्याशित समय को छोडकर भारतीय अपीलीय न्यायालय पूर्णतया स्वतंत्र रहे हैं और किसी भी स्तर पर वे कार्यपालिका के हाथों में नहीं रहे न्यायपालिका ने 'न्यायिक पुनरीक्षण' को एक संपूर्ण अधिकार मानते हुए यह विचार व्यक्त

किया है कि न्यायिक पुनरीक्षण का अधिकार उस स्थिति में भी इससे नहीं छीना जा सकता है जब पूरी संसद् इस विषय में एकमत हो। और भारत का यही प्रबल पक्ष है जो मानवाधिकारों के संरक्षण की तस्वीर उभारता है, किंतु इस तस्वीर का एक दूसरा पहलू है।

इसका ज्वलंत उदाहरण 'स्टिंग ऑपरेशन' के दौरान रंगे हाथों रिश्वत कांड में पकड़े गए प्रमुख राजनीतिक दलों के वे सांसद हैं, जिनका प्रकरण न्यायालय में ले जाने पर न्यायालय द्वारा संसद से स्पष्टीकरण माँगा है और संसद ने सर्वसम्मत से न्यायालय द्वारा भेजे गए किसी भी नोटिस का जवाब नहीं देने का तथा इस संबंध में न्यायालय को किसी भी प्रकार की अभिक्रिया न देने का निर्णय करना है। भारत में सशक्त न्यायपालिका, अल्पसंख्यक आयोग, पिछडा वर्ग आयोग आदि सरकारी संस्थाएँ मौजूद हैं, जो मानवाधिकारों के आर्थिक और सामाजिक पक्ष की प्रतिष्ठा के लिए प्रयासरत हैं, किंतु इसके दोषपूर्ण कार्यान्वयन से मानवाधिकार के हनन की घटनाएँ आम बन गई हैं। भारत में अस्पृश्यता विद्यमान है, बँधुआ मजदूरी विद्यमान है, बाल-श्रमिकों से काम कराया जा रहा है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, पुलिस की बर्बरता जारी है। भारत में पुलिस की छवि आम जनता के मनो-मस्तिष्क में अत्यंत विकृत रूप में है। वस्तुतः अपराध को रोकने वाले संस्थान न्यायालय पदलोलुप और धनलोलुप हो गए हैं। भारत में जो शक्तिशाली है उन्हें ही भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता खुले रूप में प्राप्त है। इस प्रकार कमजोर को अपराधी कर दिया जाता है। पुलिस-तंत्र, जो अपराध के ढाँचे का प्रमुख अवयव है अपराध-यंत्र के चालू होते ही मानवीय मूल्यों को चीरने लगता है।

आज भारत में मानवाधिकार के हनन के विभिन्न रूप विद्यमान हैं, जो आए-दिन मीडिया के माध्यम से आम जनता तक पहुँचते रहते हैं। इनके अंतर्गत चोरी, डाका, अपहरण, हत्या, अपमान, वेश्यावृत्ति, आतंकवाद, बलात्कार, उग्रवादियों द्वारा निरीहों की हत्या, जातीय व भाषाई तनाव, अलगाववाद आदि आते हैं। इसी प्रकार हमारे यहाँ पुलिस मुठभेड की संख्या में भी अप्रत्याशित वृद्धि होती जा रही है। कुल मिलाकर शक्ति का दुरुपयोग, अधिकारों का हनन, प्रताडना, भय और निरंकुशता का खतरा भारतीय परिवेश में व्याप्त हो गया है एमनेस्टी इंटरनेशनल सन् 1961 में लंदन में स्थापित एक ऐसी संस्था है, जिसका दावा है कि वह दुनिया भर में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए सजग प्रहरी का काम करती है।

150 देशों में लगभग 3 लाख कार्यकर्ता समाचार-पत्रों, टीवी, चैनलों, स्वयं सेवी संस्थाओं, जागरूक बुद्धिजीवियों तथा लेखकों के माध्यम से प्रत्येक देश में ऐसी जानकारी एकत्र करते हैं, जिससे संबद्ध देश की सरकार तथा अन्य एजेंसियों द्वारा मानवाधिकार के हनन का मामला बनता है। यह संस्था प्रतिवर्ष एक रिपोर्ट प्रकाशित करती है, जिसमें प्रत्येक देश के बारे में उपर्युक्त घटनाओं का ब्योरा रहता है। इस संस्था के पास कोई कानूनी अधिकार तो नहीं है, परंतु यह मानवाधिकार हनन के विरूद्ध विश्व- जनमत तैयार करती है। विभिन्न देशों में सरकार विरोधी उग्रवादी संगठन एमनेस्टी से सीधे संबंध बनाए रखते हैं। इस संस्था ने पिछले कई वर्षों से भारत में पंजाब तथा कश्मीर मामले में लगातार ऐसी रिपोर्ट प्रकाशित की हैं जिसमें भारत की सुरक्षा एजेंसियों पर इन राज्यों में अत्याचार के आरोप लगाए गए हैं ।

भारत ने हर बार ऐसी रिपोर्ट का खंडन किया है और हर बार अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए इसके विरुद्ध तीव्र विरोध और रोष प्रकट किया है। अतीत में कई वर्षों तक इस संगठन का भारत के प्रति रवैया विद्वेषपूर्ण रहा है। आज संगठन द्वारा उन लोगों के मामले नहीं उठाए जाते जो हिंसक गतिविधियों में लिप्त हैं तथा निर्दोष आम जनता की हत्या कर मानवाधिकार का उल्लंघन कर रहे हैं। इस नकारात्मक रवैए के कारण भारत ने इस संगठन का देश में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया था, किंतु इस संगठन और 'एशिया वाच' जैसे मानवाधिकार संगठनों पर लगाए गए प्रतिबंधों को विश्व समुदाय संदेह की दृष्टि से देखने लगा था। फलतः भारत ने इस संगठन को अपने देश में प्रवेश की इजाजत दे दी। हाल के वर्षों में प्रकाशित रिपोर्ट में एमनेस्टी ने आतंकवादियों और उग्रवादियों को जहाँ मानवाधिकारों के हनन का दोषी माना है, वहीं पुलिस-मुठभेड़ में हुई मौतों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। ❑

वैदिक वाङःमय और पर्यावरण संस्कृति

कुशमाण्डे आर्य, अंशकालिक प्रवक्ता, समाजशास्त्र विभाग

पर्यावरण एक व्यापक शब्द है। यह उन सम्पूर्ण शक्तियों, परिस्थितियों एवं वस्तुओं का योग है, जो भारत जगत को परावृत करती है तथा उनके क्रियाकलापों को अनुशासनित करती है। हमारे चारों ओर जो विराट प्राकृतिक परिवेश व्याप्त है उसे ही हम पर्यावरण करते हैं। परस्परावलबी संबंध का नाम पर्यावरण है। हमारे चारों और जो भी वस्तुएं परिस्थितियां एवं शक्तियाँ विद्यमान हैं वे सब हमारे क्रियाकलापों को प्रभावित करती है और उसके लिए एक दायरा सुनिशिचित करती है। इसी दायरे को हम पर्यावरण कहते हैं। यह दायरा व्यक्ति, गाँव, नगर, प्रदेश, महाद्वीप, विश्व अथवा सम्पूर्ण सौरमण्डल या ब्रह्मांड हो सकता है इसीलिए वैदिकालीन मनीषियों ने द्युलोक से लेकर व्यक्ति तक समस्त परिवेश के लिए शान्ति की प्रार्थना की है। शुक्ल यर्जुवेद में ऋषि प्रार्थना करता है द्यौः शान्तिरंतरिक्षं.... इसलिए वैदिक काल से आज तक चिन्तकों और मनीषियों द्वारा समय-समय पर पर्यावरण के प्रति अपनी चिंता को अभिव्यक्त कर मानव-जाति को सचेप्त करने के प्रति अपने उत्तरदायित्त्व का निर्वाह किया गया है।

इस प्रकार द्युलोक से लेकर पृथ्वी के सभी जैविक और अजैविक घटक सन्तुलन की अवस्था में रहें; अदृश्य आकाश (द्युलोक) नक्षत्रयुक्त दृश्य आकाश (अन्तरिक्ष) पृथ्वी एवं उसके सभी घटक जल, औषधियाँ, वनस्पतियां सम्पूर्ण संसाधन (देव) एवं ज्ञान सन्तुलन की अवस्था में रहे तभी व्यक्ति और विश्व, शान्त एवं सन्तुलन में रह सकता है। प्रकृति में हमें जो कुछ भी परिलक्षित होता है, सभी सम्मिलित रूप में पर्यावरण की रचना करते हैं। जैसे—जल, वायु, मृदा, पादप और प्राणी आदि। अर्थात जीवों की अनुक्रियाओं को प्रभावित करने वाली समस्त भौतिक और जीविय परिस्थितियों का योग पर्यावरण है। इसलिए विद्वानों का मत है कि प्रकृति ही मानव का पर्यावरण है और यही संसाधनो का भंडार है।

वैदिक ऋषियों ने उन समस्त उपकारक तथ्यों को देख कहकर उनके महत्व को प्रतिपादित तो किया ही है, साथ ही मनुष्य के जीवन में उनके पर्यावरणीय महत्व को भी भलि-भाँति स्वीकार किया है। इन देवताओं के लिए मनुष्य का जीवन ऋणी हो गया और शास्त्रीय कल्पनाओं ने मनुष्य को पितृऋण के साथ साथ देवऋण से भी उन्मुक्त होने की और संकेत किया है। वह अपने कर्त्तव्य में देव ऋण से मुक्त होने के लिए भी कर्तव्य करें। ऋषियों ने उसके लिए यह मर्यादा स्थापित की है। पर्यावरण को सन्तुलित रखने के लिए जिन देवताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनमें-सूर्य, वायु, वरूण (जल) एवं अग्नि देवताओ से रक्षा की कामना की गई। ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में दिव्य, पार्थिव और जलीय देवों से कल्याण की कामना स्पष्ट रुप से उल्लिखित है। आधुनिक चिन्तन में पर्यावरण के दो भेदों का ही वर्णन मिलता है। वे हैं—

1. भौतिक व प्राकृतिक पर्यावरण-इसके अन्तर्गत वे तत्व सम्मिलित होते हैं। जो जैव-मण्डल का निर्माण करते हैं।
2. सांस्कृतिक या मानवीय पर्यावरण इसमें आर्थिक क्रियायें, धर्म, अन्धविश्वास, आवासीय दशायें एवं राजनीतिक परिस्थितियाँ आदि सम्मिलित हैं। इस प्रकार यह तथ्य वैदिक और आधुनिक चिन्तन से स्वयं स्पष्ट होता है कि प्राणी-जगत का प्रभावित करने वाले पर्यावरणीय तत्व देव केवल पार्थिव ही नहीं हैं अपितु उनका स्थान अंतरिक्ष और भूलोक भी है। वैदिक ऋषियों ने उन सभी से प्राणियों की मंगल-कामना एवं सुरक्षा चाही है। ❑

तकनीक से पस्त होती दुनिया

डॉ. विशाल शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग

कुछ समय पहले तकनीक सबसे अच्छा उद्योग था। हर कोई गूगल, फेसबुक और ऐपल जैसी कंपनियों में काम करना चाहता था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से , लोगों की मानसिकता बदल गई है। कुछ लोग । प्रौद्योगिकी उद्योग को तंबाकू उद्योग जैसा मानने लगे हैं-ऐसे निगम जो अरबों डॉलर की विनाशकारी लत लगाते हैं। निश्चित रूप से प्रौद्योगिकी उद्योग से जुड़े लोग, जो वास्तव में इस दुनिया को बेहतर बनाना चाहते हैं, इस रास्ते पर जाना नहीं चाहते। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वे अपनी कंपनियों को समाज से खारिज होने से बचाने के लिए कोई तीन जरूरी कदम उठा सकते हैं।

बड़ी 'प्रौद्योगिकी कंपनियों को लेकर मुख्यतः तीन आलोचनाएं हैं। पहला तो यही कि ये युवाओं को बर्बाद करती हैं। सोशल मीडिया अकेलेपन को खत्म करने का वायदा करता है, पर वास्तव में यह एकांत में वृद्धि करता है! इसके कारण सामाजिक बहिष्कार को लेकर एक तीव्र जागरूकता पैदा होती है। संदेश भेजने वाली तकनीक और अन्य प्रौद्योगिकियां आपको अपने सामाजिक संबंधों पर ज्यादा नियंत्रण प्रदान करती हैं, लेकिन दुनिया के साथ वास्तव में बहुत कम संलग्नता और बहुत कम बातचीत की तरफ प्रवृत्त करती हैं। -

जैसा कि जीन ट्विज ने अपनी किताब और आलेखों में दर्शाया है, जबसे स्मार्टफोन का प्रसार बढ़ा है, किशोर उम्र के बच्चों में दोस्तों के साथ बाहर निकलने या डेट पर जाने या फिर कुछ काम करने की दिलचस्पी कम हो गई है। आठवीं क्लास का बच्चा, जो सोशल मीडिया पर हफ्ते में दस घंटे से ज्यादा समय बिताता है, उसके उन बच्चों के, मुकाबले 56 फीसदी ज्यादा नाखुश रहने की संभावना होती है जो कम समय व्यतीत करते है। आठवीं क्लास का वह बच्चा, जो सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा समय बिताता है, उसके अवसादग्रस्त होने का खतरा 27 फीसदी बढ़ जाता है। जो किशोर दिन में तीन घंटे या उससे ज्यादा समय इलैक्ट्रिक उपकरणों के साथ बिताता है, उसके आत्महत्या करने का 35 फीसदी ज्यादा जोखिम होता है, संभवतः वह यह योजना बनाता है कि इसे कैसे करना है। तकनीक से बहुत ज्यादा प्रभावित लड़कियों ने अवसादग्रस्त लक्षणों में 50 फीसदी वृद्धि का अनुभव किया है।

तकनीक उद्योग की दूसरी खामी यह है कि यह पैसा कमाने की लत पैदा कर रहा है। तकनीकी कंपनियां समझती हैं कि कौन-सी चीज मस्तिष्क में डोपेमीन (आनंददायी रसायन, जो बड़ी संख्या में शारीरिक व मानसिक प्रक्रियाओं में शामिल रहता है) बनने का कारण बनती हैं और वे अपने उत्पादों को ऐसी तकनीक से लैस करती है, जो हमें आकर्षित कर अपनी गिरफ्त में कस लेता है। स्नैप करने वाले दास्तों को पुरस्कृत करता है और स्नैपचैट इस प्रकार नशे की लत को प्रोत्साहित करता है। खबरों को बिना सिर-पैर के तैयार किया जाता है, ताकि एक पेज देखने के बाद आप दूसरा पेज खोलें और इसी तरह अगला पेज, इस तरह यह लत व्यवहार का हिस्सा बन जाती है।

तीसरी आलोचना यह है कि ऐपल, अमेजन, गूगल और फेसबुक लगभग एकाधिकार रखते हैं और अपने उपयोगकर्ताओं के निजी जीवन पर हमले के लिए अपनी बाजार शक्ति का इस्तेमाल करते हैं और सामग्री निर्माता और छोटे प्रतिस्पर्धियों पर अनुचित शर्तें थोपते हैं। इस मोर्चे पर राजनीतिक हमला बढ़ रहा है। वामपंथी विचारधारा के लोग तकनीकी कंपनियों पर इसलिए आक्रमण करते हैं क्योंकि ये बड़े निगम हैं, जबकि दक्षिणपंथी लोग इन पर इसलिए हमला कर रहे हैं क्योंकि ये सांस्कृतिक रूप से प्रगतिशील हैं। राष्ट्रीय परिदृश्य पर तकनीकी कंपनियों के रक्षक बहुत कम होंगे।

जाहिर है, तकनीकी कंपनियों के लिए सबसे बेहतर उपाय

है कि आगे आएं और अपने प्रदूषण को साफ करें। टाइम वेल स्पेंट के त्रिस्टान हैरिस जैसे कार्यकर्ता हैं, जो तकनीकी दुनिया को सही दिशा में ले जाने की कोशिश कर रहे हैं।

बड़ी सफलता तभी मिलेगी, जब तकनीकी अधिकारी अपनी असली सच्चाई को स्वीकार करेंगे, उनकी तकनीक काम और खुशी के लिए बेहद उपयोगी है, जिसे सामान्य चेतना की जरूरत है लेकिन वे अक्सर सामाजिक बहिष्कार को जन्म देते हैं और चेतना के गहरे स्वरूपों को नष्ट करते हैं, जो लोगों के लिए जरूरी है।

'ऑनलाइन' (इंटरनेट) मानव संपर्क के लिए एक जगह है, अंतरंगता के लिए नहीं। यह सूचना

की जगह है, प्रतिबिंब के लिए नहीं। यह किसी व्यक्ति या स्थिति के बारे में आपको पहले रूढ़िवादी विचार देता है, लेकिन तीसरे पंद्रहवें या तैतालीसवें विचार के लिए यहां समय और जगह निकालना मुश्किल है। ऑनलाइन खोज की जगह है, लेकिन यह एकजुटता को हतोत्साहित करता है। यह आपका ध्यान खींचता है, लेकिन चीजों को हटाने के लिए उसे विशाल क्षेत्र में फैला देता है।

लेकिन हम तब बहुत खुश होते हैं, जब हम पूरे दिल से अपनी तमाम शक्तियों के साथ किसी एक बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं।''

रब्बी अब्राहम जोशुआ हेचल लिखते हैं कि हम दुनियावी कामकाज से इसलिए अवकाश नहीं लेते हैं कि ज्यादा ताकत के साथ फिर से वापसी करें, बल्कि हम जीवन के निर्णायक क्षणों को जीना। चाहते हैं। वह कहते हैं, काल में सातवां दिन वह महल है, जो हम बनाते हैं। यह आत्मा, आनंद और मितव्ययिता से बना है। काम और प्रौद्योगिकी से अलग हम चेतना की एक भिन्न स्थिति में प्रवेश करते हैं, समय और वातावरण के एक अलग आयाम में, एक खान, जहां आत्मा का कीमती धातु पाया जा सकता है।

कल्पना कीजिए कि हम जीवन की बेहतर चीजें देने का दावा करने के बजाय तकनीक ने खुद को दक्षतापूर्ण उपकरणों के रूप में पेश किया इसके नवाचार छोटे स्तर में हमारा समय बचा सकते हैं, इसलिए हम ऑफलाइन हो सकते हैं और जीवन में बेहतर चीजों का अनुभव कर सकते हैं। ❑

मृत्यु पर विजय की अमिट गाथा

सत्यपाल सिंह लोधी, अंशकालिक प्रवक्ता, हिन्दी विभाग

यमराज को मृत्यु का देवता माना जाता है। माना जाता है कि यमलोक की शासन-व्यवस्था यमराज ही देखते हैं। जब हम यमलोक की चर्चा करते हैं, तो एकदम मृत्यु का भय सताने लगता हैं। इसके साथ ही हमकों भी मृत्यु का भय सताने की आशंका बन जाती है। लेकिन सत्य को भला कौन भयभीत कर सकता है, सत्य तो स्वयं सत्-चित-आनंदस्वरूप है। सत्य को ईश्वर का ही रुप माना गया है। इसलिए सत्य पर चलने वाले व्यक्ति की हमेशा जीत होती है। जैसा कि कहा गया है।—सत्यमेव जयते

नचिकेता एक ऐसा ही सत्यनिष्ठ बालक था, वाजश्रवा ऋषि के तरुण पुत्र नचिकेता ने जब देखा कि उसके पिता यज्ञ में आए हुए ब्राह्मणों को दूध नहीं देने वाली बूढ़ी व दुबली गायें दान कर रहे हैं, तो उसे बहुत दुख हुआ। उसने सोचा यह तो दान नहीं मिथ्याचरण है। मैं और कुछ तो नहीं कर सकता, पर पिता को इस पाप से बचाने के लिए स्वयं को ही दान की सामग्री के रूप में प्रस्तुत कर सकता हूँ।

ऐसा सोचकर वह अपने पिता से बार-बार प्रश्न करने लगा—''आखिरकार आप मुझे किसको दान कर रहे हैं पिताजी?'' उसका प्रश्न सुनकर वाजश्रवा क्रोधित हो गए और बोले—''जा

मैं तुझे यमदेव को देता हूँ।'' पिता के कथन की सत्यता की रक्षा के लिए नचिकेता ने यमलोक जाने का निश्चय कर लिया। वाजश्रवा ने उसे मनाने का प्रयास किया, परन्तु नचिकेता अपने संकल्प से पीछे हटने को तैयार नहीं था और अंततः वह यमदेव के द्वार पर पहुँच गया।

यमदेव उस समय यमलोक से बाहर गये हुए थे। फिर भी तीन दिन तक भूखे-प्यासे रहकर उसने यमदेव की प्रतीक्षा की। यमदेव आए। उसकी सत्यनिष्ठा से अत्यंत प्रभावित हुए और बोले—''वत्स! तुम मुझसे तीन वरदान माँग लो।'' पहले दो वर माँगते हुए नचिकेता बोला—''भगवान्! मेरे पिताजी का क्रोध शांत हो, वे मुझे पूर्व की भाँति प्रेम करें एवं उन पर उनके द्वारा किए गए दुष्कृत्य का पाप न लगें।'' दूसरा वर उसने यह माँगा कि कृपया मुझे यज्ञ के विज्ञान के विषय में बताएं, जिसको जानकर व्यक्ति स्वर्ग जाने में समर्थ होता है। यमदेव ने तथास्तु कहा। तीसरे वर के रुप में नचिकेता ने माँगा—''भगवान! मुझे मृत्यु और आत्मा का ज्ञान दीजिए।'' एक तरुण बालक के मुख से ऐसा सुनकर यमदेव भी अचंभित रह गए। यम ने इस आखिरी वर को टालने की भरपूर कोशिश की और नचिकेता को मृत्यु रहस्य और आत्मज्ञान के बदले संसार के सारे सुख, ऐश्वर्य देने का प्रलोभन दिया, पर नचिकेता को तो आत्मज्ञान ही चाहिए था। इससे कम उसे कुछ भी मंजूर नहीं था। उसने पीछे न हटने की ठान ली। उसकी सत्यनिष्ठा के सामने यमदेव को भी झुकना ही पड़ा। यह प्रलोभन भी यमदेव द्वारा नचिकेता की एक कठिन परीक्षा थी, जिससे वह सफल हो गए।

मृत्यु और आत्मा के रहस्य को समझाते हुए यमदेव, नचिकेता से बोले—''वस्स! मनुष्य का शरीर ब्रह्म की नगरी है। आत्मा के रूप में परमात्मा इसी नगरी में मनुष्य के हृदय में निवास करते हैं।

अपनी आत्मा के परमात्मा रूप ब्रह्मरूप का ध्यान करने से व्यक्ति-जन्म-मरण के बंधन से मुक्त हो जाता हैं। शरीर के मरने पर भी आत्मा का नाश नहीं होता; क्योंकि यह आत्मा शाश्वत, सनातन अजर-अमर हैं।''

''परमात्मा का वास क्या सचमुच मनुष्य के हृदय में होता हैं भगवन?''

नचिकेता ने पूछा। ''हाँ वत्स! मनुष्य का हृदय ब्रह्म को पाने का स्थान माना जाता है, क्योंकि आत्मा का निवास स्थान मनुष्य का हृदय है। आत्मा परमात्मा का ही स्वरूप होने के कारण परमात्मा का निवास स्थान भी है। अपने हृदय में भगवान का वास मानने वाला व्यक्ति यह मानता है कि दूसरों के हृदय में भी ब्रह्म इसी तरह विराज रहे हैं। इसलिए वह दूसरों को दुख, पीड़ा नहीं देता। किसी से घृणा भी नहीं करता। सारा जगत ही उसके लिए परिवार (ब्रह्ममय) होता हैं—

अयं निज परोवेति गणना लनघुचेत्साम्।
उदारचरितानाम् तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।

नचिकेता ने पुनः प्रश्न किया—''फिर आत्मसाक्षात्कार आत्मज्ञान प्राप्त करने का क्या मार्ग है भगवन?'' यमराज बोले—''वत्स तुम्हारा प्रश्न बहुत ही सारगर्भित व संपूर्ण मानव समुदाय के लिए उपयोगी है। इसका उत्तर तुम ध्यानपूर्वक सुनो। ''हम इंद्रियों के माध्यम से जगत आदि विषयों के भोग में सुख पाते हैं, परंतु जिसे आत्मसाक्षात्कार, आत्मज्ञान की इच्छा हो उसे विभिन्न योग साधनाओं के माध्यम से अपनी इंद्रियों को विषय-भोगों से हटाने का बार-बार अभ्यास करते है। ऐसा करने से हमारी इन्द्रियाँ विषय भोगों से मुक्त हो जाती है। हृदय की चंचलता सदा के लिए समाप्त हो जाती है। हृदय परम पावन व पारदर्शी हो जाता है। ऐसा होने पर हृदय में स्वयं ही ब्रह्मज्ञान, आत्मवान की अग्नि प्रकट हो उठती है। उसका हृदय ब्रह्म के अखंड प्रकाश से जगमग हो उठता है। फिर जीवन मुक्त हो जाता है। व परम पद का अधिकारी बन जाता है। एक सच्चे शिष्य की भाँति नचिकेता ध्यान से यमदेव की सारी बातें सुन रहे थे। पूर्वजन्मों की तप साधना से उनका हृदय पहले ही धुल चुका था। अब मानो उस हृदय में ब्रह्म की अग्नि धधक उठी थी।

खुशी होकर वह अपने घर लौट आए। उनको देखते ही उनके पिता ने उनको अपनी गोद में भर लिया। पुत्र की सत्यनिष्ठा और आत्मज्ञान पाने की उत्कंठा देखकर व अब उसके आत्मज्ञान प्राप्त कर लेने पर स्वयं भी आत्मविभोर थे और आनंदित थे, नचिकेता, अपने बालपन में ही ऋषि बन चुके थे। ❑

पुस्तकालय

के.के. श्रीवास्तव, पुस्तकालय प्रभारी

पुस्तकालय वह स्थान है जहाँ विविध प्रकार के ज्ञान, सूचनाओं, स्रोतों, सेवाओं आदि का संग्रह रहता है। पुस्तकालय शब्द अंग्रेजी के लाइब्रेरी शब्द का हिंदी रूपांतर है। लाइब्रेरी शब्द की उत्पति लेटिन शब्द 'लाइवर' से हुई है, जिसका अर्थ है पुस्तक। पुस्तकालय का इतिहास लेखन प्रणाली पुस्तकों और दस्तावेज के स्वरूप को संरक्षित रखने की पद्धतियों और प्रणालियों से जुड़ा है।

पुस्तकालय शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है– पुस्तक और आलय। पुस्तकालय उस स्थान को कहते हैं जहाँ पर अध्ययन सामग्री (पुस्तकें, फिल्म, पत्र-पत्रिकाएँ मानचित्र, हस्तलिखित ग्रंथ, ग्रामोफोन रेकार्ड एव अन्य पठनीय सामग्री) संगृहीत रहती है और इस सामग्री की सुरक्षा की जाती है। पुस्तकों से भरी अलमारी अथवा पुस्तक विक्रेता के पास पुस्तकों का संग्रह पुस्तकालय नहीं कहलाता क्योंकि वहाँ पर पुस्तकें व्यावसायिक दृष्टि से रखी जाती हैं। चीन के राष्ट्रीय पुस्तकालय में लगभग पाँच करोड़ पुस्तकें हैं और यहाँ के विश्वविद्यालय में भी विशाल पुस्तकालय हैं। इंपीरियल कैबिनो लाइब्रेरी के राष्ट्रीय पुस्तकालय की स्थापना 1881 ई. में हुई थी। इसके अतिरिक्त जापान में अनेक विशाल पुस्तकालय हैं। 1713 ई. में अमरीका के फिलाडेलफिया नगर में सबसे पहले चंदे से चलनेवाले एक सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना हुई। लाइब्रेरी ऑव कांग्रेस अमरीका का सबसे बड़ा पुस्तकालय है। इसकी स्थापना वाशिंगटन में सन् 1800 में हुई थी। इसमें ग्रंथों की संख्या साढ़े तीन करोड़ है। पुस्तकालय में लगभग 2,400 कर्मचारी काम करते हैं। समय समय पर अनेक पुस्तकों का प्रकाशन भी यह पुस्तकालय करता है और एक साप्ताहिक पत्र भी यहाँ से निकलता है। अमरीकन पुस्तकालय संघ की स्थापना 1876 में हुई थी और इसकी स्थापना के पश्चात पुस्तकालयों, मुख्यतः सार्वजनिक पुस्तकालयों, का विकास अमरीका में तीव्र गति से होने लगा। सार्वजनिक पुस्तकालय कानून सन् 1849 में पास हुआ था और शायद न्यू हैंपशायर अमरीका का पहला राज्य था जिसने इस कानून को सबसे पहले कार्यान्वित किया। अमरीका के प्रत्येक राज्य में एक राजकीय पुस्तकालय है। सन् 1885 में न्यूयार्क नगर में एक बालपुस्तकालय स्थापित हुआ। धीरे-धीरे प्रत्येक सार्वजनिक पुस्तकालय में बालविभागों का गठन किया गया। स्कूल पुस्तकालयों का विकास भी अमरीका में 20वीं शताब्दी में ही प्रारंभ हुआ। पुस्तकों के अतिरिक्त ज्ञानवर्धक फिल्में, ग्रामोफोन रेकार्ड एवं नवीनतम आधुनिक सामग्री यहाँ विद्यार्थियों के उपयोग के लिए रहती है। आस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध शहर कैनबरा में राष्ट्रसंघ पुस्तकालय की स्थापना 1927 में हुई। वास्तव में पुस्तकालय आंदोलन की दिशा में यह क्रांतिकारी अध्याय था। मेलबोर्न में विक्टोरिया पुस्तकालय की स्थापना 1853 में हुई थी। विभिन्न पुस्तकालयों का अपना क्षेत्र और उद्देश्य अलग अलग होता है और वह अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए अनुकूल रूप धारण करते हैं। इसी के आधार पर इसके अनेक भेद हो जाते हैं जैसे- राष्ट्रीय पुस्तकालय, सार्वजनिक पुस्तकालय, व्यावसायिक पुस्तकालय, सरकारी पुस्तकालय, चिकित्सा पुस्तकालय और विश्वविद्यालय तथा शिक्षण संस्थाओं के पुस्तकालय आदि। ❑

चार पत्नियाँ

कु. काजल, बी.काम. द्वितीय वर्ष

शहर में एक व्यापारी अपनी चार पत्नियों के साथ रहता था। वह चौथी पत्नी से ज्यादा प्यार करता था। वह तीसरी पत्नी से भी प्यार करता था उसे उस पर बहुत गर्व था लेकिन वह उसे अपने मित्रो से दूर रखता क्योंकि उसे डर था कि वो उसे छोड़कर किसी दूसरे आदमी के साथ भाग न जाए। वही दूसरी पत्नी उसकी बहुत देखभाल करती थी। और व्यापारी उस पर काफी भरोसा करता था व्यापारी की पहली पत्नी बहुत वफादार थी लेकिन वो उससे प्यार नही करता। ना तो उसे देखता और ना उसकी देखभाल करता। एक दिन व्यापारी बीमार पड़ गया उसकी बीमारी लम्बे समय तक चलती गई। और व्यापारी को लगा कि वह मरने वाला है। उसने अपने जीवन के बारे मे सोचा और खुदा से कहा कि मेरी चार पत्नियाँ है! लेकिन मरूँगा अकेला ही कितना अकेला हूँ मैं...

- तब उसने अपनी चौथी पत्नी की बुलाया और पूछा कि तुमसे मैं सबसे ज्यादा प्यार करता हूँ मँहगे कपड़े और स्वादिष्ट मिठाई खरीदकर देता हूँ अब में मरने वाला हूँ तो क्या तुम मेरा साथ दोगी और मेरे साथ चलोगी! पत्नी ने कहा, बिल्कुल नही.....
- अब व्यापारी ने तीसरी पत्नी को बुलाया और कहा अब जब में मरने वाला हूँ तो क्या तुम मेरा साथ दोगी।
  'यहाँ जिन्दगी बहुत अच्छी है, तीसरी पत्नी ने जबाव दिया।
- तब उसने दूसरी पत्नी को बुलाया और पूछा जब मैं मर जाऊँगा तो क्या तुम मेरा साथ दोगी मेरे साथ चलोगी। तीसरी पत्नी ने जवाब दिया।
  'मुझे माफ करना
- तब एक आवाज आई 'मैं तुम्हारा साथ दूंगी और तुम्हारे साथ चँलूगी जहाँ तुम जाओगें, व्यापारी ने देखा ये पहली पत्नी की आवाज थी।
- दरअसल हम सबके जीवन में चार पत्नियाँ होती है चौथी पत्नी हमारा 'शरीर' होता है तीसरी पत्नी हमारी 'सम्पत्ति' होती है। हमारी दूसरी पत्नी हमारा 'परिवार और मित्र' होते है हमारी पहली पत्नी हमारी 'आत्मा' होती है संसारिक खुशियो के लिए जिसकी हम अपेक्षा करते है।
  केवल यही वर चीज है जो हमारा साथ देगी और जहाँ हम जाएगे हमारे साथ-साथ जाएगी इसीलिए हमे अपने सम्बन्धो को मजबूत करना चाहिए और इसकी देखभाल करनी चाहिए।
  परवाह उनकी मत करो, जिनका विश्वास वक्त के साथ बदल जाए।
  परवाह सदा उनकी करो, जिनका विश्वास तब भी आप पर रहे जब आपका वक्त बदल जाए। ❑

मेहनत का फल

निक्की कुमारी, बी.कॉम. प्रथम वर्ष

मेहनत का फल हमेशा मिलता है। यदि कोई किसान भी अपने खेतों में मेहनत करता है तो उसकी मेहनत का फल उसे जरूर मिलता है। अगर हम भी अपनी मेहनत से कोई काम करेगे तो हमें उस मेहनत का फल जीवन में एक ना एक दिन अवश्य मिलता है। इसलिए हमें कोई भी कार्य करना हैं तो उस कार्य को हमें बड़ी श्रद्धा और लगन के साथ करना चाहिए जैसे पढ़ाई।

मैने बचपन में जो भी देखा है, सुना है, और पढ़ा भी है कि जितने भी छात्र-छात्राएँ है वे अपनी मेहनत से कोई कार्य करना नहीं चाहते बल्कि दूसरों पर विश्वास करते है, और भरोसा भी रखते है वह उन पर इतना भरोसा रखते है कि परीक्षा के समय या परीक्षा में अपने प्रश्न का उत्तर सही होते हुए भी उनके कहने पर अपना उत्तर गलत कर देते है! यह बिल्कुल गलत है! हमें हमेशा कोई कार्य करना हैं तो अपनी मेहनत और अपने ऊपर विश्वास रखना चाहिए,

दूसरों के भरोसे नही रहना चाहिए!

ईश्वर में स्वयं कहा है—"मेहनत का फल हमेशा मीठा होता है।" ❑

नौकरी

कु. अंजू, बी.सी.ए. तृतीय वर्ष

बड़ी हसीन होगी तू ऐ! नौकरी
सारे युवक आज तुझपे ही मरते है,
सुख चैन खोकर चटाई पर सोते है,
सारी रात जगकर पन्ने पलटते है।
दिन में तहरी, रात को मैगी,
आधे पेट ही खाकर तेरा नाम जपते है,
सारे युवा आज तुझपे ही मरते है।
अंजान शहर में छोटा रास्ता रूम लेकर,
किचन बैड रूम सब उसी में सहेज कर,
चाहत मैं तेरी अपने माँ-बांप और
दोस्ती से दूर रहते है,
सारे युवा आज तुझपे ही मरते है।
राशन की गठरी सिर पे उठाये,
अपनी मायूसी और मजबूरियाँ खुद ही छुपाये,
खचाखच भरी ट्रेन में बिना
टिकट के रिस्क लेके आज सफर करते है,
सारे युवा आज तुझपे ही मरते है।
इन्टरनेट अखबारो में तुझको तलाशते है,
तेरे लिए पत्र पत्रिकाएँ पढ़ते-पढ़ते
तीस साल तक के जवान कुँवारे फिरते है,
तू किसनी हसीन है ऐ! नौकरी
सारे युवा तुझपे ही मरते है... ॥ ❑

जिंदगी

लोकेश कुमार, बी.काम. द्वितीय वर्ष

बड़ी अजीब सी है। ये जिदंगी।
जो चाहा कभी पाया नही और जो पाया वो कभी सोचा नही और जो सोचा वो कभी मिला नही।।
जो खोया हुआ है। वह याद आता है।
और जो पाया है। वह सम्भाला जाता नही।।
क्युँ अजीब सी है। ये जिंदगी, कोई सुलझा पाता नही जीवन में कभी समझौता करना पड़े। तो कोई बड़ी बात नही।
क्योंकि झुकता वही है, जिसमे जान होती है। अकड़ तो मूर्खता की पहचान होती है।
जिंदगी जीने के दो तरीके होते है।
पहला जो पसंद आये उसे हासिल करना सीखे
और जो पसंद आये उसे हासिल करना सीखे
और जो हासिल है। उसे पसंद करना सीखो।।
जिंदगी जीना आसान नही होता।।
बिना संघर्ष के कोई महान नही होता।।
जब तक ना पड़े हथोड़ो की चोट
पत्थर भी भगवान नही होता।
जिंदगी बहुत कुछ सिखाती है।
कभी हँसाती है। तो कभी रुलाती है।।
पर जो हर हाल मे खुश रहता है।
जिंदगी उसी के आगे सर झुकाती है।
चेहरे की हँसी से हर गम छुपाना है।
बहुत कुछ बोलना पर कुछ न छिपाना
खुद न रुठो पर सबको मनाना
बस जीते चले जाना। बस जीते चले जाना।।
बड़ी अजीब सी है ये जिन्दगी.....❑

माता-पिता एक वृक्ष की तरह

शक्ति सिंह, बी.कॉम. तृतीय वर्ष

एक बच्चे को आम का पेड़ बहुत पंसद था जब भी फुर्सत मिलती वो आम के पेड़ के पास पहुँच जाता।

पेड़ के ऊपर चढ़ता, आम खाता, खेलता और थक जाने पर उसी की छाया मे सो जाता उस बच्चे और आम के पेड़ के बीच एक अनोखा रिश्ता बन गया।

बच्चा जैसे-जैसे बड़ा होता गया वैसे-वैसे उसने पेड़ के पास आना कम कर दिया कुछ समय बाद तो बिल्कुल ही बंद कर दिया आम का पेड़ उस बालक को याद करके अकेला रोता एक दिन अचानक पेड़ ने उसे अपनी तरफ आते देखा और पास आने पर कहा ''तु कहा चला गया था। मैं रोज तुम्हे याद करता था। चलो आज फिर से दोनो खेलते है। बच्चे ने आम के पेड़ से कहा मेरी उम्र अब खेलने की नही और अब मैं बड़ा हो गया अब मैं पढ़ना चाहता हूँ पर पढ़ने के लिए पैसे नही है। तो आम ने कहा तु मेरे सारे आम तोड ले और इन्हें बाजार मे बेचे दे इससे जो पैसे मिले अपनी फीस भर देना उस बच्चे ने आम के पेड से सारे आम तोड लिए और उन सब आमो को लेकर वहा से चला गया उसके बाद फिर कभी दिखाई नही दिया।

आम का पेड उसकी राह देखता रहता एक दिन वो फिर आया और कहने लगा'' अब मुझे नौकरी मिल गई है। मेरी शादी हो चुकी है। मुझे मेरा अपना घर बनाना है। इसके लिए मेरे पास पैसे नही है आम के पेड ने बड़ी दुःख से कहा ''तु मेरी सभी डाली को काट कर ले जा

उस जवान ने पेड़ की सभी डाली काट ली और ले के चला गया आम के पेड़ के पास अब कुछ नही था पेड़ बिल्कुल बंजर हो गया था कोई उसे देखता भी नही था। पेड़ ने भी अब वो बालक/जवान उसके पास फिर आयेगा यह उम्मीद छोड़ दी थी। फिर एक दिन अचानक वहाँ एक बूढ़ा आदमी आया उसने आम के पेड़ से कहा'' शायद आपने मुझे नही पहचाना, मैं वही बालक हूँ जो बार-बार आपके पास आता और आप हमेशा अपने टुकड़े काटकर भी मेरी मदद करते थे।

आम के पेड ने दुःख के साथ कहा पर बेटा मेरे पास अब ऐसा कुछ भी नही जो मैं तुम्हें दे सकूँ वृद्ध ने आँखों में आँसु लिए कहा

आज मैं आपसे कुछ लेने नही आया हुँ बल्कि आज तो मुझे आपके साथ जी भरके खेलना है। आपकी गोद में सर रखकर सो जाना है। इतना कहकर वो आम के पेड़ से लिपट गया और फिर से अंकुरित हो उठी।

वो आम का पेड़ कोई और नही हमारे माता पिता है। दोस्तो जब छोटे थे। उनके साथ खेलना अच्छा लगता था जैसे-जैसे बडे होते चले गये उनसे दुर होते गये पास भी तब आये जब कोई जरूरत पड़ी कोई समस्या खड़ी हुई आज कई माँ-बाप उस बंजर पेड़ की तरह अपने बच्चो की राह देख रहे है। जाकर उनसे लिपटे उनके गले लग गये।

फिर देखना वृद्धावस्था में उनका जीवन फिर से अंकुरित हो उठेगा। ❑

गंगा प्रदुषण-कारण एव निवारण

नीरज भारती, बी.कॉम. तृतीय वर्ष

ब्रहाजी के कमण्डल में संरक्षित भागीरथी राजा भागीरथ तपस्था से प्रसन्न होकर भगवान शिव जी की लटाओ में वास करती हुई पृथ्वी पर अवतरित हुई वह अपने पूर्वजो की मुक्ती करा पाये माँ गंगा पृथ्वी वासियो के लिए अमृत तुल्य है उत्तराखण्ड से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश मे होती हुई बिहार तथा पश्चिम बंगाल का सींचन करती हुई हमारी जीवन दायनी बन गई है इसके किनारे पर अनेक नगर वसे हुए है जिसमे हमारा अनूपश हर भी आता है इसे छोटी काशी कहा जाता है इसके अमृत समान जल को गंगा जल कहते है हमारी सभी धार्मिक पूजा बिना गंगा जल के संभव नही है हमारे पूरे श्रवण मास मे शिव जी पर गंगा जल ही चढ़ता है यहा तक मृत्यु के समय व्यक्ति के मुँह में गंगा जल ही डाला जाता है कहा जाता है कि गंगा स्नान से मन शुद्ध होता है गंगा जल की अनेक विशेषताए है गंगा जल मे कभी कीड़े नहीं पड़ते जो जल इतना पवित्र और पावन है उसे आज पृथ्वी वासियों ने अपने स्वार्थ के कारण इतना गंदा कर दिया है कि आज गंगा जल काला प्रतित होता है

गंगा प्रदूषण के कारण– गंगा किनारे बसे नगरों का गंदा नाला (सीवेज) गंगा में पड़ता है हवनों की राख मृतक व्यक्तियों का द्वाह संस्कार गंगा किनारे किया जाता है गणेश पूजा के दौरान रासायनिक पेंट लगी हुई मूतियों का विसर्जन गंगा जल को प्रदुषित करता है गंगा जल को शुद्व करने वाले जलीय जीव जैसे कछुआ एव मछली का गंगा में स्नान करते समय साबुन शैम्पू का प्रयोग करना गंगा और मृतक व्यक्तियों के शरीर की राख को प्रवाहित करना आदि।

गंगा प्रदूषण के निवारण– गंगा किनारे दाह संस्कार पर रोक लगना गंगा किनारे शमशान घाट बनवाना मूर्तियों को गंगा में विसर्जित करने की जगह उन्हें धरती में गाढ़ना चाहिए, गंगा में साबुन शेम्पू का प्रयोग न किया जाये। गंगा जल को प्राकृतिक रूप से शुद्ध करने वाले जलिय जीव जैसे कछुआ एव मछली अवैध शिकार होने के कारण गंगा में समाप्त होते जा रहे है। हवन की राख आदि गंगा में न डाली जाती है मूर्तियों पर प्राकृतिक रंग का प्रयोग किया जाना चाहिए गंगा द्वारा छोड़ी गई जगह पर प्रतिबन्ध लगाया जाना चाहिए

यदि हम सब अपने-अपने स्वार्थ को त्यागकर यह प्रण कर लें कि हमें अपने क्षेत्र में न गंगा को प्रदूषित करेंगे न करने देगें और न ही प्रदूषित बहने देगें तो सदा नीरा पूर्ण सलिला माँ गंगा युगों-युगों तक हम सबका कल्याण करती रहेंगी।

"जल है तो जीवन है जीवन है तो जहाँ है" ❑

वो वीर

काजल तौमर, बी.कॉम. प्रथम वर्ष

हर पल मौसम बदलते होंगे।
वो वीर फिर भी कदम से कदम, मिलकर चलते होगे।।
इतने रंगो में कुछ रंग, लहू के भी होगे।
कितना ही अंधकार छा जाए,
आशा के दियो से रोशनी करते होगे।
कितने ही तूफा आए, फिर भी वो वीर सरहद की रक्षा करते होगे।
जिंदगी को अपनी मौत के हवाले
वो वीर रोज करते होगे।।
हर पल मौसम बदलते होगे
वो वीर फिर भी कदम
मिलाकर चलते होंगे। ❑

जौं के दाने

सुरभि शर्मा, बी.ए. द्वितीय वर्ष

एक भिखारी सुबह-सुबह भीख मांगने निकला। चलते समय उसने-अपनी झोली में जौं के मुट्ठी भर दाने डाल दिए। उसका मानना था कि इससे शगुन अच्छा होता है, भिक्षा अच्छी मिलती है। थैली देखकर दूसरों को भी लगाता है कि इसे पहले से किसी ने दे रखा है। पूर्णिमा का दिन था, भिखारी सोच रहा था कि आज ईश्वर की कृपा होगी, तो मेरी झोली शाम से पहले ही भर जाएगी। अचानक समाने से राजपथ पर उसी देश के राजा की सवारी आती दिखाई दी। भिखारी खुश हो गया। उसने सोचा, राजा के दर्शन और उनसे मिलने वाले दान से सारे दरिद्र दूर हो जांएगे। जैसे ही राजा का रथ भिखारी के निकट आया, राजा ने अपना रथ रूकवाया और उतर कर उसके निकट पहुंचे। भिखारी की तो मानो सांसे ही रूकने लगीं। पर राजा ने उसे कुछ देने के बदले उलटे अपनी बहुमूल्य चादर उसके सामने फैला दी। भिखारी सोच में डूबा था कि राजा ने पुनः याचना की। भिखारी ने अपनी झोली में हाथ डाला, मगर सदैव दूसरों से लेने वाला मन देने को राजी नहीं हो पा रहा था, जैसे-तैसे उसने दो दाने जौ के निकाले और उन्हें राजा की चादर पर डाल दिया। उस दिन भिखारी को रोज से अधिक भिक्षा मिली। शाम को जब उसने झोली पलटी, तो आश्चर्य की सीमा न रही, जो जौ वह ले गया था, उसके दो दाने सोने के हो गए थे। उसे समझ आया कि यह दान की ही महिमा के कारण हुआ है। वह पछताया कि काश! उस समय राजा को और अधिक जौ दी होती, तो और लाभ मिलता। पर वह दो दाने से अधिक नहीं दे सका, क्योंकि उसमें देने की आदत जो नहीं थी। ❑

गुरू का ज्ञान

पिंकी, बी.ए. प्रथम वर्ष

गुरू के बिना ज्ञान नही,
ज्ञान के बिना कोई महान नही
भटक जाता है जब इसांन,
तब गुरू ही देता है ज्ञान
ईश्वर के बाद अगर कोई है,
तो वो गुरू है।
दुनियाँ से वाकिफ जो कराता है,
वो गुरू है।
हमें अच्छ इसांन जो बनाता है,
वो गुरू है।
बिना गुरू के जिंदगी आसान नही,
हमारी कमियों को जो बताता है,
वो गुरू है।
हमें इंसानियत जो सिखाता है,
वो गुरू है।
हमें जो हीरे की तरह तराश दे,
वो गुरू है।
हमारे अदंर एक विश्वास जगा दे,
वो गुरू है।
जिसके पास नही है गुरू,
समझ लेना की वो धनवान नही है।
गुरू का महत्व कभी होगा ना कम,
भले कर ले कितनी उन्नति हम।
वैसे तो इंटरनेट पर हर प्रकार का ज्ञान,
पर अच्छे-बुरे की नही उसे पहचान।
गुरू के बिना ज्ञान नही,
ज्ञान के बिना कोई महान नहीं।

❑

धैर्यबान बनो

देवेश तौमर, बी.काम. प्रथम वर्ष

अधीर होने से हमारी मनः स्थिति परिस्थिति को बद से बदतर बना देती है मुश्किल और परिस्थितियाँ इतनी विराट रूप धारण कर लेती है कि हम निर्णय लेने मे अक्षम हो जाते है

पत्रकार (अपने मित्र देव से) पता नही यह लोगो को आजकल जल्दी की बीमारी क्यो लगती जा रही है?

देव– क्या हुआ भाई? जल्दबाजी से इतने परेशान क्यो हो? अरे! तेज-रफ्तार वाली वी शताब्दी के मॉडल हैं हम सब। हमे तो सबकुछ जल्दी ही होता है, खाना जल्दी, नौकरी जल्दी, कमाना जल्दी...

पत्रकार– साथ ही गुस्सा जल्दी परेशान जल्दी, और तो दुर्घटनाएँ जल्दी। पता है आज तो जल्दबाजी के चक्कर मे हाई-वे पर कार का बहुत बुरा ऐक्सीडेंट हो गया कार मे बैठे सभी व्यक्तियों की मृत्यु हो गई।

देव– यह तो बहुत बुरा हुआ–

पत्रकार– हम अब इतने अधीर हो चुके हैं हम कि इंतजार नही कर सकते, भले ही जीवन खतरे मे क्यो न डालना पड़े हमारी अधीरता की छोटी सी झलक देता हूँ-

रिसर्च बताती है कि आजकल हम–

- ❖ लगभग हर 236 मिनट मे अपना फोन खोलकर ई-मेल देख रहे होते है,
- ❖ लगभग हर 48 मिनट मे फोन के मैसेज को चैक कर रहे होते है
- ❖ लगभग हर 39 मिनट मे टविटर अकाउंट चैक करते है
- ❖ लगभग हर 49.25 मिनट में मिस्ड कॉल देख रहे होते है
- ❖ 18 से 24 साल के लोग लगभग हर 10 मिनट मे कोई न कोई गैजेट देख रहे होते हैं।

कठिन परिस्थितियो मे निर्णय लेने की क्षमता बहुत हद तक निर्भर करती है हम कभी-कभी अधीर होकर अवसर ऐसे निर्णय ले बैठते है जो भारी हानि दे जाते है यह सच्ची घटना इसी तथ्य का प्रमाण है-

राकेश एक फ्रोजन फूड बनाने वाली कंपनी मे काम करता एक दिन कुछ सामान उठाने के लिए वह फ्रीजर कम्पाटमेंट मे गया उस कम्पार्टमेंट का दरवाजा ऐसा था जो बंद होने पर केबल बाहर से ही खोला जा सकता था इसलिए जो भी भीतर जाता था तो दरवाजे को अच्छे से खोलकर डाट (stopper) लगाकर जाता था अब क्योंकि ऑफिस का समय खत्म हो गया था राकेश जल्दी मे था उसने शायद डाट को ठीक से नही लगाया और जैसे ही सामान को अन्दर से उठाने गया तो कम्पार्टमेंट का दरवाजा बंद हो गया काम का समय खत्म हो चूका था इसलिए अन्य सभी कर्मचारी भी ऑफिस से निकल चुके थे राकेश ने दरवाजे को खोलने की बहुत कोशिश कि लेकिन दरवाजा नही खुला राकेश ने मोबाइल चैक किया सिग्नल नही आ रहे थे उफ कैसी विपरीत स्थिति बर्फीला कर्म्पाटमेंट लोहे का बंद दरवाजा मोबाइल का काम न करना और किसी को पता भी नही कि अंदर कोई बंद है। पर आज के तेज रफ्तार युग में धैर्य को जानता ही कौन है? इन सब कारणो से उत्पन्न भय ने राकेश को अधिर कर दिया वह बेसब्र हो इधर-उधर दौड़ने लगा, कुछ ही देर बाद राकेश को ठंड लगने लगी शरीर थर-थर काँपने लगा और वह जमीन पर गिर पड़ा अगली सुबह जब दरवाजा खुला तो राकेश को मृत पाया गया। वह दरवाजा एक कर्मचारी ने खोला जो कम्पार्टमेंट का दरवाजा ठीक करने आया था जो पिछले तीन दिन से खराब था और कम्पार्टमेंट के अन्दर एक दीवार पर यह बड़ा-बड़ा लिखा भी था कि दरवाजा खराब है जरा विचार करें-राकेश ने अपने जीवन को क्यो खोया? ठंड के कारण..... नही, धैर्य खोने के कारण।

❑

चुटकुले

रितु चौधरी, बी.एस-सी. तृतीय वर्ष

- अध्यापक- छात्र से- 'बताओ तुम इतिहास पुरूष में सबसे ज्यादा नफरत किससे करते हो।
  बच्चा-राम मोहन राय से
  अध्यापक-क्यू??
  बच्चा-उसी ने बाल विवाह बन्द करवाया था वरना आज हम भी बीबी बच्चे वाले होते।
- लड़का- मै 4 साल का हूँ... और तुम?
  लड़की- मै भी 4 साल की हूँ
  लड़का- तो चले वाइक पर
  लड़की (शर्माते हुए)-कहाँ
  लड़का- पोलियो की ड्राप पीने पगली और कहाँ
- लड़की देखने का कार्यक्रम तय हुआ लड़के वाले बहुत सीधे लोग थे।
  लड़का-आपकी शिक्षा
  लड़की-MF. I.A.S
  लड़के ने आगे डिग्री की Detail यह सोचकर नही पूछी कि कहीं लड़की उसे अशिक्षित ना समझे
  बाद मे वे लोग चले गये।
  शादी के बाद लड़के ने लड़की से पूछा कि ये MF.I.A.S क्या होता है उसने बताया.....
  Matric fail in All Subjects. लड़का 4 दिन से बेहोश है।
- शादी के पहले दिन छोरा Confuse हो रहा था कि पत्नी से कैसे बात शुरु की जाये।
  कमरे में पहुँचा तो 5 मिनट के लिए तो दुल्हन के पास चुपचाप बैठा रहा, उसके बाद धीरे से बोला
  के नाम है तेरा?
  दुल्हन शरमाते हुए बोली
  क्यों, कार्ड में थारी बुआ का नाम लिखवाया था के। ❑

विचार!

तुलसी लोधी, बी.ए. प्रथम वर्ष

- सब को इकट्ठा रखने की ताकत प्रेम मे है, और सबको अलग करने की ताकत वहम में है।
- मन ऐसा रखो कि किसी को थी बुरा न लगे,
  दिल ऐसा रखो कि, किसी को दुःखी न करे,
  रिश्ता ऐसा रखो कि उसका अन्त न हो,
  कोई भी व्यक्ति हमारा शत्रु बनकर संसार में नहीं आता, हमारा व्यवहार और शब्द ही लोगो को मित्र और शत्रु बना देते हैं।
- जिन्दगी हसाएँ, तब समझना कि
  अच्छे कर्मो का फल मिल रहा है,
  और जब जिन्दगी रूलाए, तब समझना कि
  अच्छे कर्म करने का समय आ गया है।
- चलने वाले पैरो में कितना फर्क है, एक आगे है तो एक पीछे,
  पर ना तो आगे वाले का अभिमान है,
  और ना पीछे वाले को अपमान
  क्योकि उन्हें पता है,
  कि ये पलभर में बदलने वाला है
  इसी को जिन्दगी कहते है।
- "अंधेरा वहाँ है जहाँ तन गरीब है,
  अंधेरा वहाँ है जहाँ मन गरीब है....॥
- हजार महाफिलें हो, लाख मेले हों।
  जब आप खुद से न मिलो,
  तब तक अकेले हों...॥
- ना बुरा होगा, ना अच्छा होगा,
